www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 25 सितम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-170 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए



मप्र में कमीशन पाने के लिए दिए जा रहे बड़े ठेके : कमल नाथ 02
■ दिल्ली की सड़क, नालों व पार्कों को ठीक कर सबूत ...
■ डूसू चुनाव के परिणाम दर्शाते हैं कि युवा मोदी जी के ... 03
■ अमेरिका 'विरोधाभासी व्यवहार' छोड़ दे तो ...
■ सोमालिया की सेना ने अल-शबाब के 27... 07
उप्र के सर्वांगीण विकास को सरकार प्रतिबद्ध 9

## सार संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी का भोपाल दौरा आज



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को एक दिवसीय प्रवास पर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल आएंगे। वे यहां जंबूरी मैदान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जंबूरी मैदान पहुंचे और कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

### महाराष्ट्र में बाढ़ प्रभावित परिवारों को मुआवजे की घोषणा



**नागपुर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को 10,000 रुपये और भारी नुकसान झेलने वाले दुकानदारों को 50,000 रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित स्टाल मालिकों को 10,000 रुपए तक देने की घोषणा की। राज्य सरकार सीवेज हटाने के लिए धन भी उपलब्ध कराएगी। सभी आपातकालीन और बचाव टीमों के साथ-साथ प्रशासनिक मशीनरी को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

### मणिपुर से सटी म्यांमार सीमा की फेंसिंग करने की तैयारी



नई दिल्ली। भारत-म्यांमार सीमा के एक बड़े हिस्से पर फेंसिंग करने की योजना पर बैठक हुई। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह और सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों ने फेंसिंग करने की योजना पर एक साथ बैठक की। मुख्यमंत्री द्वारा मीडिया को दिए बयान के बाद इस बैठक का आयोजन किया गया है। बीरेन सिंह ने कहा कि पड़ोसी देश से अवैध आव्रजन और नशीली दवाओं की तस्करी में बढ़ोतरी हुई है। हमारी खुली सीमाओं की सुरक्षा एक तत्काल आवश्यकता बन गई है। सूत्रों की माने तो मणिपुर म्यांमार के साथ 398 किलोमीटर की लंबी सीमा साझा करता है। जिसमें से केवल 6 किमी के आसपास ही फेंसिंग की गई है।

### चंद्रबाबू नायडू की रिमांड बढ़ी



**विजयवाड़ा।** विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने कथित कौशल विकास घोटाले के मामले में टीडीपी प्रमुख और पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू की रिमांड पांच अक्तूबर तक बढ़ा दी है। पहले विजयवाड़ा में एंटी करप्शन ब्यूरो कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री की रिमांड को दो दिनों के लिए बढ़ा दिया था। इसके बाद हाईकोर्ट में भी नायडू की प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध करने वाली याचिका को भी खारिज कर दी थी। नायडू को कौशल विकास निगम के धन का दुरुपयोग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# मप्र व छग में कांग्रेस की जीत पक्की

■ आगामी चुनावों को लेकर राहुल ने किए बड़े दावे
■ महिला आरक्षण लागू करने के समय को लेकर केंद्र सरकार पर किया कटाक्ष

**नई दिल्ली,**24 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगामी चुनावों को लेकर बड़े दावे किए। दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने दावा किया है इसी साल होने वाले पांच राज्यों के चुनावों में कांग्रेस मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव जीत रही है। तेलंगाना जीत सकते हैं। राजस्थान में मुकाबला करीबी हो सकता है, लेकिन उन्हें यकीन है जीत कांग्रेस की ही होगी। कांग्रेस नेता ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण लागू करने के समय को लेकर केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें महिला आरक्षण और दशकीय जनगणना या परिसीमन अभ्यास के बीच कोई संबंध नजर नहीं आता। महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा की 33 प्रतिशत सीटें आबंटित करके महिला आरक्षण विधेयक आज लागू किया जा सकता है। राजनीतिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं राजनीतिक व्यवस्था में उस तरह से हिस्सा नहीं ले रही हैं, जिस तरह उन्हें लेना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पर जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कई हथकंडे अपनाती है। रमेश बिधूड़ी का संसद में दूसरे सांसद को गाली देना और एक देश-एक चुनाव का विचार लाना उन्हीं में से एक है। राहुल ने यह भी कहा कि जब भी संसद में कोई बात रखी जाती है, तो वे ध्यान भटकाने के लिए ऐसी चीजों का इस्तेमाल करते हैं। हमने सीख लिया है, इससे कैसे निपटना है। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी अलायंस इंडिया चीजों के साथ खुद को ढाल रहा है और एक साथ काम कर रहा है। विपक्ष के साथ भारत की 60 प्रतिशत आबादी है। हम निश्चित रूप से 2024 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को सरप्राइज देने वाले हैं। राहुल ने दावा किया कि उनकी पार्टी ऐसी स्थिति में ढल रहे हैं जहां भाजपा मीडिया को नियंत्रित करती है।



राजस्थान में करीबी मुकाबला व तेलंगाना भी जीत सकते हैं : राहुल गांधी

**कर्नाटक चुनाव से बहुत जरूरी सबक सीखा**

कर्नाटक चुनाव से सबक सीखकर पार्टी का नैरेटिव बनाया राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव से बहुत जरूरी सबक सीखा है कि भाजपा ध्यान भटकाती है। वह हमें अपना नैरेटिव बनाने से रोकती रही। इसी तरह पिछले कई चुनाव जीतती आई। इससे ही सबक लेकर हमने अपनी पार्टी का नैरेटिव बनाते हुए कर्नाटक का चुनाव लड़ा था। राहुल ने बताया कि हमने कर्नाटक की जनता को एक सीधा-सीधा दृष्टिकोण दिया कि उनके लिए कई सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम हैं, जिन्हें लागू किया जा रहा है। और इसी तरह हम नैरेटिव को कंट्रोल कर पाए।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कम्युनिकेशन आर्किटेक्चर पर भाजपा का इतना कब्जा है कि लोगों से बात करना प्रैक्टिकली असंभव है। भाजपा ने चाहे कितनी भी ताकत लगा ली हो, मीडिया ने कितना भी तोड़-मरोड़ कर पेश करने की कोशिश की, लेकिन यह काम नहीं आया। यह समस्या सिर्फ भारत में नहीं है। इसका सामना दुनिया भर में हो रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्टों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार विशेष सत्र लेकर आई। वे इंडिया को भारत में बदलना चाहते थे, लेकिन उन्हें एहसास हुआ कि लोगों को यह पसंद नहीं आएगा, इसलिए इसे पीछे करके इसे लेकर आए।

मणिपुर संघर्ष के मुद्दे पर चर्चा करते हुए कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार का पूर्वोत्तर राज्य की स्थिति पर कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा वहां नफरत की राजनीति कर रही है। इसने मणिपुर राज्य को नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा मैंने अपने पूरे जीवन में मणिपुर में जो देखा वह कभी नहीं देखा।

'इंडिया गठबंधन' और एकजुट विपक्षी दलों के लचीलेपन के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए गांधी ने कहा सभी चुनौतियों के बीच, हम (इंडिया गठबंधन) एकजुट हुए हैं और मैंने विपक्ष को पहले कभी इस तरह काम करते नहीं देखा इतने लचीलेपन के साथ क्योंकि हम एक राजनीतिक दल से लड़ रहे हैं लेकिन भारत के विचार का बचाव कर रहे हैं, इसीलिए हमने अपने गठबंधन का नाम आईएनडीआईए रखा है।

### एक देश, एक चुनाव ध्यान भटकाने वाली रणनीति

वन नेशन, वन इलेक्शन पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह भाजपा की ध्यान भटकाने वाली रणनीतियों में से एक है। भारत में मुख्य मुद्दे बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और निचली जाति, ओबीसी व आदिवासी समुदायों के प्रति भारी अन्याय हैं। उन्होंने कहा कि अब हम एक राजनीतिक दल से नहीं लड़ रहे हैं, हम भारत के विचार की रक्षा करने के लिए लड़ रहे हैं और इसलिए हमने अपना नाम इंडिया रखा है। भारत में असली मुद्दे गरीबी, बेरोजगारी, निचली जाति, ओबीसी और आदिवासियों से अन्याय और महंगाई हैं। भाजपा उनसे मुकाबला नहीं कर सकती। इसलिए कहती है आइए बिधूड़ी जी एक बयान दें। आइए एक साथ आएं और एक साथ चुनाव कराएं। आइए भारत का नाम बदलें। ये सब ध्यान भटकाने वाला है।

# मोटो जीपी के विजेता बने मार्को बेजेची

■ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मार्को बेजेची को ट्रॉफी देकर किया प्रोत्साहित
■ अंतिम लैप में शीर्ष राइडर्स बेजेची और मार्टिन के बीच रोमांचक मुकाबले

**ग्रेटर नोएडा,**24 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोटो जीपी भारत के अंतिम दिन ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) मंत मोटो जीपी की मुख्य रेस देखने के लिए पहुंचे। इस दौरान रेस में विजयी रहे मार्को बेजेची को प्रतियोगिता की ट्रॉफी भी प्रदान की। इससे पहले सीएम योगी मोटो जीपी रेस के अंतिम क्षणों के रोमांच के गवाह भी बने, जब अंतिम लैप में शीर्ष राइडर्स के बीच आगे निकलने की होड़ मची थी। सीएम योगी के साथ केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी उपस्थित रहे। मोटो जीपी का अयोजन भारत में पहली बार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मोटो जीपी से जुड़े ऑर्गेनाइजर्स और स्टेक होल्डर्स को भारत में इस तरह के अंतरराष्ट्रीय खेल के अयोजन को लेकर प्रोत्साहित किया था। रेस खत्म होने के बाद सीएम योगी और अनुराग ठाकुर ने पोडियम एरिया में शीर्ष 3 राइडर्स को ट्रॉफी प्रदान की। विनर ट्रॉफी को भारत के नक्शे के आकार का बनाया गया था। ट्रॉफी वितरण के बाद तीनों राइडर्स



पारंपरिक अंदाज में शैंपेन के साथ जश्न मनाया। शनिवार को क्वॉलीफाइंग के दौरान शीर्ष स्थान हासिल करने वाले मार्को बेजेची ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में विजेता होने का गौरव जसिलंक। उनके बाद प्रामैक के जॉर्ज मार्टिन दूसरे स्थान पर रहे, जिन्होंने शनिवार को स्प्रिंट रेस जीती थी। वहीं फेबियो क्वार्टारो ने चौंकाते हुए यामाहा को पोडियम तक पहुंचा दिया। हालांकि, चौंपियनशिप लीडर पेको बागनिया भारत ग्रां प्री से बाहर हो गए, यह इटैलियन राइडर टर्न 5 पर फिसल गया था।

# मारने की हो रही साजिश : दानिश

**भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को आरोप साबित करने की दी चुनौती**

**नई दिल्ली,**24 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी की ओर से बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ अमर्यादित शब्दों के इस्तेमाल मामले पर राजनीति अभी भी गर्म है। बसपा सांसद दानिश अली ने रविवार को कहा कि उनकी लिंचिंग की साजिश की जा रही है। साथ ही उन्होंने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को आरोप साबित करने की चुनौती भी दी। बसपा सांसद ने दावा करते हुए कहा कि भाजपा के लोग मेरी हत्या कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के खिलाफ गलत बयानबाजी करना मेरा संस्कार नहीं है। ऐसा काम केवल भाजपा के लोग ही कर सकते हैं। दानिश अली ने दावा किया कि विशेष सत्र के दौरान रमेश बिधूड़ी पीएम की मौत और जानवर से उनकी तुलना कर रहे थे। मैंने इस



मोदी के खिलाफ गलत बयानबाजी करना मेरा संस्कार नहीं है ऐसा काम भाजपाई कर सकते हैं : दानिश अली

बात पर उनको टोका, तो क्या यही मेरा अपराध है। उन्होंने कहा कि बिधूड़ी ने दुनिया में भारत के नाम और साख को खत्म करने का प्रयास किया है।

### बिधूड़ी को बचाने का प्रयास कर रही भाजपा

बसपा सांसद ने कहा मुझे मोबाइल पर धमकी भरे मैसेज आ रहे हैं। मेरा वर्बल लिंचिंग हुआ है जबकि भाजपा उनको बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि मैं अगर प्रधानमंत्री को लेकर गलत बयान दे रहा था, तो वहां मौजूद भाजपा के सांसद और मंत्री क्या कर रहे थे। इस बात को बताने में भाजपा नेताओं को 24 घंटे क्यों लगे। मैं इस पूरे मामले को लेकर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को चिट्ठी लिखने पर विचार कर रहा हूं। जहां तक टोकने की बात है तो मैं तथ्यों को लेकर कई बाद गृहमंत्री को भी टोक चुका हूं और उन्होंने उसे सही भी किया है।

# डीयू की पूर्व प्रोफेसर ने की इच्छा मृत्यु की मांग

**नई दिल्ली,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर डॉ.पार्वती (दृष्टि बाधित) ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर अपने लिए इच्छा मृत्यु की मांग की है। दरअसल, वे सत्यवती कॉलेज अशोक विहार, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर थीं। लेकिन कुछ दिनों पहले उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। उनका कहना है कि मुझे एक सामान्य बीए, एमए और नेट पास किए नए छात्र से रिप्लेस कर दिया गया। यह मेरी हत्या ही तो है। अब मेरे लिए मृत्यु से सुंदर कुछ भी नहीं है। आत्महत्या करने का विचार तो कई बार आया, लेकिन मैं इच्छा मृत्यु चाहती हूं। डॉ. पार्वती ने बताया कि आंखों की रोशनी जाने के बाद मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा था। मैंने अब



■ बोली, दृष्टि बाधित होने के चलते नौकरी से निकालना

तक अंधों को केवल भिखारन के रूप में देखा था। मुझे लगा था कि मेरे घर के लोग मुझे भीख मांगने के लिए छोड़ देंगे या फिर मुझे मार डालेंगे। मैं गरीब परिवार से थी और मैं परिवार पर बोझ थी। मुझे अपने परिवार के लोगों से भी डर लगता था।मैं हारी नहीं और न ही डरी। मैंने इस समाज पर भरोसा किया, उनकी मानवता पर भरोसा किया। मैं छड़ी के सहारे बंद आंखों से दुनिया को टटोलते हुए एनआईवीएच देहरादून गई। वहां ब्रेल लिपि के माध्यम से मेरी पढ़ाई शुरू हुई। पढ़ाई के दौरान कई बार गंभीर मनोवैज्ञानिक परेशानियां हुईं, लेकिन किसी तरह मैंने बारहवीं पास की। मैं दिल्ली यूनिवर्सिटी के आईपी कॉलेज से स्नातक, दौलत राम कॉलेज से एमए और जेएनयू से एमफिल और पीएचडी की। मेरा जेआरएफ सामान्य श्रेणी में है, मेरी एक किताब वाणी प्रकाशन से पब्लिश हुई है। एक कहानी संग्रह भी लिखा है। इसके अलावा बहुत सारे लेख लिखे हैं, जो हिंदी की जानी-मानीं पत्रिकाओं में छपी हैं।

इसके बाद भी मुझे एक सामान्य बीए, एमए और नेट पास किए नए छात्र से रिप्लेस कर दिया गया। यह मेरी हत्या ही तो है, केवल हत्या।

### दसवीं क्लास में आंखों को रोशनी चली गई थी

डॉ.पार्वती ने खिला कि जब मैं दसवीं क्लास में थी, तब एक हादसे की वजह से कोमा में चली गई थी। करीब तीन महीने बाद होश आया तो मैं अस्पताल में थी। मुझे कुछ दिखाई नहीं दे रहा था, मैंने पापा से पूछा कमरे की लाइट बंद क्यों है। उन्होंने कहा कि बेटा लाइट तो ऑन है। इस पर मैंने कहा कि मुझे कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। इसके बाद पापा ने डॉक्टर को बुलाया, उन्होंने मेरी आंखों की जांच करने के बाद बताया कि यह मनोवैज्ञानिक समस्या है। कुछ दिनों बाद डॉक्टर ने कहा कि मेरी आंखों की रोशनी चली गई है।

### टिकट कटने के सवाल पर भड़के बृजभूषण

# जरूरत पड़ने पर कर सकता हूं मारपीट

**लखनऊ/बाराबंकी,**24 सितम्बर (देशबन्धु)। सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बाराबंकी में अपना रसूख उस वक्त दिखा दिया जब उनसे टिकट कटने का सवाल किया



गया। इस सवाल पर ब्रज भूषण शरण सिंह भड़क गए और कहने लगे, कौन कटवा रहा है मेरा टिकट उसका नाम बताओ, आप काटोगे, काट पाओ तो काट लेना। इसके बाद उन्होंने मंच से चुटीले लहजे में कहा कि वह क्रिकेट, कबड्डी, बालीवॉल, बैडमिंटन समेत सारे गेम्स खेल सकते हैं और अगर जरूरत पड़ गई तो वह मारपीट भी कर सकते हैं। दरअसल उप्र के बाराबंकी जिले में रविवार से भगवान आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 22वां क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इसी क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के लिए भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह आये थे। अपने बयानों को लेकर हमेशा चर्चा में बने रहने वाले भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने आज एक बार फिर बड़ी बात कही। उन्होंने टिकटने के सवाल पर मीडिया को ही अपना रसूख दिखाने की कोशिश की।

**दानिश को भी अपने गिरेबान में झांकना चाहिए**

संसद में चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी और बसपा सांसद दानिश अली के बीच असंसदीय भाषा के प्रयोग पर सांसद बृजभूषण ने कहा कि सांसद बिधूड़ी ने जो कहा उसके लिए गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने माफी मांगी, लेकिन दानिश अली को भी अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। सांसद बृजभूषण ने कहा कि संसद में हुई इस घटना के लिए जितना जिम्मेदार बिधूड़ी हैं, उतना ही दानिश अली भी। उन्होंने आरोप लगाया कि चाहे प्रधानमंत्री बोल रहे हों या गृहमंत्री, दानिश अली रनिंग कमेंट्री जरूर करते हैं यह ठीक नहीं। इस मौके पर भारत माता की जय और वंदे मातरम का उद्घोष हुआ।

### मन की बात कार्यक्रम में बोले मोदी

# भारत ने मनवाया अपनी नेतृत्व क्षमता का लोहा

**नई दिल्ली,**24 सितम्बर (एजेंसियां)। मन की बात के 105वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 और जी-20 समिट की सफलता पर चर्चा की।

■ चंद्रयान-3 व जी-20 सम्मेलन की सफलता पर की चर्चा
■ संस्कृत के श्लोक पढ़ती जर्मन लड़की का किया जिक्र



उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता के बाद जी-20 के शानदार आयोजन ने हर भारतीय की खुशी को दोगुना कर दिया। भारत मंडपम तो अपने आप में एक सेलिब्रिटी की तरह हो गया है।

### गांधी जयंती पर की श्रमदान करने की अपील

मोदी ने लोगों से सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे से एक घंटे के लिए श्रमदान करें। यह गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर बापू को स्वच्छांजलि होगी। मोदी ने लोगों से समय निकालकर इस अभियान से जुड़ने की अपील की।

# गुजरात के सुरेंद्रनगर में पुल ढहा

**गुजरात/सुरेंदनगर,**24 सितम्बर (एजेंसियां)। गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां वस्तादी गांव से गुजरने वाला एक ब्रिज ढह गया और ब्रिज से गुजर रहे एक ट्रक समेत दो बाइक नदी में गिर गईं। नदी में बहे सभी 4 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। चारों को मामुली चोटें आई है। सुरेंद्रनगर जिले के वस्तादी गांव से गुजरने वाला यह ब्रिज राष्ट्रीय चूड़ा तालुका को राजमार्ग को से जोड़ता है। ब्रिज का स्लेब नदी के तेज बहाव के



नदी में ट्रक समेत कई गाड़ियां गिरीं

चलते ढह गया था। हादसे की खबर मिलते ही वस्तादी गांव के लोग मौके पर पहुंचे और गाड़ियों में फंसे लोगों को रस्सी और नाव की मदद से निकाल लिया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। ब्रिज ढहने से कई गांवों का सुरेंद्रनगर से सीधा संपर्क टूट गया है।

### खोज — वैज्ञानिकों ने खोजा अनोखा ग्रह 'ग्लीज 367बी'

# ग्रह पर धरती से ज्यादा शुद्धतम लोहा व दोगुना अधिक घनत्व

**नई दिल्ली,**24 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रकृति की विभिन्नता और ब्रह्मांड की गहराई को समझना आसान नहीं है। वैज्ञानिक लगातार खोजते रहते हैं हाल ही में उन्होंने एक ऐसे ग्रह को खोजा है जो पूरा ठोस लोहे बना हुआ है। यह ग्रह लगभग धरती के बराबर है, जिसका नाम ग्लीज 367बी (ग्लीज 367 बी) है। यह एक अल्ट्राशॉर्ट पीरियड (यूएसपी) ग्रह है, जिसका मतलब होता है यह अपने सूरज यानी तारे का सिर्फ 7.7 घंटे में एक चक्कर लगा लेता है। अभी तक वैज्ञानिकों ने 5 हजार से अधिक एक्सोप्लैनेट की खोज की है। इनमें 200 अल्ट्राशॉर्ट पीरियड ग्रह हैं। ग्लीज 367बी धरती से दोगुना ज्यादा घनत्व वाला ग्रह है। सबसे अनोखी बात यह है कि इस ग्रह के अंदर सिर्फ लोहा ही लोहा भरा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके अंदर शुद्ध लोहा भरा है। इसको तहाय के नाम से भी बुलाया जाता है।

■ ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट की मदद से खोजा गया ग्रह
■ धरती से सिर्फ थोड़ा सा छोटा व लाल रंग है ग्लीज ग्रह



वैज्ञानिकों ने इस ग्रह को ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट की मदद से खोजा है। इसके बाद इस पर अध्ययन चल रहा है। द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में नया अध्ययन प्रकाशित हुआ है।

### कहां से पहुंचा इतना लोहा

ग्रह पर इतना लोहा कहां से आया, रिसर्च पेपर में शोधकर्ताओं ने इसका जवाब दिया है। उनका कहना है कि नए ग्रह ग्लीज 367 बी का निर्माण ऐसी जगह हुआ होगा जहां लोहे की मात्रा अधिक रही होगी। यानी वो लौह समृद्ध एरिया था। हालांकि, खगोलविद अब तक यह समझ नहीं पाए हैं कि उस तरह का कोई लौह समृद्ध क्षेत्र वर्तमान में मौजूद है या नहीं। वैज्ञानिकों को लगता है, नई रिसर्च से भविष्य में कई सवालों के जवाब मिलेंगे।

# देश

उवाच

'मेरा विनम्र अनुरोध है कि सवैधानिक पदों पर बैठे सांसदों को प्रधानमंत्री पद को सम्मान देना चाहिए। भाजपा सांसद ने अपने पत्र में कहा कि आश्चर्य है कि विपक्ष में बैठे लोग हर विषय को राजनैतिक रंग देते हैं, किसी भी विपक्ष के नेता ने दानिश अली के असभ्य आचरण का संज्ञान नहीं लिया:-**हरनाथ सिंह, राज्यसभा सांसद**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.4 | 24.6 |
| मुंबई | 29.8 | 24.6 |
| कोलकाता | 31.1 | 26.4 |
| चेन्नई | 36.3 | 23.6 |

# मोदी ने नौ वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली में आभासी माध्यम से नौ वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। श्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा, आज शुरू की जा रही नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें कनेक्टिविटी बढ़ाने में काफी सुधार करेंगी और साथ ही पूरे भारत में पर्यटन को बढ़ावा देंगी।' ये ट्रेनें 11 राज्यों,



- **'देश में बुनियादी ढांचे के विकास की वर्तमान गति और पैमाना 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं से बिल्कुल मेल खा रहा है'**
- **'वो दिन दूर नहीं, जब वंदेभारत देश के हर हिस्से को कनेक्ट करेगी'**

अर्थात् राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी। ये वंदे भारत ट्रेनें अपने संचालन के मार्गों में सबसे तेज़ होंगी और यात्रियों के काफी समय बचाने में मदद करेंगी। मार्ग की सबसे तेज़ ट्रेन की तुलना में राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस और कासरगोड-त्रुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग तीन घंटे तेज़ होंगी। इससे हैदराबाद-बैंगलोर वंदे भारत एक्सप्रेस का निर्धारित समय 2.5 घंटे से अधिक का बदलाव होगा। वहीं तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस दो घंटे से अधिक समय तक, रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, और जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग एक घंटे तक और उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग आधे घंटे की देरी से रवाना होगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नौ वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाए जाने को देश में आधुनिक कनेक्टिविटी का एक अभूतपूर्व अवसर बताया। उन्होंने कहा, 'देश में बुनियादी ढांचे के विकास की यह गति और पैमाना 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं से बिल्कुल मेल खाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज से शुरू हुई ट्रेनें अधिक आधुनिक और आरामदायक हैं। उन्होंने कहा कि ये वंदे भारत ट्रेनें नए भारत के नए उत्साह का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनों में एक करोड़ ग्यारह लाख से ज्यादा लोगों ने सफर किया है और इस बात पर खुशी जताई कि वंदे भारत के प्रति उत्साह बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आत्मविश्वास से भरा भारत अपने वर्तमान और भविष्य की जरूरतों पर एक साथ काम कर रहा है। उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास में निर्बाध समन्वय के लिए पीएम गतिशक्ति मास्टरप्लान और परिवहन और निर्यात से संबंधित शुल्कों में कमी के लिए नई लॉजिस्टिक पॉलिसी को सूचीबद्ध किया। उन्होंने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के बारे में भी बात की क्योंकि परिवहन के एक साधन को अन्य साधनों का समर्थन करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि यह सब आम नागरिकों के लिए यात्रा की सुगमता में सुधार के लिए है।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि विकसित होने के पथ पर अग्रसर भारत को अब अपने रेलवे स्टेशनों का भी आधुनिकीकरण करना होगा। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए भारत में पहली बार रेलवे स्टेशनों के विकास और आधुनिकीकरण का अभियान शुरू किया गया है। आज देश में रेल यात्रियों की सुविधा के लिए रिकॉर्ड संख्या में फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट और एस्केलेटर का निर्माण किया जा रहा है। अभी कुछ दिन पहले ही देश के 500 से ज्यादा बड़े स्टेशनों के पुनर्विकास का काम शुरू किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृत काल के दौरान बनाए गए इन नए स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में ये स्टेशन नए भारत की पहचान बनेंगे।

### कांग्रेस का सरकार की कमीशनखोरी को लेकर बड़ा हमला, कहा

# मप्र में कमीशन पाने के लिए दिए जा रहे बड़े ठेके : कमल नाथ

**भोपाल,** 24 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने राज्य पर बढ़ते कर्ज और सरकार की कमीशनखोरी को लेकर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि कमीशन पाने के लिए कर्ज लेकर बड़े-बड़े ठेके दिए जा रहे हैं। कांग्रेस कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किसी तरह के आर्थिक संकट न होने की बात कहे जाने को लेकर पूछे गए सवाल पर कमलनाथ ने कहा, राज्य सरकार ने कितना कर्ज लिया है वह सबके सामने है। यह पता कर लीजिए कि एक साल में कितने बड़े-बड़े ठेके दिए हैं, जिसमें कितना प्रतिशत एडवांस लिया, कितनी रिश्वत ली, यह कर्ज लेते हैं, बड़े-बड़े ठेके देते हैं, अपना कमीशन बढ़ाने के लिए। इसकी पूरी जानकारी है मेरे पास।



**राज्य सरकार ने कितना कर्ज लिया है वह सबके सामने है। यह पता कर लीजिए कि एक साल में कितने बड़े-बड़े ठेके दिए हैं, जिसमें कितना प्रतिशत एडवांस लिया, कितनी रिश्वत ली, यह कर्ज लेते हैं, बड़े-बड़े ठेके देते हैं, अपना कमीशन बढ़ाने के लिए:- कमल नाथ, प्रदेशाध्यक्ष कांग्रेस**

कांग्रेस के दावेदोरों को लेक पूछे गए सवाल पर कमलनाथ ने कहा, चार हजार लोगो ने दावेदारी की है। सब कहते है मैं हारने वाला नही हूँ, मैं जीतूंगा, क्या उसका वार्ड, बूथ जीते सब देख रहे हैं। जिताऊ को प्रत्याशी बनाएंगे। सूची आती रहेगी, हम अभी इशारा कर देंगे, कल दिल्ली में भी बैठक है, वैसे भी दावेदार की बहुत जानकारी तो मिल ही जाती है क्योंकि इंटरनेट का जमाना है। भाजपा द्वारा चेहरा घोषित न किए जाने को लेकर तंज सकते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, बीजेपी को शर्म आ रही है, शिवराज जी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नही कर.. अमित शाह-मोदी आयेंगे तो किसके पक्ष में बोलेंगे, पार्टी का बोलेंगे लेकिन शिवराज का चेहरा नही बोलेंगे, दुख की बात। जनआक्रोश यात्रा के पोस्टर पर दिग्विजय सिंह की तस्वीर न होने और यात्रा में हिस्सा न लेने के सवाल पर कमल नाथ ने कहा, मैं छिंदवाड़ा गया था। वहां शामिल हुआ था। परसों दिग्विजय सिंह जा रहे हैं, हमने सात टीम बनाई है। दिग्विजय सिंह ने खुद पोस्टर में नाम न रखने की बात कही थी।

**मामा सबसे बड़े माइनिंग माफिया**

मध्य प्रदेश में चुनाव से पहले सियासी वार-पलटवार का दौर जारी है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने राज्य में हो रहे अवैध खनन को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि मामा सबसे बड़े माइनिंग माफिया हैं, साथ ही प्रायश्चित यात्रा निकालने की सलाह दी है।

## सार संक्षेप

### हैदराबाद एयरपोर्ट पर 99.57 लाख के सोने के साथ तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** हैदराबाद एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 1,633 ग्राम सोने की तस्करी के आरोप में तीन अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सोने की कीमत लगभग 99.57 लाख रुपए है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ सीमा शुल्क अधिकारी ने कहा कि आरोपियों को प्रोफाइलिंग के आधार पर पकड़ा गया है। आरोपी शनिवार को रसल खैमा से हैदराबाद एयरपोर्ट पर पहुंचे। अधिकारी ने कहा कि सोना उनके चेक-इन लगेज के अंदर छुपा हुआ था। अधिकारी ने कहा, 'हमें उनके सामान की जांच करने पर 1,633 ग्राम सोना मिला, जिसकी कीमत करीब 99.57 लाख रुपये है। आरोपी सोने की तस्करी कर रहे थे।' बरामद सोने को सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 110 के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया।

### तेलंगाना में पीएम मोदी बीजेपी के अभियान की करेंगे शुरुआत

हैदराबाद। तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनाव जीतने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता राज्य का दौरा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 1 अक्टूबर को राज्य का दौरा करने वाले हैं। तेलंगाना में बीजेपी के अभियान की शुरुआत के लिए पीएम मोदी यहां एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी महबूबनगर जिले के भूतपुर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। पार्टी नेताओं को उम्मीद है कि यह बैठक नवंबर में होने वाले संभावित चुनाव के लिए उनके अभियान की शुरुआत होगी। वर्तमान में भाजपा अपनी चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने में व्यस्त है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सार्वजनिक मीटिंग आयोजित करने की भी योजना बना रहे हैं। इन मीटिंग में कुछ जिलों को शामिल करने की उम्मीद है। अमित शाह ने 27 अगस्त को खम्मम में एक जनसभा को संबोधित किया था। वह 17 सितंबर को हैदराबाद में हैदराबाद मुक्ति दिवस समारोह में भी शामिल हुए थे।

### एलओसी के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे शख्स पर सेना ने गोली चलाई

**जम्मू।** जम्मू एवं कश्मीर के पुंछ जिले में रविवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास संदिग्ध रूप से घूमते एक व्यक्ति को सेना के जवानों ने गोली मारकर घायल कर दिया। एक अधिकारी ने कहा, 'करमारा गांव के यासिर हुसैन नाम का एक व्यक्ति उस समय घायल हो गया जब सेना के सतर्क जवानों ने उसे नियंत्रण रेखा के करीब संदिग्ध रूप से घूमते हुए देखा और उस पर गोलियां चला दीं।' अधिकारी ने कहा, 'उसे निहत्थे पाए जाने और एक नागरिक के रूप में पहचाने जाने के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।'

## टीएमसी बागी विधायक इदरीस अली के खिलाफ करेगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

**कोलकाता,** 24 सितम्बर (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने मुर्शिदाबाद जिले के भगवानगोला विधानसभा क्षेत्र से बागी विधायक इदरीस अली के खिलाफ पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का फैसला किया है। विधायक इदरीस अली ने पार्टी नेतृत्व पर पश्चिम बंगाल में हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों में पैसे के बदले उम्मीदवारों को टिकट सुनिश्चित करने का आरोप लगाया था। पश्चिम बंगाल कैबिनेट के एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा, 'मामले की जानकारी सीएम ममता बनर्जी को दी जाएगी और उनके निर्देशों के आधार पर मामले को आंतरिक अनुशासन समिति को भेजा जाएगा।' उन्होंने आगे कहा, 'इदरीस अली पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। वह पहले लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। पहले भी एक आंतरिक अनुशासन समिति ने उनकी निंदा की थी। लेकिन ऐसा लगता है कि वह अपने तौर-तरीके सुधारने के मूड में नहीं हैं। पार्टी उनकी ताजा टिप्पणियों को हल्के में नहीं ले रही है। मुख्यमंत्री को सूचित किया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।' पार्टी ने इस तथ्य पर भी विशेष ध्यान दिया है। विधायक अली ने मीडियाकर्मियों के सामने ये टिप्पणियां तब कीं थी जब वह राज्य विधानसभा परिसर में थे। अली ने कहा था कि कई जिलों में, विशेषकर मुर्शिदाबाद में पंचायत चुनावों में पार्टी उम्मीदवारों के चयन में पैसा निर्णायक फैक्टर रहा है। पार्टी के टिकट सुनिश्चित करने के लिए धन एकत्र करने के लिए जिलों में ब्लॉक अध्यक्ष मुख्य रूप से जिम्मेदार थे। यहां तक कि उम्मीदवारों के तय किए गए नाम भी आखिरी क्षणों में बदल दिए गए और जाहिर तौर पर इसमें पैसे की भूमिका रही। सबसे पहले जिले में ब्लॉक अध्यक्ष को बदलने की जरूरत है।



- **इदरीस अली के खिलाफ पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए हो सकती है कड़ी कार्रवाई**

## वसुंधरा को लेकर मन बना चुका है आलाकमान, अगले सप्ताह आ सकती है भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची

**नई दिल्ली,** 24 सितम्बर (एजेंसियां)। भाजपा राजस्थान विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपने उम्मीदवारों की पहली सूची अगले सप्ताह जारी कर सकती है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विपरीत भाजपा राजस्थान में सिर्फ कमजोर सीटों पर ही उम्मीदवारों के नाम का ऐलान नहीं करेगी, बल्कि मजबूत सीटों के लिए भी अपने उम्मीदवार घोषित करेगी। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, जयपुर में 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के बाद अगले सप्ताह दिल्ली में राजस्थान को लेकर भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक संभावित है। इसके बाद पार्टी राज्य के लगभग 50 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी राजस्थान में 'ए' केटेगरी की सबसे मजबूत 29 सीटों के साथ ही 'डी' कैटेगरी की सबसे कमजोर मानी जाने वाली 19 सीटों पर भी उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया की लगातार अपनी भूमिका स्पष्ट करने की मांग के बावजूद पार्टी आलाकमान की तरफ से उन्हें विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कोई अहम भूमिका नहीं देने से ऐसा लगता है कि आलाकमान ने उनके बारे में अपना मन बना लिया है। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री ने पिछले कुछ महीनों के दौरान पार्टी के आला नेताओं के साथ लगातार संबंध सुधारने का प्रयास किया है। राज्य में चुनाव से जुड़ी दो अहम समितियों - प्रदेश संकल्प पत्र समिति और चुनाव प्रबंधन समिति में जगह नहीं दिए जाने के बावजूद सार्वजनिक तौर पर अपनी नाराजगी तक व्यक्त नहीं की। पिछले कुछ विधानसभा चुनावों में सुराज संकल्प यात्रा हो या फिर भाजपा की परिवर्तन यात्रा या फिर कोई अन्य चुनावी यात्रा, उन तमाम यात्राओं में मुख्य भूमिका में रहने वाली वसुंधरा राजे सिंधिया इस बार राजस्थान में पार्टी द्वारा अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ चलाई जा रही चार परिवर्तन यात्राओं में हासिये पर दिखीं।

- **भाजपा राजस्थान में मजबूत सीटों के लिए भी अपने उम्मीदवार घोषित करेगी**



## झारखंड में संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस में भीषण डकैती, दो यात्रियों को गोली मारी

रांची, 24 सितम्बर (एजेंसियां)। झारखंड के लातेहार और बरवाडीह रेलवे स्टेशन के बीच संबलपुर-रांची-जम्मूतवी एक्सप्रेस (ट्रेन सं- 18309) की एक स्लीपर बोगी में शनिवार देर रात भीषण डकैती हुई है। हथियारबंद अपराधियों ने यात्रियों से जमकर लूटपाट की। इस दौरान अपराधियों ने दो यात्रियों को गोली भी मार दी। गंभीर रूप से जख्मी दोनों यात्रियों को पलामू स्थित मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। रात करीब डेढ़ बजे ट्रेन के डालटनगंज पहुंचने पर यात्रियों ने काफी देर तक हंगामा किया। बताया गया कि लूटपाट की वारदात देर रात 11.30 से 12.30 बजे के बीच हुई। अपराधियों की संख्या करीब एक दर्जन थी। वे सभी लातेहार स्टेशन से ट्रेन की स्लीपर बोगी में सवार हुए थे। ट्रेन लातेहार से करीब लगभग 11 बजे छूटी थी। इसके बाद ही लूटपाट शुरू हो गई। स्लीपर बोगी में कई महिला यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार भी किया गया। लूटपाट के दौरान डकैतों ने करीब 10 राउंड फायरिंग की। इसके बाद डकैत बरवाडीह स्टेशन से पहले चेन पुलिंग कर उतर गए।



## तमिलनाडु भाजपा इकाई के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच, ईपीएस पार्टी की प्रमुख बैठक आयोजित करेंगे

**चेन्नई,** 24 सितम्बर (एजेंसियां)। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच, अन्नाद्रमुक सोमवार को चेन्नई में पार्टी राज्य मुख्यालय में अपने सांसदों, विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों की बैठक करेगी। अन्नाद्रमुक के एक बयान में कहा गया है कि पार्टी महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) सोमवार को बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक अन्नाद्रमुक नेतृत्व और तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई के बीच तीखी नोकझोंक के बीच हो रही है। अन्नाद्रमुक नेतृत्व ने यहां तक घोषणा की है कि पार्टी तमिलनाडु में भाजपा के साथ किसी भी गठबंधन में नहीं है। हालांकि, अन्नामलाई ने मीडियाकर्मियों से कहा कि तमिलनाडु में भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच कोई मुद्दा नहीं है। हाल ही में, अन्नाद्रमुक नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मुलाकात की थी और उन्हें तमिलनाडु में भाजपा के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बारे में जानकारी दी थी।

## जानबूझ कर हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़ा करवा रही है भाजपा : जदयू

**पटना,** 24 सितम्बर (एजेंसियां)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने भारतीय जनता पार्टी सांसद रमेश विधूड़ी के बयान की निंदा करते हुए आज कहा कि इंडिया गठबंधन को मिल रहे जनसमर्थन से घबरायी भाजपा अब हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़ा करवाने की फ़िराक में है। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने रविवार को कहा कि इंडिया गठबंधन को मिल रहे जनसमर्थन से घबरायी भाजपा अब हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़ा करवाने की फ़िराक में है। उन्होंने कहा कि इन्हें पता है कि काम के नाम पर इन्हें वोट नहीं मिलने वाले इसीलिए यह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का अपना आखरी हथियार निकालने पर विवश हो चुके हैं। श्री रंजन ने कहा कि भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सांसद के खिलाफ लोकसभा में जो ओछी टिप्पणी की है, वह भाजपा की सोची समझी प्लानिंग का हिस्सा है. गौर करें तो अभी तक न तो प्रधानमन्त्री मोदी ने इसकी निंदा की है और न ही गृहमंत्री अमित शाह या इनके अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विधूड़ी की आलोचना की है। छोटी-छोटी बातों पर ट्वीट करने वाले भाजपा नेताओं की यह चुप्पी यह दर्शाती है कि भरी संसद में एक मुस्लिम नेता के खिलाफ श्री विधूड़ी के जहरीले बोल संयोग नहीं बल्कि भाजपा का सोचा समझा प्रयोग है।



**इंडिया गठबंधन को मिल रहे जनसमर्थन से घबरायी भाजपा अब हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़ा करवाने की फ़िराक में है:-राजीव रंजन**

### केंद्र सरकार का बड़ा ऐलान

## सीमा सड़क संगठन के कैजुअल श्रमिकों के पार्थिव शरीर घर तक पहुंचाएगी सरकार

**नई दिल्ली,** 24 सितम्बर (एजेंसियां)। सरकार सीमा सड़क संगठन की विभिन्न परियोजनाओं में दूर दराज के दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत कैजुअल श्रमिकों की मृत्यु होने पर उनके पार्थिव शरीर मूल स्थान तक पहुंचाने के खर्च को वहन करेगी। इसके अलावा सरकार ने कैजुअल श्रमिकों के अंतिम संस्कार पर होने वाले खर्च की राशि भी एक हजार से बढ़ाकर दस हजार रुपए करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। अभी तक यह सुविधा सीमा सड़क संगठन के जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स के कर्मियों के लिए ही उपलब्ध थी। परियोजनाओं में सरकारी प्रामाणिक ड्यूटी के दौरान किसी श्रमिक की मृत्यु होने की स्थिति में, जिसका अंतिम संस्कार कार्यस्थल पर ही किया जा रहा है इसके अंतिम संस्कार का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा, कैजुअल वेतनभोगी श्रमिकों को सीमा सड़क संगठन द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण कार्य में लगाया जाता है। वे प्रतिकूल जलवायु और कठिन कार्य- परिस्थितियों में सीमा सड़क संगठन कर्मियों के साथ मिलकर काम करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप वे कभी-कभी दुर्घटना के शिकार भी होते हैं। अभी तक, सरकारी खर्च पर पार्थिव शव के संरक्षण और इसे मूल स्थान तक पहुँचाने के लिए परिवहन की सुविधा केवल जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स के कर्मियों के लिए उपलब्ध थी। समान परिस्थितियों में काम करने वाले श्रमिक इस सुविधा से वंचित थे। उनकी मृत्यु हो जाने की स्थिति में, परिवहन का व्यय शोक संतप्त परिवारों पर पड़ता है। आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण मृतक का परिवार ज्यादातर स्थितियों में हवाई किराया या यहां तक कि सड़क मार्ग से परिवहन का खर्च भी वहन नहीं कर पाता है।



- **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दे दी**
- **अभी तक, यह सुविधा केवल जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स के कर्मियों के लिए उपलब्ध थी**

### राजनीति | विधानसभा चुनावों में घटक दलों के बीच सीट वितरण फॉर्मूले मे फंस सकता पेंच

# उलझती दिख रही 'इंडिया' गठबंधन के दलों की एकता

**लखनऊ, 24 सितम्बर (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को मात देने के लिए बना इंडिया गठबंधन की एकजुटता के सामने परीक्षा की एक और घड़ी आ गई है। पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों में घटक दलों के बीच सीट वितरण फॉर्मूले मे पेंच फंस सकता है। इसकी वजह है कि सपा राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाने के लिए कई राज्यों में जमीन तालाश रही है। ऐसे में कांग्रेस से फिलहाल उसे सहयोग करने की कोई गुंजाइश न के बराबर दिख रही है।**

अगर ऐसा रहा तो इंडिया गठबंधन की एकता उलझती दिखेगी। राजनीतिक जानकर बताते हैं कि समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय दर्जा पाने के लिए यूपी के बाहर होने वाले विधानसभा चुनाव में निश्चित तौर पर भाग लेगी। इसी कारण सपा उत्तर प्रदेश से बाहर मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में तेजी सी लगी है। ऐसे में अब देखना है क्या कांग्रेस सपा को इन राज्यों में सीट वितरण में कोई महत्व देगी या नहीं। आम चुनाव के लिए बना 'इंडिया' गठबंधन क्या विधानसभा चुनाव के लिए भी काम करेगा, इस सवाल को लेकर ऊहापोह की स्थिति है। मध्यप्रदेश में सपा पूरी 230 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा कर रही है।



एमपी सपा के प्रदेश अध्यक्ष रामायण पटेल का कहना है कि हमारी पार्टी यहां होने वाले विधानसभा चुनावों में दमदारी से भाग लेगी। हमने सात सीटों पर उम्मीदवार भी घोषित कर दिए हैं। हमारी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी है। कांग्रेस के गठबंधन का निर्णय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लेंगे। हमारा हर जिले में संगठन हैं। सभी जिलों में विधानसभा प्रभारी हैं। उन्होंने बताया कि हमने सीधी, रीवा, दतिया, सिंगरौली, छतरपुर, भिंड जिले में हमने उम्मीदवार उतार दिए हैं। रीवा जिले में अखिलेश यादव 27 सितंबर को चुनावी प्रचार के लिए भी आ रहे हैं। सपा छत्तीसगढ़ में भी तकरीबन 40 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है।

- **सपा राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाने के लिए कई राज्यों में जमीन तालाश रही**

यहां के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता का कहना है कि राज्य में हमारा संगठन मजबूत है। हमने 40 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रखी है। हमारे यहां से पार्षद और सभासद रह चुके हैं। हमारा संगठन जमीन पर है। कांग्रेस से गठबंधन का निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व लेगा। यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष 15 अक्टूबर को प्रचार के लिए आने वाले हैं।

सपा के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि हमारी पार्टी की तरफ पूरा प्रयास है कि विपक्षी एकता का संदेश होने वाले विधानसभा से भी जाना चाहिए। इसलिए जहां कांग्रेस की सरकार है, वहां कांग्रेस को सपा का सहयोग करना चाहिए। वैसे सपा 2003 के विधानसभा चुनाव में सात सीटें जीत चुकी है। सपा ने 230 में से 161 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए थे, जिनमें से 7 को जीत मिली थीं।

उन्होंने बताया कि छतरपुर, चांदला, मैहर, गोपदबनास, सिंगरौली, पिपरिया और मुल्ताई सीट पर सफलता मिली थी। इसके बाद 2018 में भी हमें एक सीट पर सफलता मिल चुकी है। मध्यप्रदेश में हमारा संगठन पहले से है, इसलिए पार्टी ने यहां चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

अगर छत्तीसगढ़ की बात करें तो हम वहां 2003 से चुनाव लड़ रहे हैं, इसके बाद 2018 में भी चुनाव में हमारे उम्मीदवार मैदान में थे।

**उल्टा पुल्टा**

सुरेश, डॉक्टर से : जब मैं सोता हूं तो सपने में बन्दर फुटबॉल खेलते हैं।
डॉक्टर : कोई दिक्कत नहीं, ये गोली रात को सोने से पहले खा लेना।
सुरेश : कल से खाऊंगा, आज तो फाइनल है।

# दिल्ली की सड़क, नालों व पार्कों को ठीक कर सबूत दिखाएं, एलजी का सख्त आदेश

**नई दिल्ली,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने नगर निगम के अधिकारियों को आदेश दिया है कि वो ईस्ट दिल्ली इलाके की सड़कों, फुटपाथ, पार्कों के अलावा सीवरेज तथा ड्रेनेज सिस्टम को फिर से ठीक करें। एलजी कार्यालय खुद इस कार्य की प्रगति की निगरानी करेगा। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि इन कामों की प्रगति को लेकर जब तक सबूत के तौर पर फोटो और वीडियो नहीं दिये जाएंगे तब तक स्टेटस रिपोर्ट स्वीकृत नहीं किये जाएंगे। एलजी का यह अहम आदेश ऐसे वक्त में आया है जब हाल ही में उन्होंने ईस्ट दिल्ली के विभिन्न इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उपराज्यपाल शास्त्री पार्क, मानसरोवर पार्क, सीलमपुर, श्याम लाल कॉलेज, कड़कड़डूमा, सूरजमल पार्क और दिलशाद गार्डन भी गये थे। उन्होंने सड़कों की खराब हालत, साफ-सफाई, अतिक्रमण और बंद पड़े नालों पर ध्यान दिया और निगम अधिकारियों को निर्देश दिया कि वो इसे ठीक करने को लेकर काम जल्द से जल्द शुरू करें। एक अधिकारी ने कहा कि एलजी सचिवालय हर रोज कार्य की प्रगति की निगरानी करेगा।



उपराज्यपाल ने खास तौर से निर्देश दिया है कि किसी भी संबंधित एजेंसी की रिपोर्ट को तब तक स्वीकृत नहीं किया जाएगा जब तक कि वो इसके समर्थन में कार्य के पहले और बाद की तस्वीरें नहीं शेयर करते हैं। उपराज्यपाल ने सभी संबंधित एजेंसियों - एमसीडी, पीडब्लूडी, डीडीए और डीजेबी को निर्देश दिया है कि वो आपस में बातचीत कर क्षेत्राधिकार के मुद्दे को सुलझा लें और इस बात पर जोर दें कि किसी भी कीमत पर कार्य शुरू करने में देर ना हो। अपने तीन घंटे से ज्यादा के दौरे के दौरान वीके सक्सेना ने युधिष्ठिर सेतु की खराब हालत पर नाराजी जाहिर की। इस सेतु की रेलिंग और फुटपाथ कई जगह से टूट चुके थे। इससे पैदल चलने वाले यात्रियों और दो पहिया वाहनों से चलने वाले लोगों के लिए खतरा भी खड़ा हो गया है। इसी तरह कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में जाम हो चुके नालों को देख उपराज्यपाल ने नाराजगी जाहिर की। यहां नाले का पानी गलियों में आ रहा है और फुटपाथ पर कचरा फैल गया था। कई इलाकों में पेड़ों की वजह से यातायात प्रभावित हो रही है। अपने दौरे के दौरान एलजी ने यहां रहने वाले लोगों से बातचीत भी की। इलाके के लोगों ने सीवर लाइन से होने वाले ओवर फ्लो, जाम पड़े नालों और टूटी-फूटी सड़क तथा फुटपाथ की शिकायत उपराज्यपाल से की। एलजी ने इस बात पर नाखुशी जताई कि किसी भी सिविक एजेंसी ने पिछले कई सालों से इन इलाकों पर ध्यान नहीं दिया। इन इलाकों में एक बड़ी आबादी खराब हालत में जिंदगी बसर करने के लिए मजबूर है।

# वीर अब्दुल हमीद की याद में निःशुल्क चिकित्सा शिविर व कार्यक्रम का आयोजन

**नई दिल्ली,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। देश के लिए अपनी जान की कुरबानी देने वाले परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की याद में ए एंड एस फार्मेसी, सम्राट फाउंडेशन एंड ट्रस्ट, न्यू होराइजन फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर और कार्यक्रम गौतमपुरी में आयोजित किया गया। जिस की अध्यक्षता ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सैयद अहमद खान ने की, जबकि हकीम अता उर रहमान अजमली ने स्टेज का संचालन किया। मुख्य अतिथि के रूप में निगम पार्षद सत्या शर्मा, रिजवान चौधरी, डॉ. सैयद निखत हुसैन नदवी चेयरमैन न्यू एरा होराइजन ट्रस्ट, डॉ. अनवर अली, सद्दाम प्रधान जी, हाजी शमीम अहमद, हाफिज शकील अहमद आदि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत हकीम मुर्तजा देहलवी द्वारा नात नबी और कारी तनवीर नौमानी की तिलावत ए कुरान से हुई। शिविर में लगभग 300 मरीजों ने अपनी जांच करायी तथा निःशुल्क दवा भी ली। चिकित्सा शिविर में योग गुरु डॉ. बदरूल इस्लाम ने योग आसन भी सिखाये। इस अवसर पर डॉ. सैयद अहमद खान ने अपने भाषण में कहा कि देश की खातिर अपनी जान कुर्बान करने वाले वीर अब्दुल हमीद हम सब के लिए एक मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि वीर अब्दुल हमीद की याद में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए ताकि लोगों में देश सेवा और बलिदान देने की भावना पैदा हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में हर व्यक्ति की भागीदारी ही देश भक्ति का सब से बड़ा सबूत है,हमे अपने जीवन में से कुछ वक्त देश के लोगों की सेवा में लगाना चाहिए।वीर अब्दुल हमीद की वीरता को याद करते हुए हकीम अता उर रहमान अजमली ने कहा कि 1965 के युद्ध में वीर अब्दुल हमीद ने पाकिस्तान के खिलाफ एक ऐसी मिसाल कायम की थी जिसे दुनिया नहीं भूलेगी। उन्होंने सात टैंक नष्ट कर दिए थे उनका उत्साह देखकर अन्य सैनिकों का भी मनोबल बढ़ गया और पाकिस्तानी सेना में भगदड़ मच गई। शिविर में सेवा देने वालों में डॉ. शकील अहमद, हकीम मुर्तजा देहलवी, डॉ. बदरूल इस्लाम, हकीम सादिक के नाम शामिल हैं। प्रमुख प्रतिभागियों में यूसुफ मलिक, जाहिद अहमद, मुफ्ती दिलशाद कासमी, कारी अहमद अब्दुल्ला कासमी, कारी इरफान अलीमी, मास्टर मुहम्मद तनसीर, अरशद चौधरी, अफशीन मिर्जा, असगर अली अंसारी आदि के नाम शामिल हैं।



## सार संक्षेप

### अनुबंधित सफाई श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने की मांग

नई दिल्ली। नेशनल कैंपेन फॉर डिग्निटी एंड राइट्स ऑफ सीवरेज एंड एलाइड वर्कर्स,और दलित आदिवासी शक्ति अधिकार मंच ने दिल्ली में अनुबंधित सफाई श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। नेशनल कैंपेन फॉर डिग्निटी एंड राइट्स ऑफ सीवरेज एंड एलाइड वर्कर्स की राष्ट्रीय संयोजक हेमलता कंसोटिया ने रविवार को यहां बताया कि दिल्ली में भारी संख्या में सफाई कर्मचारी अनुबंध के काम करते हैं। इन कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन नहीं मिल रहा है और उनके पास कोई सामाजिक सुरक्षा जैसे जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा या चिकित्सा सुविधा भी नहीं है। उन्होंने कहा कि इन श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा का कोई भी लाभ नहीं मिलता है। सुश्री कंसोटिया ने दावा किया कि जब नौकरी के अनुबंध में स्वास्थ्य बीमा और मुआवजे का उल्लेख होता है तब भी सीवर श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलती है। उन्होंने सीवर 'शिल्ट' उठाने वाली महिला सीवर कर्मचारियों (अनुकंपा के आधार पर नियुक्त) की दुर्दशा का जिक्र किया और कहा कि इन्हें सीवर कर्मचारी भी नहीं माना जाता है।

### दिल्ली में दो वांछित अपराधी गिरफ्तार, देशी पिस्तौल व तीन जिंदा कारतूस बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने दो वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से एक देशी पिस्तौल बरामद की है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आरोपियों की पहचान नजफगढ़ इलाके के धरमपुरा निवासी रमेश उर्फ बुधू (28) और अरुण उर्फ लांबा (27) के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, 14 सितंबर को पुलिस की एक टीम नजफगढ़ के धरमपुरा इलाके में गश्त कर रही थी। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम हर्ष वर्धन ने कहा, 'जैसे ही वे आरडी-ब्लॉक चौराहे पर पहुंचे, उन्होंने देखा कि दो व्यक्ति संदिग्ध रूप से काम कर रहे थे। वे पुलिस को देखकर भागने लगे। गश्ती दल ने पीछा किया और दोनों आरोपियों को सफलतापूर्वक पकड़ लिया।' तलाशी के दौरान अधिकारियों को उनके पास से एक देशी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस मिले। डीसीपी ने कहा, 'आगे की जांच में यह बात सामने आई कि आरोपियों में से एक, रमेश का नजफगढ़ पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों का इतिहास है, जबकि दूसरे आरोपी अरुण की डकैती और हत्या के मामलों में पिछली संलिप्तता थी।' पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों आरोपी गोपाल नगर इलाके में हुए झगड़े में भी थे, जिसके बाद बाबा हरिदास नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था।

### दिल्ली पुलिस ने गोली चलाने के झूठे मामले में फंसाने के आरोप में तीन को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पैर में गोली मारकर अपने प्रतिद्वंद्वी को झूठे मामले में फंसाने के आरोप में 29 वर्षीय एक व्यक्ति, उसके भाई और एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने वसीम, उसके भाई फहीम (32) और उनके सहयोगी साहिल (23) के कब्जे से एक देशी पिस्तौल भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को पूर्वोत्तर दिल्ली के ज्योति नगर पुलिस स्टेशन में कर्दमपुरी इलाके में गोलीबारी की सूचना मिली थी। बाद में पीड़ित को उसका भाई जीटीबी अस्पताल ले गया। पुलिस उपायुक्त (पूर्वोत्तर), जॉय टिर्की ने कहा, 'रिपोर्ट मिलने पर पुलिस की एक टीम तुरंत अस्पताल पहुंची और जानकारी जुटाई। हालांकि, पीड़ित ने कोई बयान नहीं दिया।

# पंजाबी समाज को जनसंख्या के मुताबिक मिले राजनीतिक हिस्सेदारी : अरविन्द अरोड़ा

**नई दिल्ली,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय खत्री युवा महासभा के पंजाबी महाकुंभ में पंजाबी समाज के एक हजार से ज्यादा लोगों का जमावड़ा लगा। दिल्ली के करोल बाग में स्थित गोल्डन मोमेंट बैंक्वेट हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में 12 राज्यों से आए लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शामिल वक्ताओं ने पंजाबी समाज को देशभर में राजनीतिक भागीदारी और समुचित हिस्सेदारी दिए जाने की मांग की। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्य वक्ता अरविन्द अरोड़ा ने कहा कि पंजाबी समाज को उसकी जनसंख्या के अनुपात में हर राज्य में राजनीतिक भागीदारी और पर्याप्त हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में जो भी पार्टी पंजाबी समाज के उचित भागीदारी देगी, समाज का समर्थन भी उसे ही मिलेगा। अरविन्द अरोड़ा ने कहा कि दिल्ली में पंजाबियों की संख्या 35 से 40 प्रतिशत है। इस आधार पर दिल्ली का मुख्यमंत्री पंजाबी समाज से होना चाहिए। उन्होंने 2021 में हर वर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाए जाने की घोषणा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया और सरकार से मांग की कि पंजाबी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में विभाजन विभीषिका की यादगार के तौर पर एक स्मृति भवन बनाया जाना चाहिए। इस मौके पर अखिल भारतीय खत्री युवा




महासभा के संरक्षक चिरंजीव मल्होत्रा ने कहा की हमें समाज की आवाज सरकार तक पहुंचानी है और यह मकसद तभी कामयाब होगा जब आप सब का साथ मिलेगा। संस्था के महामंत्री वीरेंद्र खन्ना और संस्था के मीडिया प्रभारी सुरेश मनचन्दा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सुरेश मनचन्दा ने कहा की हमारी संस्था आगामी चुनाव में अपनी भागीदारी को लेकर सुनिश्चित है और हम अपने वोट की ताकत का सही इस्तेमाल करने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

इस अवसर पर दिल्ली बीजेपी प्रदेश मंत्री हरीश खुराना, कारोल बाग से आम आदमी पार्टी के विधायक विशेष रवि, समाजसेवी अनूप खन्ना आदि दर्जनों की संख्या में इसस महापंचयत में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

# लेड के संपर्क में आने से वैश्विक हृदय रोग मृत्यु दर में बढ़ोत्तरी: डॉ. थुप्पिल वेंकटेश

**नई दिल्ली,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ ने विश्व बैंक के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में एक लेख प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि 2019 में लेड के संपर्क में आने से वैश्विक हृदय रोग मृत्यु संख्या 5.5 मिलियन थी, जो 0.85 मिलियन ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज 2019 के पहले के अनुमान से छह गुना अधिक है। यह पीएम 2.5,परिवेश और घरेलू वायु प्रदूषण से होने वाली अनुमानित वैश्विक मृत्यु की संख्या 6.45 मिलियन के करीब है और असुरक्षित घरेलू पेयजल, स्वच्छता और हाथ धोने से होने वाली अनुमानित वैश्विक मृत्यु की संख्या से तीन गुना से भी अधिक है। शोध का अनुमान है कि दुनिया भर में, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे लेड के संपर्क में आने के कारण 765 मिलियन आईक्यू पॉइंट खो देते हैं। भारत के लेड मैन, डॉ. थुप्पिल वेंकटेश ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, लेड के संपर्क में आने से न केवल आर्थिक क्षति होती है, बल्कि यह आईक्यू को भी कम करता है और गरीबों को और भी गहरी गरीबी में धकेल देता है। यह लैंसेट पेपर दुनिया भर के सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों और चिकित्सकों, विशेष रूप से कार्डियोलॉजी के चिकित्सकों के लिए एक चेतावनी है। प्योर अर्थ इंडिया की कार्यवाहक कंट्री डायरेक्टर लावण्या नांबियार कहती हैं, 'यदि इस लैंसेट पेपर में रिपोर्ट किए गए हाई ब्लड लेड लेवल, संबंधित आईक्यू हानि, और समग्र मृत्यु दर सच है, तो लेड एक्सपोज़र के इन उच्च स्तर को केवल बैटरी रीसाइक्लिंग के औद्योगिक स्रोतों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, जैसा कि पहले माना गया था। प्योर अर्थ के 25-देशों के सर्वेक्षण में पाया गया कि रोजमर्रा की घरेलू वस्तुएं, उपभोक्ता उत्पाद और दूषित भोजन सभी उच्च स्तर की लेड विषाक्तता में योगदान करते हैं। प्योर अर्थ के एडवोकेसी एंड कम्युनिकेशंस के निदेशक संदीप दहिया ने कहा, 'लेड के संपर्क, इसके प्रभाव और प्रदूषण के ज्ञात समाधानों की यह विस्तारित समझ कार्रवाई का एक स्पष्ट आह्वान है। हमारा विश्लेषण बताता है कि सभी प्रकार के लेड मिटिगेशन इंटरवेंशन, समाधान अत्यधिक प्रभावी एवं लाभकारी हैं और इनका रिटर्न बहुत अच्छा है।

# दिल्ली पुलिस ने अदालत को बताया- बृजभूषण ने महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का कोई मौका नहीं छोड़ा

**नई दिल्ली,** 24 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज कथित यौन उत्पीड़न मामले में अदालत ने उन्हें पेशी से एक दिन की छूट दे दी है, वहीं दिल्ली पुलिस ने कहा है कि आरोपी ने महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। पुलिस ने राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल के समक्ष दलील देते हुए कहा कि सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मामले में ताजिकिस्तान की कथित घटनाओं का हवाला देते हुए दावा किया कि ये घटनाएं उनके कार्यों को दर्शाती हैं। पुलिस के मुताबिक, ताजिकिस्तान में एक कार्यक्रम के दौरान बृजभूषण शरण सिंह ने एक महिला पहलवान को जबरन गले लगाया, और बाद में अपने कृत्य को यह कहकर उचित ठहराया कि उसने ऐसा एक पिता की तरह किया।



ताजिकिस्तान में एशियाई चैम्पियनशिप की एक अन्य शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सिंह ने बिना अनुमति के एक महिला पहलवान की शर्ट उठाई और उसके पेट को अनुचित तरीके से छुआ। दिल्ली पुलिस ने तर्क दिया कि ये घटनाएं भारत के बाहर हुईं लेकिन मामले के लिए उपयुक्त थीं। पुलिस ने इस बात पर जोर दिया कि बात यह नहीं है कि पीड़ितों ने घटनाओं पर प्रतिक्रिया दी या नहीं, बल्कि बात यह है कि उनके साथ गलत हुआ।

# मशाल सोशल वेल्फेयर सोसाईटी द्वारा करम पूजा महोत्सव 2023 का आयोजन

**नई दिल्ली,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। रविवार को करम महोत्सव -2023 के आयोजन मशाल सोशल वेल्फेयर सोसाईटी संगठन के संरक्षक युवराज बोध एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन बड़ाईक के नेतृत्व में एन डी एम सी कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में हुआ। करम पूजा महोत्सव को जनजातीय मंत्रालय एवं ट्राईफेड के सौजन्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर अर्जुन मुंडा जनजातीय कार्य मंत्री, भारत सरकार ने वीडियो द्वारा अपना संदेश भेजा जिसमें उन्होंने करम महोत्सव महापर्व की सभी को शुभकामनाएं दी और इस तरह के आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने वाली हर त्योहार को आगे भी हर संभव सहायता देने के लिए बोला। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक युवराज बोध ने कहा कि यह कार्यक्रम पूर्व केंद्रीय मंत्री सह लोक-सभा सांसद जुएल ओराम के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मशाल सोशल वेल्फेयर सोसाईटी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में विभिन्न जनजातीय आदिवासी पर्व त्यौहारों का आयोजन पिछले कई वर्षों से आयोजित करते आ रही है। संस्था द्वारा आदिवासी पारंपरिक कला संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य अत्यन्त सराहनीय है। आज दिल्ली के अंदर विभिन्न प्रदेशों से आए लगभग 30 लाख आदिवासी 6 समाज प्रवास करते हैं जो दिल्ली एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रवास करते हैं। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोहन बड़ाईक ने अपने संबोधन में कहा कि करम पर्व मुख्यता झारखण्ड, छत्तीसगढ, ओडिशा और बिहार के जनजातीय समुदायों का बहुत बड़ा पर्व है। आदिवासी समाज जल-जंगल-जमीन से जुड़ा हुआ है यह पर्व भादो महीने के एकादशी के शुक्ल पक्ष के दिन मनाई जाती है। महिलाएं करम देवता का व्रत-उपवास कर अपने घर की सुख समृद्धि तथा भाई की दीर्घायु हेतु उपासना करती हैं। सूर्यास्त के बाद घर के आंगन में काट कर लाई गई करम डाल को स्थापित किया जाता है, उपासिन स्थापित करम डाल के चारों ओर बैठकर पाहन के द्वारा विधिवत रीति-रिवाज के साथ करम की कहानी सुनती हैं और पूजन करती हैं। पहान द्वारा करम कहानी सुनने के पश्चात पारम्परिक सांस्कृतिक नृत्य-गायन और वादन के साथ करम डाल की परिक्रमा करती हैं और यह सिलसिला रात भर चलता है ।

# डूसू चुनाव के परिणाम दर्शाते हैं कि युवा मोदी जी के साथ हैं: आर डी मलिक

**नई दिल्ली,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा के दिल्ली प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के सह-संयोजक रामदास मलिक आर डी मलिक ने डूसू चुनाव के परिणाम का स्वागत किया है और कहा है कि यह परिणाम देश के युवाओं के मूड को दर्शाता है जो राष्ट्रवादी ताकतों के साथ खड़े हैं जिनका एबीवीपी प्रतिनिधित्व करती है। युवाओं ने एक बार फिर दिखाया है कि देश की सुरक्षा और प्रगति उनके लिए सबसे पहले और प्राथमिक है, जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार का एजेंडा प्रतीत होता है। श्री रामदास मलिक ने कहा है कि डूसू चुनाव परिणाम यह भी दर्शाता है कि आज देश के युवाओं को लगता है कि देश को प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व प्राप्त होने का सौभाग्य मिला है जिनके नेतृत्व में युवा भारत को विश्व व्यवस्था पर हावी पाते हैं। चंद्रयान-3 और जी-20 शिखर सम्मेलन की हालिया सफलता के साथ-साथ प्रधानमंत्री की नारी शक्ति वंदन अधिनियम समेत माननीय प्रधानमंत्री का युवा शक्ति से संवाद और देश को विश्व गुरु बनाने के संकल्प को युवा शक्ति ने अपना समर्थन दिया है।



# 200 साल से ज्यादा पुरानी रामलीला मैदान की रामलीला में इस बार होगी खास चंद्रयान3 व जी20 की झलकियां : अजय अग्रवाल

**नई दिल्ली,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के रामलीला मैदान में दिल्ली की सबसे पुरानी एवं लोकप्रिय श्री राम लीला कमिटी रामलीला का भूमि पूजन के साथ भव्य तैयारी शुरु हुआ द्य भूमि पूजन में मुख्य अतिथि के रुप में दिल्ली की महापौर डॉश शैली ओबेरॉय, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉश हर्षवर्धन एवं स्थानीय निगम पार्षद मोजूद थे।

■ **श्री रामलीला कमेटी रामलीला का भूमि पूजन के साथ तैयारी शुरु**

श्री रामलीला कमिटी , रामलीला ग्राउंड रामलीला के चैयरमैन अजय अग्रवाल , प्रेसिडेंट ओपी कत्याल, वाइस प्रेसिडेंट आदित्य नागपाल, संरक्षक नितिन अग्रवाल, महासचिव राजेश खन्ना, उपाध्यक्ष ललित मित्तल एवं ज्वाइंट सेक्रेटरी शिव कुमार गुप्ता, प्रवीण खंडेलवाल एवं अन्य कार्यकर्ता आगामी 15 अक्टूबर से रामलीला ग्राउंड में होने वाले दिल्ली के सबसे पुरानी श्री राम लीला कमेटी रामलीला महोत्सव का भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर दिल्ली की महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि दो सौ साल से अधिक पुरानी रामलीला मैदान के इस ऐतिहासिक रामलीला के भूमि पूजन में शामिल होना मेरे लिए गौरव की बात है द्य उन्होंने संस्था को आश्वाशन दिया कि दिल्ली के महापौर के नाते रामलीला के आयोजन के लिए रामलीला मैदान एवं अन्य जो भी सहयोग संस्था को चाहिए हम तत्पर रहेंगे।





पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि मैं बचपन से इस रामलीला को देखते हुए बड़ा हुआ हुं द्य इसकी मनोरम झांकी की जूलूश अदभुत होती है, रामलीला में निकाली जाने वाली यह झांकियां भारत में अपनी तरह की खास झांकियां होती है। इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी के चेयरमैन अजय अग्रवाल ने बताया कि 200 साल से अधिक पुरानी इस रामलीला में देश के पूर्व प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, पार्टी अध्यक्ष सहित कई नामचीन हस्तियां शामिल हो चुके हैं द्य उन्होंने बताया कि अंतिम मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर के समय से मंचित हो रही यह रामलीला प्रभु श्री राम के अदभुत लीला मंचन के साथ साथ भाईचारे एवं आपसी सौहार्द के लिए भी जाना जाता है।

उन्होंने कहा कि आज भूमि पूजन के साथ हमने इसकी भव्य तैयारी शुरु कर दी है। इस बार हमारे रामलीला में देश के गौरव का प्रतिक बन चुके चंद्रायन 3 एवं जी 20 को विशेष स्थान दिया जा रहा है मंच पर जहां इनकी झलकियां मिलेगी वहीं चंद्रायन 3 एवं जी 20 का सेल्फी प्वाइंट भी लोगों को आकर्षित करेगा, रामलीला के दौरान नामचीन कलाकारों द्वारा संगीतमय संध्या, डांडिया नाइट कवि सम्मेलन एवं अन्य कार्यक्रण अयोजित करने की भी योजना है।

श्री रामलीला कमिटी के महा सचिव राजेश खन्ना ने कहा कि इस बार हम सभी पूरे उत्साह एवं भव्यता के साथ रामलीला का आयोजन कर रहे हैद्य हमारे रामलीला मंच पर विशाल एलईडी स्क्रीन लगाया जाएगा द्य इस बार के रामलीला मंचन के किरदार भी नामचीन कलाकार निभायेंगे, रामलीला में जाने माने कई कलाकार, राजनेता एवं नामचीन हस्तियां पधारेंगे।

श्री रामलीला कमेटी के उपाध्यक्ष ललित मित्तल ने कहा की सन 1800 से मंचित हो रही इस ऐतिहासिक रामलीला का मंच आकर्षक होगा एवं आयोजन स्थल पर रामलीला मंचन देखने आने वाले दर्शकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जायेगा। इस रामलीला की लोकप्रियता एवं यहां आने वाले दर्शकों की सुविधा के लिए पीछले बार से जायदा पार्किंग एरिया होगा।

लीला मंत्री एवं ज्वाइंट सेक्रेटरी शिव कुमार गुप्ता एवं प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि रामलीला मैदान के रामलीला कर झांकी जुलुस काफ़ी आकर्षक होता है, एवं 22 झांकियां निकलती है, इसे देखने के लिए दूर दूर से लोग आते हैं, गणेश पूजन से शुरु होकर यह झांकी जुलूस रोज 11 दिनों तक निकलती है।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "यहां जो भी तैनात था उसका उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। कम से कम छत पर पेड़ पौधे तो नहीं होने चाहिए थे। जीडीए से सचिव ने कहा कि प्रतिदिन सुबह यहां लगभग एक हजार लोग मॉर्निंग वॉक के लिए आते हैं उन्हें शौचालय की आवश्यकता होती होगी।
**राजेश कुमार सिंह, जीडीए सचिव**

## नगर निगम चला रहा गड्ढा मुक्ति अभियान



**गाजियाबाद,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम का गड्ढ़ा मुक्ति अभियान लगातार चल रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने अभियान का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर को पूरी तरह से जल्द से जल्द गड्ढ़ा मुक्त किया जाए। साथ ही कार्य में गुणवत्ता का भी ख्याल रखा जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि रात्रि को शहर वासियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी भी उपस्थित रहे।

### सेंट्रल वर्ज को व्यवस्थित कर आवागमन सरल करने में जुटा निगम



■ पार्कों में भी चल रहा है वृहद स्तर पर काम

**गाजियाबाद।** नगर निगम सफाई के साथ साथ पार्कों को व्यवस्थित करने में जुटा है। सभी पार्कों की घास कटिंग का कार्य, पौधों को व्यवस्थित करने का कार्य, पार्कों की नियमित सफाई का कार्य, बेंच की व्यवस्था का पार्क में मरम्मत का कार्य, उद्यान विभाग द्वारा बेहतर किया जा रहा है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने उद्यान विभाग को निर्देश देते हुए प्राथमिकता पर सेंट्रल वर्ज व्यवस्थित करने के निर्देश दिए हैं। उद्यान विभाग ग्रीन बेल्ट सेंट्रल वर्ज की सफाई व्यवस्था को बेहतर कर रहा है साथ ही सड़कों की तरफ बढ़ रही अनचाही टहनियां को भी प्रतिदिन ध्यान देते हुए कटिंग कर रहा है किसी प्रकार आवागमन में शहर वासियों को परेशानी न हो उसका विशेष ध्यान विभाग रख रहा है। इसी क्रम में वसुंधरा जोंन मे रामप्रस्था ग्रीन सेक्टर-9 वैशाली, कौशांबी मुख्य मार्ग, वसुंधरा सेक्टर-19, सूर्य नगर से बड़े-बड़े पेड़ों को जेसीबी की माध्यम से हटकर तथा उपकरणों के माध्यम से वही काटकर व्यवस्थित किया गया। जो कि निगम का सराहनीय कार्य है, जिसको सराहते हुए नगर आयुक्त ने उद्यान विभाग के माली हेड माली तथा टीम के कार्यों की प्रशंसा की।



## जीडीए सचिव ने किया राममनोहर लोहिया पार्क का निरीक्षण, बदहाल मिली स्थिति

■ सचिव ने दिए व्यवस्था में तत्काल सुधार करने के निर्देश

**गाजियाबाद,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार सिंह ने राम मनोहर लोहिया पार्क का औचक निरीक्षण किया और हकीकत से रूबरू हुए। पार्क की बदहाल स्थिति के बाद उन्होंने डा के इंजीनियरिंग विभाग वी उद्यान विभाग को पार्क को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह 10 एकड़ से बड़े क्षेत्र क्षेत्रफल वाले पार्क पर नियमित निगरानी रखें और टीम बनाकर उनका भ्रमण करें और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करें। उन्होंने पार्क को दुरुस्त करने के साथ कार्यालय की सफाई कराने के निर्देश दिए। इसे ठीक कराया जा सकता है, एक बार ऑफिस की सफाई करा दें। इन्होंने कहा है कि गुलाब वाटिका मेंटेन नहीं हैं। स्थिति को तत्काल सुधारा जाए। जीडीए सचिव ने कहा कि यहां जो भी तैनात था उसका उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। कम से कम छत पर पेड़ पौधे तो नहीं होने चाहिए थे। जीडीए से सचिव ने कहा कि प्रतिदिन सुबह यहां लगभग एक हजार लोग मॉर्निंग वॉक के लिए आते हैं उन्हें शौचालय की आवश्यकता होती होगी। अपने शौचालय जरा भी मेंटेन नहीं है। उन्होंने एक बार उनकी अच्छे से सफाई कराने के निर्देश दिए। जो टूटफूट है उसको एक सप्ताह में ठीक करने को कहा।

## निगम के तेल से हो रहा निजी कार्य, महापौर ने खुद पकड़ा मामला

**वैशाली में प्राइवेट कंपनी के कार्य में हो रहा निगम के पीने के पानी का दोहन**



**गाजियाबाद,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। महापौर सुनीता दयाल ने रविवार को एक हैरान करने वाला मामला पकड़ा है। महापौर ने वैशाली से आते समय मोहन नगर चौराहे पर गाजियाबाद नगर निगम लिखे दो डम्फर देखे ध्यान दिया तो पता चला कि एक में मलबा है और दूसरे में डस्ट है तभी महापौर ने गाड़ी रोकी और ड्राइवर से जानकारी प्राप्त की जिसमें पता चला कि उक्त गाड़ी नेचर ग्रीन कंपनी का वेद प्रकाश नामक व्यक्ति चलवाता है। दिन में लगभग 2 चक्कर लगते हैं प्रत्येक चक्कर का 25 ली डीजल मिलता है और यह मलबा मोरटा साइट पर जा रहा है और पेपर मील की डस्ट सिहानी गार्बेज फैक्ट्री जा रही है।

महापौर ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी से फोन वार्ता पर बात की तो बताया गया कि अगर निगम किसी प्राइवेट वाहन का प्रयोग करता है तो वह वाहन प्राइवेट कार्य नहीं कर सकता है। तो महापौर ने कहा कि फिर क्यों नेचर ग्रीन का कार्य निरस्त किया जाए?

तभी महापौर ने मौके पर सफाई निरीक्षक को बुलाकर दोनों गाड़ियां सौंपी और कार्रवाई के निर्देश दिए।

राम्प्रस्था ग्रीन वैशाली में एक प्लॉट में निगम का पानी का टैंक महापौर को खड़ा मिला जिसके आस पास रेत, डस्ट, रोड़ी, सीमेंट आदि भी रखा था प्रतीत हो रहा था कि किसी को फायदा पहुंचने के लिए पानी के टैंक द्वारा जल का दुरुपयोग किया जा रहा है। मौके पर की अवर अभियंता के वार्ता की गई जिसमें बताया गया कि जन्माष्टमी पर कार्यक्रम के दौरान वहीं खड़ा किया हुआ था तब महापौर ने सख्ती दिखाते हुए कहा गया कि 1 माह से उक्त स्थल पर ही टैंक खड़ा हुआ है क्या आपको पता नहीं की कार्यक्रम समाप्त हो गया तो टैंक को निगम में खड़ा किया जाए ये लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सार संक्षेप

### सेक्टर-12 प्रताप विहार में रामलीला समिति का गठन



**गाजियाबाद।** एन ब्लॉक मंदिर प्रांगण में इस क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने सर्व सम्मति से एक समिति माता जानकी राम लीला कमेटी, सेक्टर-12 प्रताप विहार गाजियाबाद का गठन किया। जिसका अध्यक्ष डॉ. आरके आर्य को बनाया गया है। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष- संतोष कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष- महेश शर्मा, महासचिव-देव दत्त शर्मा, कोषाध्यक्ष- ज्ञान चंद सारस्वत, सचिव- दीपक यादव, सहसचिव-भवानी शंकर शर्मा व गोपाल गौतम, मीडिया सचिव- के पी सिंह, संगठन सचिव-राजेंद्र शर्मा व अरून सिंह, सांस्कृतिक/सहसचिव- एन के सिंह, अजय त्यागी, सीपी सिंह, सलाहकार- अजेंद्र यादव बनाये गए। मुख्य संरक्षक- अनिल अग्रवाल ( राज्य सभा सांसद) तथा संरक्षक– पूनम सिंह बनाये गए है। डॉ. आर्य ने बताया कि 15 अक्टूबर से राम जानकी पार्क, प्रताप विहार में रामलीला मंचन का शुभारंभ किया जाएगा।

### डिप्लोमा इंजीनियर्स वैलफेयर एसोसिएशन की बैठक सम्पन



**गाजियाबाद।** डिप्लोमा इंजीनियर्स वैलफेयर एसोसिएशन गाजियाबाद, नोएडा, हापुड़ की बैठक इं आर सी जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन डिप्लोमा इंजीनियर्स संगठन के पूर्व महामंत्री इं बिक्रम सिंह बालियान ने किया। मुख्य वक्ताओं में इं रामवीर सिंह, इं प्रवीण कुमार, इं गोपाल सिंह, इं बी के गर्ग, इं एस के पवन, इं बनी सिंह, इं वी पी एस तोमर, इं योगेश कुमार शर्मा, इं विनेश कुमार, इं पी के अग्रवाल, इं आर सी जैन रहे।

### 35वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**बुलंदशहर।** केशव माधव सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार से सोमवार तक तीन दिवसीय 35वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन चल रहा है। जिसका उद्घाटन शनिवार को दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मीराज सिंह व जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ. प्रीतम सिंह ने प्रबंधक जगदीश प्रसाद ढौंढियाल व प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्र के साथ फीता काटकर शुभारंभ कराया। प्रधानाचार्य ने बताया कि 35वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए 25 स्कूलों से लगभग 315 बच्चे सम्मिलित हुए। क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में ताइक्वांडो, वुशू और कराटे के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने समस्त प्रतिभागियों को आशीर्वाद देते हुए उत्साहवर्धन किया। दूसरे दिन सभी खेलों का आयोजन किया। नगर पंचायत चेयरमैन मोहित सिंघल, क्षेत्रीय सह खेलकूद प्रमुख रविंद्र मोहन, कोषाध्यक्ष दिनेश सिंघल, सह प्रबंधक कालीचरण, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष भाटी, कोतवाली प्रभारी यज्ञदत्त शर्मा, रामबाबू सिंघल आदि मौजूद रहे।

## डीयू में चुनाव जीतने के बाद बैसला का नोएडा में स्वागत

**नोएडा,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी पैनल से ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर सर्वाधिक वोट लेकर जीते



सचिन बैसला का रविवार को नोएडा आगमन पर छात्रों व शहरवासियों ने नोएडा मोड सेक्टर-14ए व ग्राम हरौला के बारात घर पर स्वागत किया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। बैसला के गाड़ियों का काफिला सेक्टर आठ व सेक्टर-10 के बीच की रोड, नोएडा स्टेडियम और सेक्टर-12 के बीच से 12-22 होते हुए सेक्टर-55 के बारात घर पहुंचा। सचिन बैसला ने कहा कि आप लोगों के उत्साह को देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है मुझे गर्व है कि मैं नोएडा में रहता हूं। ये जीत मेरे बुजुर्गों के आशीर्वाद व हर एक युवा साथी की मेहनत से संभव हुई है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं आप लोगों को कभी निराश नहीं होने दूंगा जो मेरे लायक कार्य होगा उसके लिए मैं आप लोगों को कभी निराश नहीं होने दूंगा।

## राजनीति में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर कांग्रेस का जोर

■ यूथ कांग्रेस का प्रदेश में पहली बार एक साथ आनलाइन सदस्यता व चुनाव अभियान हो रहा संचालित
■ पहले तीन चरण में होता था चुनाव

**नोएडा,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। युवाओं की देश की राजनीति में सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के लिए कांग्रेस लगातार प्रयास कर रही है, क्योंकि भारत युवाओं का देश है। युवा ही देश का भविष्य है, वह राजनीति में आए, तो देश व राज्य दोनों की दिशा व दशा को बदल सकता है। इसी उद्देश्य के साथ पार्टी ने उत्तर प्रदेश में पहली बार विधानसभा स्तर से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक युवाओं की फौज तैयार करने के लिए ऑनलाइन सदस्यता व चुनाव की व्यवस्था को शुरू की है, जिसमें सिर्फ ऑनलाइन मॉनिटरिंग होगी, यूथ कांग्रेस की टीम का चयन ऑनलाइन स्तर पर होगा। यह नई टीम जोश के साथ दो माह में मैदान में नजर आएगी। यह बात रविवार को पश्चिम उत्तर प्रदेश के कांग्रेस जोनल रिटर्निंग अधिकारी अशद आलम ने कही। उन्होंने यूथ कांग्रेस चुनाव को लेकर बिशनपुरा स्थित नोएडा महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राम कुमार तंवर के कार्यालय पर यूथ कांग्रेस के प्रदेश, जिला एवं विधानसभा सदस्यता अभियान व चुनाव प्रक्रिया को लेकर बैठक की, उसके बाद पत्रकार से



वार्ता कर कहा कि उतर प्रदेश के वरिष्ठ इलेक्शन कमीश्नर राजपाल बिष्ट व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर (पीआरओ) ठाकुर सिंह बिष्ट ने 21 तारीख को लखनऊ से सदस्यता अभियान की लांचिंग की है। इसमें 22 सितम्बर से लेकर 29 सितम्बर तक नामांकन की तिथि रखी गई है, जिसमें विधानसभा कमेटी, जिला कमेटी, प्रदेश अध्यक्ष व महासचिव पद के लिए 18 से 35 आयु वर्ग के युवा चुनाव व सदस्यता अभियान में प्रतिभाग कर सकते हैं, सदस्यता अभियान व नामांकन प्रक्रिया सभी आनलाइन होगी। 30 सितम्बर तक नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी।

एक अक्टूबर को स्कूटनी के तहत कागजों की मापदंड के आधार पर प्रत्याशी घोषित होंगे। 10 अक्टूबर से वोटिंग प्रक्रिया प्रारंभ होगी और 8 नवम्बर तक चलेगी। आठ नवम्बर के बाद एक हफ्ते के अंतराल में वैध मतों के आधार पर पद आवंटन होंगे।

प्रदेश अध्यक्ष के टाप थ्री प्रत्याशियों को आलाकमान की ओर से साक्षात्कार में चयन करके अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। नोएडा महानगर अध्यक्ष राम कुमार तंवर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अभियान के माध्यम से सभी युवाओं को सक्रिय राजनीति में आने का खुला और समान अवसर दे रही है। अभी तक सदस्यता अभियान विभाजित रूप से किया जाता था, जिसमें तीन चरण होते थे लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है कि पूरे प्रदेश में एक ही समय पर सदस्यता अभियान व चुनाव प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। इस मौके पर नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुरुषोतम नागर, ओबीसी कांग्रेस प्रदेश महासचिव उर्मिला चौधरी, नोएडा महानगर उपाध्यक्ष हरेन्द्र शर्मा, महासचिव जितेन्द्र चौधरी, सचिव शाहिद सिद्दीकी, सचिव कैप्टन हरलीन बाजवा, रिजवान चौधरी, वरिष्ठ नेता एसकेएस पलटा समेत अन्य मौजूद रहे।

## 14वीं मंजिल की बालकनी से कूदकर किशोर ने की आत्महत्या

**नोएडा,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-74 स्थित केपटाउन हाउसिंग सोसाइटी की 14वीं मंजिल स्थित फ्लैट की बालकनी से गिरकर 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। किशोर ने छलांग क्यों लगाई, इसकी वजह अभी तक सामने नहीं आ पाई है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। पुलिस प्राथमिक जांच में आत्महत्या की आशंका जता रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि महाराष्ट्र निवासी गुरुशरण सिंह केपटाउन हाउसिंग सोसाइटी की 14वीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में अपनी पत्नी, सास, बेटी और बेटा रहते थे। कोरोना काल में उनकी मौत हो गई। शनिवार रात सवा एक बजे के करीब उनका 15 वर्षीय बेटा अंगद संदिग्ध परिस्थितियों में फ्लैट से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन सिक्योरिटी गार्ड की मदद से उसको लेकर नजदीक के अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अंगद सेक्टर-62 स्थित स्कूल में दसवीं का छात्र था। हादसे की सूचना मिलने के बाद उसके स्कूल के साथी भी सोसाइटी पहुंचे। पुलिस के मुताबिक मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, अभी तक आत्महत्या संबंधी कोई ठोस कारण निकल कर सामने नहीं आया है। आशंका जताई जा रही है कि किशोर ने मानसिक तनाव के चलते यह कदम उठाया। जिस समय हादसा हुआ, फ्लैट में मौजूद परिवार के अन्य सदस्य सो रहे थे। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## कारोबारी के घर पर फायरिंग बदमाश हुए फरार

**नोएडा,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर-100 निवासी कारोबारी के घर पर बदमाश फायरिंग कर फरार हो गए। घटना के बाद से कारोबारी का परिवार डरा हुआ है। पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सेक्टर-39 पुलिस को दी शिकायत में कारोबारी जोगेंद्र भाटी ने बताया कि अट्टा मार्केट में उनकी दुकान है। वह 20 सितम्बर की रात परिवार समेत घर पर थे, तभी किसी ने घर पर फायरिंग कर दी। एक गोली रसोई की खिड़की के शीशे को तोड़कर अंदर घुस गई। शोर सुनकर शिकायतकर्ता और परिवार के अन्य सदस्य घर के बाहर निकले पर वहां कोई नहीं था। दावा है कि जब सूचना पर नजदीकी चौकी के प्रभारी पहुंचे तो घटनास्थल पर उन्हें कारतूस मिला। बताया जा रहा है कि गोली पिस्टल से चलाई गई थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसकी शहर में या बाहर किसी से कोई रंजिश नहीं है। ऐसे में पूरा परिवार घटना से सहम गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

## वेटलिफ्टिंग फेस्टिवल कार्यक्रम का समापन, विजेताओं को दी ट्रॉफी

**नोएडा,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा इंडोर स्टेडियम में द रॉ मेनिया के द्वारा भारत में सबसे पहला तीन दिवसीय वेटलिफ्टिंग फेस्टिवल का समापन हुआ। जिसमें देश भर से लगभग 250 वेटलिफ्टर ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल और युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह रहे। महिला वर्ग में मास्टर कैटेगरी स्ट्रॉन्ग वूमेन में गुड्डी शर्मा, ओपन कैटेगरी स्ट्रॉन्ग वूमेन में छाया तंवर, टीन एज कैटेगरी स्ट्रॉन्ग वूमेन में अंजली आडवाणी, जूनियर कैटेगरी स्ट्रॉन्ग वूमेन में शालू ने जीत दर्ज की। वेटलिफ्टिंग फेस्टिवल की बेस्ट लिफ्टर का खिताब शालू ने अपने नाम जिन्हें 25000 की राशि आयोजकों द्वारा इनाम में दी गई। इस अवसर पर गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि आज लड़कियां हर खेल में देश का गौरव बढ़ा रहीं हैं।

प्रधानमंत्री की खेलो इंडिया जैसी अन्य जनकल्याणकारी मुहिम से ही यह संभव हो पाया। योगी के नेतृत्व में गौतमबुद्धनगर एवं नोएडा में खेलों का स्तर बढ़ा है और एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो गया है। यह खिलाड़ियों के लिए बहुत ही लाभदायक है। मोटों जीपी जैसे विश्व स्तरीय आयोजन भी यहां हो रहें हैं।

## नोएडा स्टेडियम में हुआ रामलीला मंचन के लिए भूमि पूजन

**नोएडा,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री सनातन धर्म रामलीला समिति नोएडा स्टेडियम में रामलीला का मंचन करेगी। इसके लिए रविवार को स्टेडियम में पूजा अर्चना हवन के साथ भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन पंडित वीरेन्द्र नंद द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। भूमि पूजन में सनातन धर्म रामलीला के मुख्य संरक्षक व गौतमबुद्ध नगर सांसद डॉ. महेश शर्मा, विमला बाथम, अध्यक्ष महिला आयोग, उप्र, डॉ. वी. एस. चौहान, विपिन मल्हन, अध्यक्ष एनईए, कुलदीप गुप्ता, अध्यक्ष भारत विकास परिषद, योगेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष फोनरवा एवं सनातन धर्म रामलीला समिति के चेयरमैन टी.एन गोविल, अध्यक्ष टी. एन. चौरसिया भी मौजूद रहे। उनके द्वारा मुख्य पूजन किया गया और साथ ही झंडा की पूजा कर झंडा लगाया गया। समिति के सभी सदस्य एवं रामलीला मंचन करने आये सभी कलाकार भी इस भूमि पूजन के कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस बार मंचन को बहुत ही भव्य रूप दिया जाएगा। लीला की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है और आज से भूमि पूजन के उपरान्त सभी कार्य प्रारंभ कर दिये जाएंगे। रामलीला का प्रारंभ 15 अक्टूबर 2023 से 25 अक्टूबर 2023 तक चलेगा।



### आज श्रीराम मित्र मंडल करेगा सेक्टर-62 में भूमि पूजन

आज सुबह करीब 10 बजे से सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में श्रीराम मित्र मंडल नोएडा द्वारा आयोजित होने वाली श्रीरामलीला महोत्सव 2023 का भूमि पूजन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय श्रीरामलीला महोत्सव आयोजन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि आज भूमिपूजन समारोह में शहर के सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहेंगे। श्रीराम मित्र मंडल रामलीला समिति हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में श्रीरामलीला मंचन का आयोजन करेगी। उन्होंने बताया कि श्रीरामलीला महोत्सव और श्रीरामलीला मंचन का आयोजन 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा। 15 अक्टूबर को गणेश पूजन के साथ श्रीरामलीला मंचन शुरू होगा। 19 अक्टूबर को श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली जाएगी। 24 अक्टूबर को दशहरा उत्सव मनाया जाएगा एवं रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन होगा। 25 अक्टूबर को श्रीराम-भरत मिलाप के साथ ही श्रीरामलीला महोत्सव का समापन हो जाएगा।

## यूपीआईटीएस 2023 के चौथे दिन प्रदर्शकों को जबरदस्त कारोबार मिला

■ आगंतुकों और खरीदारों की रिकॉर्ड तोड़ संख्या में मेले में पहुंचे

**नोएडा,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2023 का चौथा दिन बेहद सफल साबित हुआ, जिसने आश्चर्यजनक संख्या में खरीदारों और आगंतुकों को आकर्षित किया और रिकॉर्ड स्थापित किए। ट्रेड शो ने न केवल सभी उम्मीदों को पार कर लिया है, बल्कि अपनी शुरुआत के बाद से लगातार हर दिन पिछले रिकॉर्ड तोड़े हैं। यूपीआईटीएस 2023 के चौथे दिन, कार्यक्रम में अनुमानित 14,253 खरीदारों और लगभग 74,000 आगंतुकों की रिकॉर्ड-तोड़ उपस्थिति देखी गई।

गाइडर इनोवेंचर्स के अमन गुप्ता ने शानदार व्यवसाय दिलाने के लिए यूपीआईटीएस 2023 की सराहना की। उन्हें खरीदारों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है, उन्हें इवेंट के अंत तक जबरदस्त ब्रांडिंग प्रमोशन और बिजनेस की उम्मीद है। आटा मिल एमएसएमई प्रदर्शक महेंद्र पाल ने पुष्टि की कि यहां उन्हें जबरदस्त कारोबार मिला है और इस प्रदर्शनी के कुछ ही दिनों में वे हजारों लोगों से जुड़े हैं। उन्हें अपनी विनिर्माण क्षमता से अधिक ऑर्डर मिले हैं और खरीदारों की मांग को पूरा करने के लिए उन्हें 8 और फैक्ट्रियों से शुरुआत करनी होगी।

ट्रेड शो में व्यापारियों, खरीदारों, आगंतुकों, प्रमोटरों और प्रदर्शकों के एक उल्लेखनीय मेलजोल के अलावा, विनिर्माण और निर्यात के विभिन्न और नवीन पहलुओं पर ज्ञान प्रदान करने के लिए 'उत्तर प्रदेश-भारत के आईसीटी विनिर्माण और निर्यात के विकास में अग्रणी' नाम से एक विचार-मंथन सत्र आयोजित किया गया था। यह सत्र इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर सॉफ्टवेयर निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा आयोजित किया गया था। सत्र का उद्घाटन विधायक-नोएडा, पंकज सिंह ने किया। शो में गुरमीत सिंह कार्यकारी निदेशक इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ईएससी इंडिया), संदीप नरूला अध्यक्ष, ईएससी और सीईओ, अटलांटा सिस्टम्स इंडिया, अरविंद कुमार महानिदेशक सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई), अमृत मनवानी सीईओ सहस्र इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, अजय गोयल मुख्य परिचालन अधिकारी पैनीटेक स्मार्ट एनर्जी ने हिस्सा लिया। इसके बाद शाम को जीआई उत्पाद फैशन शो, 'तत्वस्तित्व जीआई महोत्सव' रहा। जिसमें औद्योगिक विकास मंत्री, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', उत्तर प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, सचिव, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग राजेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

उवाच

इसी क्षेत्र में ही प्रदेश सरकार ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल के साथ मिलकर एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल) का निर्माण युद्धस्तर पर कर रही है। प्रदेश के अंदर ही अन्य क्षेत्रों में भी एयर कनेक्टिविटी को बेहतर किया गया है। इनलैंड वाटरवेज वाराणसी-हल्दिया के बीच में प्रारंभ हो चुका है जो प्रदेश के पूर्वी बंदरगाह के साथ बेहतर कनेक्टिवटी को आगे बढ़ा रहा है।

**योगी, मुख्यमंत्री**



## वांछित का पता लगाने में पुलिस के छूटे पसीने

**जेवर,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली पुलिस 24 साल पुराने मामले में वांछित को ढूढ़ने के लिए पसीना बहा रही है लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चल पा रहा है। तारीख पर लगातार गैर हाजिर होने पर न्यायालय ने कोतवाली पुलिस को धारा 82 की कार्रवाई के आदेश जारी किये थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि कोतवाली पुलिस द्वारा वर्ष 1999 में जेवर खादर उर्फ मढैया के रहने वाले लक्ष्मन व फूल सिंह तथा अलीगढ़ के गांव परकगढ़ी थाना टप्पल के रहने वाले पाली को कस्बे स्थित लाल मुकुंदलाल के मकान के पास से चोरी की योजना बनाते हुए नाजायज असलाह के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसके बाद आरोपित न्यायालय से जमानत पर जेल से बाहर आये थे। कुछ समय बाद आरोपित न्यायालय से गैरहाजिर हो गये। जिसके बाद न्यायालय द्वारा वारंट तथा गैर जमानती वारंट जारी किये गए। पुलिस जांच में पता चला की जेवर खादर उर्फ मढैया के रहने वाले वांछित फूल सिंह की मौत चुकी है। न्यायालय के आदेष पर पुलिस द्वारा जेवर खादर उर्फ मढैया के रहने लक्ष्मन के खिलाफ धारा 82 की कार्रवाई की जा चुकी है लेकिन पुलिस तीसरे आरोपित अलीगढ़ के थाना टप्पल के गांव परकगढ़ी के रहने वाले पाली को ढूढ़ने में नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच में पता चला है कि थाना टप्पल क्षेत्र में परकगढ़ी नाम से कोई गांव ही नहीं है।

# मुख्यमंत्री ने मोटो जीपी भारत में हिस्सा लेने आए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से किया संवाद

- **मोटो जीपी के स्टेक होल्डर्स और ऑर्गनाइजर्स को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए किया आमंत्रित**
- **निवेशकों को प्रदेश सरकार हर प्रकार की सुरक्षा और सुविधा करेगी प्रदान**

**■ देवेंद्र सिंह**

**ग्रेटर नोएडा,** 24 सितबम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित हो रहे मोटो जीपी भारत में हिस्सा लेने आए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बिजनेस कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि निवेश के लिए उत्तर प्रदेश सरकार हर प्रकार की सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश में संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी का आयोजन हम सबके लिए उत्साहवर्द्धक है।

उत्तर प्रदेश भारत का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है। यह भारत की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है और कुल आबादी का 56 फीसदी वर्किंग एज ग्रुप होने के कारण भारत का सबसे युवा राज्य भी है। इसलिए स्पोर्ट्स सेक्टर को न केवल विकसित करने की संभावनाएं उत्तर प्रदेश में हैं बल्कि हमारी सरकार और केंद्र सरकार इस सेक्टर पर विशेष फोकस करते हुए इस प्रकार के इवेंट को आयोजित करने के हर संभव प्रयास कर रही है। इस बात पर प्रसन्नता है कि अब तक मोटो जीपी 2023 के लिए लगभग एक लाख से अधिक टिकटों की बिक्री हो चुकी है। मोटो जीपी रेस का आयोजन वैश्विक ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए आकर्षण का एक केंद्र है। इस आयोजन से प्रदेश में और भारत में ऑटोमोबाइल सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षण में वृद्धि की जो संभावनाएं हैं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी।






### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण युद्ध स्तर पर

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी क्षेत्र में ही प्रदेश सरकार ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल के साथ मिलकर एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल) का निर्माण युद्धस्तर पर कर रही है। प्रदेश के अंदर ही अन्य क्षेत्रों में भी एयर कनेक्टिविटी को बेहतर किया गया है। इनलैंड वाटरवेज वाराणसी-हल्दिया के बीच में प्रारंभ हो चुका है जो प्रदेश के पूर्वी बंदरगाह के साथ बेहतर कनेक्टिवटी को आगे बढ़ा रहा है। प्रदेश के अंदर औद्योगिक अवस्थापना के विकास के लिए अटल इंडस्ट्रीयल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन का शुभारंभ पहले ही हम कर चुके हैं और पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान में प्रदेश के अंदर औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश के लिए एक नया इकोसिस्टम तैयार हुआ है।

### निवेश के लिए प्रदेश में किया गया अनेक रिफॉर्म

प्रदेश में निवेश के लिए माहौल बनाने के सरकार के प्रयासों की जानकारी देते हुए सीएम ने कहा कि प्रदेश के अंदर आज निवेश की बेहतर संभावनाएं बढ़ी हैं। निवेश की इन बेहतर संभावनाओं के लिए प्रदेश को अनेक रिफॉर्म करने पड़े थे। सुरक्षा का एक बेहतर वातावरण देना पड़ा था। निवेश मित्र देश के अंदर सबसे बड़ा पोर्टल है। यह 400 से अधिक सेवाओं को एक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने का काम करता है, जहां तेजी के साथ निवेशकों की समस्याओं का समाधान होता है। निवेश करने वाले हर निवेशक के लिए ऑनलाइन इंसेंटिव पोर्टल का विकास करके यह व्यवस्था की गई है कि इंसेंटिव्स के लिए निवेशक को कहीं भटकना न पड़े। अलग-अलग सेक्टर की 25 सेक्टोरल पॉलिसीज बना कर उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। प्रदेश सरकार ने फरवरी 2023 में लखनऊ में पहले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया था। इसमें दुनिया के एक दर्जन से अधिक देशों ने पार्टनर कंट्री के रूप में अपना योगदान दिया था। इस आयोजन के माध्यम से 36 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

## मुख्यमंत्री ने उद्यमियों और किसानों की हर समस्या के निस्तारण का दिया आश्वासन

**ग्रेटर नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में हरियाणा टेक्सटाइल एसोसिएशन एवं निवेशकों से संवाद के साथ ही किसानों के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता की। इस दौरान किसानों और उद्यमियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने मुद्दों को रखा। किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने शोर भूमि के संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए फैसले को लेकर उनका आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने किसानों और उद्यमियों को आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी समस्या उनके सामने आएगी, उसका प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार किसानों और उद्यमियों के लिए हर समय उपलब्ध है और उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इसके बाद सीएम ने जिले के अधिकारियों से शहर की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

## सार संक्षेप

### तमंचा समेत एक गिरफ्तार

**रबूपुरा।** बीती रात कोतवाली पुलिस में जांच के दौरान तमंचा व कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अनुसार रविवार को पुलिस टीम भाईपुर रोड पर वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान अभियुक्त बिट्टू निवासी दीवान सिह धाणी थाना चांदहट पलवल को एक तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोप है अभियुक्त आते-जाते लोगों पर रौब जमाने के लिए तमंचा दिख रहा था। जिसके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### चोरी के माल समेत आरोपी गिरफ्तार

**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा गार्ड द्वारा चोरी किए जाने के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



अभियुक्त से चोरी किये गए लोहे के पाइप बरामद हुए हैं। मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने समान जब्त कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अनुसार गांव मिर्जापुर निवासी राजकुमार ने कोतवाली में शिकायत दी थी कि प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र में निर्माणाधीन साइट से पानी की पाइप चोरी कर ली गई हैं। शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भाईपुर रोड पर रिक्शा में पाइप लादकर जा रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि उसका नाम भैरव दत्त जोशी निवासी गुज्जरपुर बंकी थाना कालाडूगी जिला नैनीताल उत्तराखंड है। फिलहाल वह मिर्जापुर में रहता है और बतौर गार्ड कार्यरत है। पाइपों को चुरा कर मोटरसाइकिल नुमा रिक्शे पर लादकर बेचने के लिए जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## भारत में पहली बार मोटो जीपी रेस को लेकर दर्शकों में रहा उत्साह





**ग्रेटर नोएडा,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। इंडियन ऑयल मोटो जीपी भारत रेस का आयोजन देश में पहली बार हुआ, जिसको लेकर दर्शकों में बड़ा उत्साह देखने को मिला। रविवार को बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर मोटो जीपी भारत 2023 का समापन था। फाइनल रेस देखने के लिए देश भर के उद्यमियों, जनप्रतिनिधि के साथ पूरे देश व दुनियाभर खेल प्रसंक पहुंचे थे। भारत में पहली बार मोटो जीपी रेस का आयोजन हुआ जिसको लेकर भारतीय लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। बहुत से ऐसे लोगो थे जिनकों रेसरों के बारे में जानकारी नहीं थी फिर भी रेसरों को उत्साह वर्धन करते रहे। इस दौरान बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट का दर्शक दीर्घा पूरी तरह से खचाखच भरा हुआ था। बाइक रेस को लेकर युवाओं और बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। पिट लेन में जैसे ही बाइक रफ्तार भरते हुए निकलती थी उनका जोश बढ़ जाता था। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को लेकर हर कोई अपने मोबाइल फोन के कैमरे में कैद करने की कोशिश कर रहा था। लोग अपने परिवार के साथ फाइनल रेस देखने के लिए पहुंचे थे, सभी ने खूब तारीफ की।

## मैं अपने प्रसंशकों को अपना दिल देना चाहता हूं : मार्क बेजेची

**■ विशाल धर दुबे**

- **बेजेची ने बीआईसी ट्रैक की जमकर की तारीफ, कहा कि जिस दिन मैं यहां पहुंचा, मुझे यह जगह बहुत पसंद आई**
- **मार्टिन ने आखिरी लैप में हासिल किया दूसरा स्थान**
- **चैंपियनशिप लीडर फ्रांसेस्को बगानिया आठ लैप शेष रहते हुए बाहर, फैबियो क्वार्टारो रहे तीसरे स्थान पर**
- **मोटो जीपी 2 के मार्क वीडीएस के टोनी आर्बोलिनो और मोटो जीपी 3 के लेपर्ड होंडा के जैमे मासिया बने चैंपियन**

**ग्रेटर नोएडा,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। इंडियनऑयल ग्रांप्री ऑफ इंडिया रेस जीतने वाले मूनी वीआर 46 रेसिंग टीम (डुकाटी) के राइडर इटली के मार्को बेजेची पहले मोटोजीपी राइडर बन गए हैं। बेजेची ने रविवार को यहां ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में पोडियम में टॉप स्थान हासिल किया। इंडियनऑयल ग्रांप्री ऑफ इंडिया के फाइनल दिन एक शानदार रेस देखने को मिली क्योंकि जब रेस शुरू हुई तो प्राइमा प्रामैक के जॉर्ज मार्टिन ने मोड़ 1 पर बढ़त बना ली थी। चैंपियनशिप लीडर फ्रांसेस्को बगानिया ने भी बेजेची को तीसरे स्थान पर छोड़ दिया। हालांकि, बेजेची ने अपना टॉप स्थान हासिल कर लिया। बेजेची ने सबसे पहले, बगानिया को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल किया और फिर मोड़ 4 पर बढ़त हासिल कर ली। इस दौरान मार्टिन अपनी एक गलती के कारण बाहर हो गए।

बेजेची ने इसके बाद, पोडियम में बाकी बचे दो स्थानों को हासिल करने के लिए अपनी गति को और ज्यादा तेज कर दी। उन्होंने फिर आठ सेकंड पहले ही रेस को खत्म करके खिताब अपने नाम कर लिया। इस शानदार जीत के बाद बेजेची ने भारतीय फैंस और बीआईसी ट्रैक की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि जिस दिन मैं यहां पहुंचा, मुझे यह जगह बहुत पसंद आई। मुझे फैंस के साथ जश्न मनाना पसंद है, मैं फैंस को अपना दिल देना चाहता हूं। दुनिया के इस हिस्से में वे बहुत तेज हैं और मुझे उनको सुनना बहुत पसंद है। रेसिंग टीम (डुकाटी) के राइडर इटली के मार्को बेजेची के लिए सीजन की यह दूसरी जीत है। फैंस के साथ-साथ वह यहां के ट्रैक से भी काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने इसकी जमकर तारीफ करते हुए कहा कि यह एक ऐसा ट्रैक है जब मैंने इस पर बाइक राइड किया तो मुझे ये काफी पसंद आया। कुल मिलाकर यह मेरे लिए अच्छा रहा।



शारीरिक रूप से मुझे बेहतर महसूस हुआ, इसलिए दिशा बदलने में कोई समस्या नहीं थी, जैसा कि मिजानो में हुआ था। दूसरे स्थान के लिए भी मुकाबला काफी कड़ा रहा। इसकी शुरुआत सबसे पहले बगानिया और मार्टिन के बीच हुई। दोनों के बीच लगभग 13 लैप तक कांटेदार टक्कर देखने को मिली। इसके बाद दूसरे स्थान पर मार्टिन से आगे चल रहे बगानिया मोड़ 4 पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए और उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। यामाहा के फैबियो क्वार्टारो अचानक से तीसरे स्थान पर पहुंच गए और इससे पोडियम फिनिश करने की उनकी उम्मीदें कायम थी। अंतिम लैप में दोनों राइडर्स के बीच रोमांचक जंग देखने को मिली। लेकिन मार्टिन जब मोड़ 4 पर बाहर हुए तो क्वार्टारो एक पल के लिए दूसरे स्थान पर आ गए। लेकिन मार्टिन ने पोडियम में दूसरा स्थान हासिल कर लिया।

केटीएम के ब्रैड बाइंडर चौथे और रेपसोल होंडा के जोन मीर पांचवें स्थान पर रहे। आठ बार के विश्व चैंपियन मार्क मार्केज को नौवें स्थान से संतोष करना पड़ा। मोटो2 रेस में पेड्रो अकोस्टा को खिताब जीता, उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी राइडिंग मार्क वीडीएस के टोनी आर्बोलिनो ने दूसरा स्थान हासिल किया। अमेरिकी राइडर जो रॉबर्ट्स तीसरे स्थान पर रहे। मोटो जीपी3 में लेपर्ड होंडा के जैमे मासिया ने खिताब अपने नाम किया। एसआईसी58 होंडा के काइतो टोबा ने दूसरा स्थान और सासाकी को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

## ग्रेनो के साइट 4 रामलीला मंचन के लिए भूमि पूजन



**ग्रेटर नोएडा,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री रामलीला कमेटी, ग्रेटर नोएडा द्वारा आयोजित होने वाले विजय महोत्सव 2023 कार्यक्रम के लिये रविवार साइट 4 स्थित रामलीला मैदान में भूमि पूजन संपन्न हुआ। महासचिव बिजेंद्र सिंह आर्य ने बताया कि इस वर्ष 15 से 25 अक्टूबर तक विजय महोत्सव 2023 कार्यक्रम साइट 4 स्थित सेंट्रल पार्क में धूमधाम से मनाया जाएगा।

अध्यक्ष मनजीत सिंह ने बताया कि वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन करने के पश्चात धर्मचंद के कर कमलों द्वारा नारियल फोड़कर भूमि पूजन सम्पन्न हुआ उसके उपरांत बिजेंद्र भाटी, डॉ0 राकेश गुप्ता, राजकुमार भाटी, अजित दौला, वीरेंद्र डाढा, अजय चौधरी व राकेश आर्य ने सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

कार्यक्रम में मनोज गर्ग, सौरभ बंसल, विनोद कसाना, धर्मपाल भाटी, कमल सिंह आर्य, कुलदीप शर्मा, के के शर्मा, हरेंद्र भाटी, मुकुल गोयल, मुकेश शर्मा, श्यामवीर भाटी, विकास प्रधान, अनिल कसाना, सुनील प्रधान, अरुण गुप्ता, विशाल जैन, हरवीर मावी, गजेंद्र सिंह, बजरंग गोयल, ओमप्रकाश अग्रवाल, सुरेन्द्र तायल व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## श्री धार्मिक रामलीला कमेटी ने रामलीला मंचन को लेकर किया भूमिपूजन




**ग्रेटर नोएडा,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के तत्वाधान में रामलीला मैदान पाई सेक्टर में रामलीला का मंचन का भूमि पूजन गोस्वामी सुशील महाराज के निर्देशन में वैदिक मंत्र के साथ किया गया। कमेटी के अध्यक्ष आनंद भाटी ने बताया कि इस बार रामलीला का मंचन बहुत ही भव्य तरीका से किया जाएगा। भूमि पूजन में मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि विधायक तेजपाल नागर, हरीश ठाकुर, भाजपा नेता राजे कसना, सेवानंद शर्मा थे। भूमि पूजन के मुख्य यजमान केबी ग्रुप के राकेश सिंघल, राकेश अग्रवाल व नवीन जिन्दल मौजूद थे। रामलीला का मंचन 15 अक्टूबर से लेकर 24 अक्टूबर तक किया जाएगा। जिसमें राजस्थान के बीकानेर और जोधपुर के कलाकारों के द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर संस्था के संस्थापक एडवोकेट राजकुमार नगर, शेर सिंह भाटी, हरबीर मावी, सुशील नागर, बालकृष्ण सफीपुर, प्रदीप शर्मा, आनन्द भाटी अध्यक्ष, ममता तिवारी महासचिव, अजय कुमार नागर कोषाध्यक्ष, उमेश गौतम, सतबीर मुखिया, नवनीत गुप्ता, सुभाष भाटी, महेश शर्मा, पवन नागर, रोशनी सिंह, विमलेश रावल आदि मौजूद रहे।

## संस्कार पाठशाला प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा



**ग्रेटर नोएडा,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। विक्ट्री वर्ल्ड स्कूल स्वर्ण नगरी में श्री बालाजी मानव सेवा समिति के तत्वावधान में श्री बालाजी संस्कार केंद्र द्वारा आयोजित सनातन को जाने संस्कार पाठशाला प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन व सरस्वती वंदना से हुआ। प्रतियोगिता में ग्रेटर नोएडा शहर के निर्धन बच्चों को शिक्षा दे रही संस्थाओं के बच्चों व सामान्य वर्ग एवं अनेक स्कूलों के बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

संस्था के सह मीडिया प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संस्था के संस्थापक सतेन्द्र राघव ने सनातन को जानें विषय पर अपने उद्बोधन में कहा कि समर्पण सेवा संस्कार जैसे महत्वपूर्ण ध्येय वाक्य को लेकर शहर में सनातन विचार संस्कार एवं सनातन जीवन दर्शन के लिए बच्चों एवं परिवारों के मध्य समानता का भाव उत्पन्न करने हेतु समरसता के वातावरण को जागृत कर रही है सनातन संस्कृति भारत एवं विश्व का अभिन्न आधार है। समानता के आधार पर संस्कार, समाजिक चेतना एवं विश्व जन जागृति जगाने का कार्य करती है। कार्यक्रम की जज ज्योति प्रिया, अलका श्रीवास्तव, शोभा कुमारी, नबनिता महेश एवं अनुराधा रहीं। प्रतियोगिता संचालन रीना गुप्ता एवं रश्मि अरोड़ा ने किया। संस्था के कार्यकारणी पदाधिकारी कुलदीप शर्मा, मनोज सिंघल, मुकेश यादव, प्रमोद चौहान, विनीत पांडे, संजय शर्मा, पवन मित्तल, नितिन त्यागी, आनंद वर्धन नौटियाल, आशुतोष जैना रविकांत चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## बल्देव छट मेले में कबड्डी टूर्नामेंट का आज होगा फाइनल

- **पुरूष कबड्डी टूर्नामेंट में 48 टीम हुई सम्मलित**
- **समयाभाव के चलते एक दिन बढ़ाया गया**

**जेवर,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री दाउजी मंदिर परिसर में चल रहे 164वें बल्देव छट मेले में रविवार को पुरूष कबड्डी टूर्नामेंट में कुल 48 टीमों ने भाग लिया। समय के अभाव की वजह से टूर्नामेंट को एक दिन और बढ़ाते हुए सोमवार को फाइनल मुकाबले समेत कुल नौ मैच खेले जाएंगे। चौथे दिन कबड्डी टूर्नामेंट व मेला देखने के लिये नगर व दूर दराज क्षेत्र से हजारों की भीड़ उमड़ी।

श्री दाउजी मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि दाउजी स्टेडियम में शनिवार को पुरूष कबड्डी टूर्नामेंट की शुरूआत की गई थी तथा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को फाइनल मुकाबले के साथ टूर्नामेंट का समापन किया जाना था लेकिन अधिक टीमों की भागीदारी की वजह से रविवार को फाइनल मुकाबला नहीं हो सका। जिसकी वजह से टूर्नामेंट का समय एक दिन के लिए बढ़ाया गया है। सोमवार को सुबह आठ बजे से फाइनल तक नौ मैच खेले जाएंगे तथा उसके उसके बाद





बाल कुश्ती दंगल का शुभारंभ किया जाएगा। समिति के उपाध्यक्ष यशु शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट के आयोजक डॉ. चिराग अग्रवाल द्वारा विजेता टीम को 61 हजार तथा उपविजेता टीम को 41 हजार रूपए की नगद राशि तथा ट्राफी व प्लेयर किट प्रदान की जाएगी। आलराउंडर प्लेयर को आयोजकों द्वारा साईकिल भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शनिवार रात को सुप्रसिद्ध रागिनी गायक नरदेव बेनीवाल एंड पार्टी द्वारा रागिनी कम्पीटशन की लोगों ने जमकर तारीफ की। इस मौके पर बनवारीलाल शर्मा, शिवकुमार शर्मा, हरेन्द्र शर्मा, उपेन्द्र शर्मा, कैलाश चन्द्र शर्मा, अनिल शर्मा, दीपक गोयल, रवेन्द्र शर्मा उर्फ बॉबी, सतपाल तालान, मनोज जैन, संजय रावत, संजीव शर्मा, विजय शर्मा, नीरज जैन, नीरज गोयल व डॉ. प्रदीप चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 25 सितम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# नये भवन से बिधूड़ी के भयानक संकेत

पिछले सप्ताह जब भारतीय लोकतंत्र अपना ठिकाना बदल रहा था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 'संसद नये विश्वास, नये संकल्प और नयी ऊर्जा के साथ पुराने भवन से नये भवन की ओर जा रही है', तब किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने यह उत्साह लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ध्वस्त कर देने के लिये अर्जित किया है। उसका सम्बन्ध उन सकारात्मक विचारों से बिलकुल नहीं है जो संसद के भीतर प्रदीर्घ तथा बाहर मीडिया के समक्ष संक्षिप्त उद्‌बोधनों के जरिये मोदी व्यक्त कर रहे थे। 18 से 22 सितम्बर तक आयोजित विशेष सत्र के चौथे दिन (जो सत्र का आखिरी दिन साबित हुआ क्योंकि उसे 21 को ही समेट दिया गया) की देर रात जब लोकसभा में चन्द्रयान की सफलता को लेकर चर्चा हो रही थी, सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के रमेश बिधूड़ी ने अमरोहा के लोकसभा सदस्य (बहुजन समाज पार्टी) दानिश अली को वह सब कुछ कह दिया जो असंसदीय तो था ही, बेहद शर्मनाक, अमानवीय और सीधे-सीधे आपराधिक कृत्य की श्रेणी में भी आता है। सदन के अध्यक्ष द्वारा दोबारा ऐसा करने पर कार्रवाई की चेतावनी देने और एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा बयान को अफसोसनाक कहकर बिधूड़ी को तो बचा लिया गया लेकिन उन्होंने जो कहा, वह साफ संकेत है कि भाजपा अपने नफरती एजेंडे के जरिये सामाजिक ध्रुवीकरण करने के नूतन विश्वास एवं नवसंकल्प के साथ नये-नवेले भवन में आई है; और उसकी (नकारात्मक) ऊर्जा चरम पर है।

बिधूड़ी का बयान कोई तैश में आकर या अनायास आया वक्तव्य नहीं है। अपनी कट्टरता के लिये पहचाने जाने वाले दक्षिण दिल्ली के ये सांसद भाजपा के उसी सम्प्रदाय के एक अनुयायी हैं जिनमें अनुराग ठाकुर, प्रवेश वर्मा, प्रज्ञा ठाकुर, नुपुर शर्मा, हिमंता बिस्व सरमा आदि हैं। इनके दिल में विरोधी राजनैतिक दलों व उनके नेताओं के अलावा सांप्रदायिक कट्टरता इतनी है कि गाहे-बगाहे उनका लावा फूटता रहता है। यह भाजपा का खाद-पानी है जिसके बल पर उसकी वोटों की खेती लहलहाती है इसलिये दिखावे के लिये कभी-कभार चाहे पार्टी नेतृत्व को उनकी निंदा करने वाला कोई बयान आ जाता हो, परन्तु ये पार्टी के लिये बेहद उपयोगी लोग हैं। पूरा नेतृत्व संसद के भीतर हो या बाहर, उन्हें बचाने में देर नहीं लगाता। कड़ुवे बोलने वाली नुपूर शर्मा व प्रवेश वर्मा को पार्टी ने 'फ्रिंज एलीमेंट' कहकर सुरक्षित निकाल लिया, तो प्रज्ञा ठाकुर द्वारा महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को 'देशभक्त' कहने पर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने की बजाय मोदी ने इतना कहकर मामले पर मिट्टी डाल दी कि 'वे (प्रधानमंत्री) उन्हें (प्रज्ञा को) दिल से कभी माफ नहीं कर पायेंगे।' अब भी बिधूड़ी के खिलाफ कोई कार्रवाई न होना बतलाता है कि भाजपा का इन पर भरोसा व प्रेम कायम है।

क्या यह गुस्सा परिस्थितिवश अचानक उबाल मार गया या यह सोची-समझी साजिश है? कहा जा सकता है कि दोनों का ही इसमें समावेश है। पिछले कुछ समय से भाजपा की केन्द्र सरकार की नाकामियां एक-एक कर सामने आ रही हैं। मोदी सरकार के तमाम फैसले निष्फल साबित हो चुके हैं, फिर वह चाहे उज्ज्वला योजना हो या मेक इन इंडिया या फिर स्टार्ट अप इंडिया। नोटबन्दी से लेकर जीएसटी के दुष्परिणाम भी लोगों को पता चल गये हैं। गौतम अदानी को लेकर भी मोदी-भाजपा कठघरे में हैं। हिन्दू-मुस्लिम, भारत-पाकिस्तान, श्मशान-कब्रिस्तान से उब चुके लोगों को भौतिक ज़रूरतों का महत्व फिर से ज्ञात होने लगा है। भाजपा शासित राज्यों के मुकाबले कांग्रेस की सरकार वाले प्रदेशों में लोगों के बेहतर जीवन स्तर की लोगों को जानकारी मिल रही है। इसका परिणाम हिमाचल प्रदेश एवं कर्नाटक के विधानसभा चुनावों में मिल चुका है। इतना ही नहीं, इसी माह हुए 7 उपचुनावों के नतीजों ने भी भाजपा की कमजोर होती जमीन का अंदाजा दे दिया है। मोदी की छवि सतत गिरावट दर्ज कर रही है तो उनके मुकाबले में राहुल गांधी मजबूत होते दिख रहे हैं। भाजपा के अनुमानों के विरूद्ध 28 दलों का विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' लगातार ताकत बटोर रहा है जिसके कारण उत्तर प्रदेश के घोसी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की बड़ी पराजय हुई। जी-20 से लेकर नये संसद भवन को लेकर जो कार्यक्रम बनाये गये थे, उनके अपेक्षित लाभ मोदी की छवि सुधारने की दिशा में नहीं मिल सके। इतना ही नहीं, महिला विधेयक के नाम पर मोदी ने महिला मोर्चे की ओर से चाहे अपना स्वागत-सत्कार करा लिया हो लेकिन देश जान चुका है कि यह छलावा मात्र है क्योंकि इसका लाभ 2029 के पहले महिलाओं को मिल नहीं सकेगा। यह सरकार खुद ही स्पष्ट कर चुकी है। अपनी पार्टी व नेता की गिरती छवि के साथ मिलती असफलताओं से क्षुब्ध बिधूड़ी द्वारा एक अल्पसंख्यक सांसद को उग्रवादी, मुल्ला, कटुआ, बाहर देख लेने की धमकी देना उसी भड़ास का निकलना है।

दूसरी ओर, यह वर्षों से भाजपा एवं उसकी मातृ संस्था मोदी की मुस्लिम विरोधी मानसिकता का भी परिणाम है। बिधूड़ी जो बोले, इन संस्कारों से पोषित-प्रशिक्षित जमात वर्षों से कहती आई है। फर्क इतना सा है कि अब की यह बात ऐसे मंच से कही गई है जहां मर्यादाओं का पालन अब भी थोड़ा-बहुत होता है, शर्म-ओ-हया फिर भी शेष है, लिहाज होता है। जिस पार्टी का प्रधानमंत्री लोगों को कपड़ों से पहचान लेने की बात करता हो, चुनावी मैदान में 80 बनाम 20, गौमाता या बजरंग बली के फार्मूले लेकर उतरता हो, उसके एक सिपहसालार से यही उम्मीद की जा सकती है। बहुमत के बल पर बिधूड़ी को तो बचाया जा सकता है, पर लोकतंत्र को नहीं! बिधूड़ी ने ये भयावह संकेत दिये हैं।

# जुल्म सब पर बढ़ रहा है और राहुल सबके साथ खड़े हैं

यह कमजोरी नहीं भरोसा है। अपने देश पर, यहां के नागरिकों पर, देश की मिली-जुली सभ्यता, संस्कृति, गलत को गलत कहने का साहस और भारत के बहुसंख्यक लोगों पर।

राहुल ने पहले दिन ही दिखा दिया। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी का लोकसभा में दानिश अली को गालियां देते हुए, धमकी देते हुए वीडियो सामने आते ही राहुल दानिश अली से मिलने उनके घर पहुंच गए। दानिश को इससे कितनी ताकत मिली यह उनके शब्दों से मालूम पड़ती है जो उन्होंने कहा कि मुझमें वापस हिम्मत और ताकत आई है। मैं रात भर सो नहीं पाया था। लगता था दिमाग की नस फट जाएगी। मगर अब राहुल जी से मिलने के बाद मेरा भरोसा वापस आया है कि सब मेरे साथ हैं।

यही भरोसा सबसे बड़ी बात है। भाजपा और संघ यह सब आज से नहीं कर रहे हैं। गांधी की हत्या के बाद तत्कालीन गृहमंत्री सरदार पटेल ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी और संघ प्रमुख गोलवलकर को लिखा था कि यह सांप्रदायिक विष हिन्दू महासभा और आरएसएस ने फैलाया है। मुखर्जी और गोलवलकर इन संगठनों के लिए रियायत मांगते हुए नेहरू और पटेल को पत्र लिख रहे थे। पटेल ने 19 सितम्बर 1948 को गोलवलकर को लिखे पत्र में कहा कि संघ के सारे भाषण सांप्रदायिक विष से भरे होते हैं। कांग्रेस का विरोध करने में भी सभ्यता और शिष्टता का ध्यान नहीं रखा जाता। याद रहे यह आज भी हो रहा है। घमंडिया कहने से लेकर सुर्पणखा, कांग्रेस की विधवा, महात्मा गांधी, नेहरू, इन्दिरा, राहुल सब के खिलाफ चरित्र हनन अभियान आज भी चल रहा है।

खैर तो उस पत्र में सरदार पटेल साफ शब्दों में कहते हैं कि इसी जहर का फल यह हुआ कि गांधीजी की अमूल्य जान चली गई। साथ ही सरदार पटेल ने यह भी लिखा कि उनकी मृत्यु पर आरएसएस वालों ने हर्ष प्रकट किया मिठाई बांटी। सरदार पटेल आगे लिखते हैं कि हम लोगों को आशा थी कि छह महीने हो गए हैं आप लोग सीधे रास्ते पर आ जाएंगे मगर मेरे पास जो रिपोर्ट्स आती हैं उनसे मालूम होता है कि संघ पुरानी कार्रवाइयों को नई जान देने का प्रयत्न कर रहा है।

वह नई जान देने की कोशिश का ही परिणाम है कि आज भी भाजपा की भोपाल से सासंद प्रज्ञा ठाकुर गोडसे को महान देशभक्त बताती हैं। नफरत की खेती जैसा सरदार पटेल ने लिखा था लगातार जारी है। लेकिन उसके बरअक्स मोहब्बत की दुकान भी लगातार चल रही है। भाजपा बहुत पूछती है कि सत्तर साल में क्या हुआ। सत्तर साल में देश में प्रेम और सद्‌भाव का माहौल बनाए रखा गया। वह भाषा कभी संसद में नहीं बोली गई जो अभी भाजपा सांसद बिधूड़ी ने लोकसभा में बोली।

भाजपा और संघ इसके बचाव में सामने आ गया है। ठीक वैसे ही जैसे ऊपर बताया कि गोलवलकर और श्यामाप्रसाद मुखर्जी उस समय संघ और हिन्दू महासभा का बचाव कर रहे थे। इसमें कोई नई बात नहीं है।



शकील अख्तर

> राहुल आज वैसे ही काम कर रहे हैं। वे हर उस जगह मौजूद होते हैं जहां पीड़ित की आवाज सुनने कोई नहीं जा रहा होता। अपनी यात्रा लेकर कश्मीर गए। पैदल। वहां के लोगों की बात सुनी। मणिपुर गए वहां के लोगों की पीड़ा को पूरे देश तक पहुंचाया। छुपाया जा रहा था कि वहां कैसे हिंसा हो रही है। एक जातीय समुदाय दूसरे के इलाके में नहीं जा सकता। गृह युद्ध करवा दिया गया है।

सिवाय इसके कि उस समय नेहरू और पटेल जैसे प्रधानमंत्री और गृहमंत्री थे जो इन नफरती ताकतों को मजबूत जवाब दे रहे थे और आज के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री खामोश हैं।

मगर राहुल नहीं। राहुल ने दानिश अली के घर जाकर केवल दानिश अली को हिम्मत और ताकत नहीं दी है। देश के हर सताए जा रहे व्यक्ति को भरोसा दिया है कि मैं आपके साथ हूं। दानिश अली बसपा के सांसद हैं। मगर ये उम्मीद करना बेकार है कि मायावती उनसे मिलने आतीं। मायावती तो हाथरस की उस दलित लड़की के बलात्कार और रातों-रात उसका शव जला दिए जाने के बाद भी उसके परिवार के पास नहीं पहुंची थीं। राहुल और प्रियंका ही पहुंचे थे। और दूसरी कोशिश में। पहली बार तो सरकार ने जाने ही नहीं दिया था। उसी समय राहुल को धक्का मारकर नीचे गिराया गया। लाठी चार्ज हुआ जिसे प्रियंका ने अपने कार्यकर्ताओं को बचाने के लिए अपने हाथों पर रोका।

राहुल और प्रियंका लखीमपुर खीरी भी गए। जहां केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा ने 8 किसानों को अपनी जीप से रौंदकर मारा डाला था। राहुल मणिपुर भी गए। हर उस जगह गए जहां अन्याय अत्याचार हुआ।

देश को इसी की जरूरत है। यहां कोई तुलना नहीं की जा रही। न ही वह हो सकती है। मगर सिर्फ इतिहास के तौर पर वह दौर याद आता है जब गांधी ऐसे ही किसानों का साथ देने के लिए 1917 चंपारण पहुंच गए थे। जिसे नील आंदोलन या चंपारण सत्याग्रह कहा जाता है। इसी तरह दलित आंदोलन 1933 में। छुआछूत के विरोध में। और 15 अगस्त 1947 को जब देश आजाद हुआ तो गांधी उस आजादी के जश्न में शामिल नहीं थे वे कोलकाता में शांति स्थापना के काम में जुटे हुए थे। लोगों को सांप्रदायिकता की आग से बचाने के लिए।

राहुल आज वैसे ही काम कर रहे हैं। वे हर उस जगह मौजूद होते हैं जहां पीड़ित की आवाज सुनने कोई नहीं जा रहा होता। अपनी यात्रा लेकर कश्मीर गए। पैदल। वहां के लोगों की बात सुनी। मणिपुर गए वहां के लोगों की पीड़ा को पूरे देश तक पहुंचाया। छुपाया जा रहा था कि वहां कैसे हिंसा हो रही है। एक जातीय समुदाय दूसरे के इलाके में नहीं जा सकता। गृह युद्ध करवा दिया गया है। उसके बाद ही महिला अत्याचार पर वह वीडियो आया था जिसने हर इंसान की रुह को कंपा दिया था। मगर प्रधानमंत्री फिर भी वहां नहीं गए। राहुल कोरोना में पैदल अपने गांव जाते मजदूरों से मिलने गए। किसान आंदोलन में गए। हर जगह गए।

तो इसके क्या संदेश हैं? दो- एक यह कि अन्याय अत्याचार किसी एक समुदाय पर नहीं हो रहा। साढ़े नौ साल में किसी को नहीं छोड़ा गया। दलित सबसे बड़ा शिकार है। गुजरात में नंगा करके बांध कर मारे जाने के दृश्य सबने देखे होंगे। छात्र रोहित वेमुला को आत्महत्या करनी पड़ी। उल्टे इल्जाम उसी पर लगाए गए। उसी के जवाब में वेमुला की मां राहुल की यात्रा में शामिल हुई थी। अभी ऊपर बताया कि गांधी ने 90 साल पहले दलितों के सम्मान के लिए आंदोलन किया था। और उसी के अनुरूप संविधान में समानता सम्मान का दिया भी गया। मगर पिछले साढ़े 9 साल में घड़ी की सुई उलटी घुमा दी गई। फिर से उन पर अत्याचार बढ़ गए। और उनकी नेता बनने का दावा करने वाली मायावती एक जगह भी उनका दर्द बांटने नहीं पहुंची। जबकि राहुल हर जगह पहुंचे। ओबीसी पर तो अभी सबसे बड़ा प्रहार महिला बिल में कर ही दिया गया। सोनिया गांधी और राहुल ने उनके लिए आवाज उठाई। मगर प्रधानमंत्री ने कोई आश्वासन नहीं दिया कि महिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं को कोटा दिया जाएगा। आदिवासी के तो सिर पर मध्य प्रदेश की सीधी में भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला ने पेशाब किया। सिर्फ मुसलमान ही नहीं समाज के हर वर्ग पर इन नफरती ताकतों ने प्रहार किया।

तो पहला संदेश यह है कि जो राजनीति नकारात्मक होती है। प्रतिक्रियावादी होती है नफरत उसका अनिवार्य अंग होती है। पूरे समाज को जलाकर खाक कर देती है। यही बात राहुल ने कही थी कि इन्होंने पूरे देश में केरोसिन छिड़क दिया है।

और दूसरा संदेश यहीं इसी राहुल से शुरू होता है कि चाहे जितना निराशा का माहौल हो उसमें एक किरण उम्मीद की राहुल ने जलाए रखी है। राहुल पूरी ताकत और हिम्मत से अन्याय और अत्याचार के खिलाफ हर जगह जाकर खड़े हो रहे हैं।

और जैसा कि मणिपुर की महिलाओं ने कहा दनिश अली ने कहा कि उनके आने से ही हिम्मत आ गई। और यह सबसे बड़ी बात है। सबसे बड़ा संदेश कि कोई है!

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# आम चुनाव को लेकर पाकिस्तानी नागरिकों में कोई उत्साह नहीं

**■ अरुण कुमार श्रीवास्तव**

पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने गुरुवार को कहा कि नेशनल असेंबली में नये सदस्यों को चुनने के लिए पाकिस्तान का अगला आम चुनाव जनवरी 2024 के आखिरी सप्ताह में होगा। चुनाव निकाय ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों की प्रारंभिक सूची 27 सितंबर को जारी होगी जबकि अंतिम सूची 30 नवंबर को जारी की जायेगी। हालांकि, मतदान की सटीक तारीखों की घोषणा अभी बाकी है।

अगस्त में, पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सलाह पर संसद को भंग कर दिया, जिससे आम चुनाव का रास्ता साफ हो गया। पाकिस्तान के संविधान के अनुसार, आम चुनाव संसद भंग होने के 90 दिनों के भीतर पूरे हो जाने चाहिए। नतीजतन, चुनाव अक्टूबर या नवंबर में होने की उम्मीद थी। हालांकि, ईसीपी ने कहा कि नयी जनगणना के आलोक में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन करने के लिए उसे और समय चाहिए। वर्तमान में कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक कक्कड़ सरकार के दैनंदिन कार्यों को देख रहे हैं।

> चुनावों से ज्यादा पाकिस्तान की नियति पर विचार करने का एक अवसर है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अगली सरकार कौन सी पार्टी बनायेगी, क्योंकि लोग इस समय केवल खोखले शब्दों की ही उम्मीद कर सकते हैं। उन्हें अपने जीवन में कोई राहत नहीं मिलने वाली है, जबकि देश की प्रतिष्ठा उत्तरोत्तर धूमिल होती जायेगी।

नेशनल असेंबली में 336 सदस्य हैं, जिनमें 60 सीटें महिलाओं के लिए और 10 गैर-मुसलमानों के लिए आरक्षित हैं। पंजाब में 173 सीटें, सिंध में 75, खैबरपख्तूनख्वा में 55, बलूचिस्तान में 20 और संघीय राजधानी क्षेत्र में 3, कुल 336 सीटें हैं।

2018 के पाकिस्तान आम चुनावों में, इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को 149 सीटें, पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज शरीफ) को 82, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को 54 और मुत्ताहिदा मजलिस-ए-अमल को 15 सीटें मिलीं। नेशनल असेंबली में उल्लेखनीय उपस्थिति हासिल करने वाले अन्य राजनीतिक दलों में ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (3), मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (7), पाकिस्तान मुस्लिम लीग-क्यू (5) और बलूचिस्तान अवामी पार्टी (5) शामिल हैं।

इस व्यापक आशंका के बीच कि, चुनाव अनिश्चित काल के लिए स्थगित किये जा सकते हैं, ईसीपी की घोषणा से उम्मीद जगी है कि चुनाव वास्तव में होंगे। फिर भी, अभी कुछ भी सुनिश्चित तौर पर नहीं कहा जा सकता।

एक और उल्लेखनीय घटनाक्रम पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की अक्तूबर में देश लौटने और आगामी चुनावों के लिए पार्टी को एकजुट करने की योजना है। नवाज शरीफ पंजाब से आते हैं, जबकि पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान खैबरपख्तूनख्वा से हैं। परंपरागत रूप से पंजाबी नेता पाकिस्तान की राजनीति में दबंग भूमिका निभाते रहे हैं। पाकिस्तान में एक महत्वपूर्ण जातीय और जनजातीय आबादी है, और पंजाब के राजनेताओं के प्रभुत्व वाली राष्ट्रीय राजनीति देश की समग्र राजनीति और अर्थव्यवस्था के साथ अच्छी तरह से मेल नहीं खाती है।

उदाहरण के लिए, बलूचिस्तान के लोग सरकार के हर काम का विरोध कर रहे हैं, जिसमें बेल्ट एंड रोड पहल के तहत चीनी परियोजनाएं भी शामिल हैं। इसी तरह, खैबरपख्तूनख्वा सरकार से मिलने वाले सौतेले व्यवहार के कारण इस्लामी आतंकवाद का केंद्र रहा है। इस क्षेत्र का सबसे पहचाना जाने वाला चेहरा इमरान खान छोटे-मोटे और राजनीति से प्रेरित आरोपों पर कई महीनों से जेल में हैं।

इसलिए, पाकिस्तान को मुख्यधारा की राजनीति के नजरिए से देखना गलत विश्लेषण और निष्कर्षों के खतरों से भरा है। पाकिस्तान इस स्थिति में आ गया है कि उसे अपनी ही पीड़ा और सुंदरता के आलोक में देखने की जरूरत है। बाहरी दुनिया के लिए, पाकिस्तान को कुछ ग्लैमरस लेकिन खोखले पुरुष और महिला राजनेता वाले देश के रूप में देखा जाता है, जबकि लाखों लोग चुनौतीपूर्ण नागरिक और लोकतांत्रिक माहौल में बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित रहते हैं।

इस गंभीर और जटिल वास्तविकता को देखते हुए, पाकिस्तान में चुनाव अनिश्चित और अप्रासंगिक दोनों है। यदि शरीफ खानदान या इमरान खान को छोड़ने वाले लोग सत्ता की कुर्सी पर काबिज हो गये, तो आम लोगों की स्थिति बेहतर नहीं होगी। देश ढहती अर्थव्यवस्था से लेकर बढ़ते उग्रवाद, जलवायु संकट और कानून-व्यवस्था में गिरावट तक सभी दिशाओं से चुनौतियों का सामना कर रहा है।

जब देश सबसे कमजोर स्थिति में होता है, उसी समय अपनी रोटियां सेंकने वाली निहित शक्तियां उसकी ओर आकर्षित होती हैं। पाकिस्तान बुरी तरह पश्चिमी और एशियाई शक्तियों के चंगुल में फंसा हुआ है। जबकि आईएमएफ चाहता है कि देश एक अरब डॉलर के ऋण की अगली किश्त जारी करने के लिए गरीब समर्थक नीतियों को त्याग दे, चीन धीरे-धीरे महंगी और बेकार परियोजनाओं के माध्यम से अपनी जमीन पर दावा कर रहा है। अरब जगत के लिए पाकिस्तान की उपयोगिता भी कम हो गई है क्योंकि देश को बहरीन या कतर के बजाय अगला अफगानिस्तान बनना तय लग रहा है। पाकिस्तान पूरी तरह अपना मनोबल खो चुका है।

आगामी चुनाव, चुनावों से ज्यादा पाकिस्तान की नियति पर विचार करने का एक अवसर है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अगली सरकार कौन सी पार्टी बनायेगी, क्योंकि लोग इस समय केवल खोखले शब्दों की ही उम्मीद कर सकते हैं। उन्हें अपने जीवन में कोई राहत नहीं मिलने वाली है, जबकि देश की प्रतिष्ठा उत्तरोत्तर धूमिल होती जायेगी।

पाकिस्तानी आज पाकिस्तान के बाहर चमक रहे हैं। वे इस बात की याद दिलाते हैं कि ऊंचे आदर्श और कोमल सपने कैसे गलत हो सकते हैं।

## गुरवाणी विचार

### अहंकारिआं निंदका पीठ दे- नामदेव मुख लाया

सांची लिवै बिन देह निमानी देह निमानी लिवै बाझों।
तुझ बाझ समरथ कोय नांही किरपा कर बनवारिआ।
ऐस नूं होर थांओ नांही- शब्द लाग सवारिया
केहे नानक लिवै बाझों-किआ करे विचारिया।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा तीसरे नानक अमरदास जी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि इंसान को इस संसार में भेजा गया था कि वह प्रभु परमात्मा में निरंतर ध्यान लगाए रहे और उसकी सिमरन बंदगी कर अपने मानव जनम पाने का संपूर्ण रूप से लाभ उठा लेवे। वह माता के गर्भ में था तो उसका मन प्रभु परमात्मा में लगे रहता था और हर वक्त अरदास प्रार्थना करता रहता था कि- हे प्रभु परमात्मा मुझे इस गर्भ से निजात दिलवाओ क्योंकि वहां पर उलटा लटका रहता था। गर्भ से बाहर आने पर वे सांसारिक मोह माया, रिश्ते नातों, माता पिता के मोह जाल में इतना जकड़ गया कि फिर उसने अपने सृजननहार जनक पिता परमात्मा को ही विसार दिया और फिर वह प्रभु ध्यान से हटता गया और सांसारिक विषय विकारों की तरफ धन सपदा कमाने की तरफ उसका मन बंट गया और दात पिआरी विसारिआ दातारा। प्रभु द्वारा प्राप्त दात धन दौलत को तो समेटने लग जाते हैं और प्रभु को भूल जाते हैं। प्रभु ने हमें आंखें दी हैं देखने के लिए। प्रभु दर्शन करने के लिए पर मनुष्य आंखों का उपयोग नाटक चेटक, टीवी देखने आदि में करने लगा। प्रभु ने सिमरन बंदगी करने कीर्तन सुनने के लिए कान दिए पर वह इन कानों का उपयोग चुगली करने-सुनने में ही लगाए रखने लगा। इसी तरह प्रभु परमात्मा द्वारा प्राप्त अन्य इंद्रियों का भी दुरुपयोग करने लगा। वह इस बात को भूल गया कि प्रभु सिमरन बिना उसका कल्याण होने वाला नहीं है।

भगत नाम देवजी ने प्रभु परमात्मा से सांची लिव, प्रभु सिमरन बंदगी में मन रमाया तो मुहम्मद तुगलक के जुल्मों के आगे भी वह झुके नहीं और प्रभु कृपा से उसकी मरी हुए गाय भी जिंदा हो गई और सुलतान को उसके आगे शीश झुकाना पड़ा। भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए प्रभु परमात्मा को नरसिंह रूप धारण कर आना पड़ा और हिरणकश्यप को मारकर प्रह्लाद की रक्षा करनी पड़ी। इसीलिए तो गुरवाणी द्वारा हमें समझाइश दी गई है कि-

हरि जुग जुग भगत उपाइआ पैज रखदा।
हिरणकश्यप दुष्ट हरि मारिआ-प्रह्लाद तराया।
अहंकारिआं निंदका पीठ दे- नामदेव मुख लाया।

भाई मनीदास जी के शीश पर बादशाह औरंगजेब के हुकम से आरा चलता रहा पर ध्यान उनका प्रभु परमात्मा में ही जुड़ा रहा। कबीर दास जी को सांकलों में बांधकर गंगा में फेंका गया पर गंगाजी ने उनके सारे बंधन काटकर मृगछाला में बैठा कर पानी की सतह पर ला बैठाया तो जिन्होंने प्रभु परमात्मा में सांची लिव लगाई, सिमरन बंदगी में मन रमाया उनकी रक्षा की। इसलिए हर इंसान को प्रभु परमात्मा के सिमरन बंदगी में लीन रहना चाहिए।

हमें हाथ पांव से कार विहार भी करना है क्योंकि उदरपोषण के लिए यह भी जरूरी है पर मन हमारा निरंकार से जुड़ा रहना चाहिए। हमारा ध्यान ऐसा होना चाहिए जैसे एक पतंगबाज पतंग तो उढ़ाता रहता है अपने साथियों से बात भी करता रहता है पर ध्यान उसका पतंग की डोर पर ही रहता है। पानी भरकर लाने वाली पनिहारिन अपनी सहेलियों से बातचीत, हँसी-ठिठोली करती रहती है पर ध्यान उसका सिर पर रखे गागर में ही रहता है। ऐसे ही हर इंसान को चाहिए कि वह सांसारिक कार विहार करते हुए मन को एक निरंकार प्रभु परमात्मा के साथ जोड़े रखे। अर्थात उसकी लिव प्रभु में ही लगी रहे तभी उसका कल्याण हो सकता है। प्रारंभ में उसका ध्यान सिमरन में नहीं लग पाएगा पर नियमित अभ्यास करते रहने से एक न एक दिन मन प्रभु परमात्मा में रम जाएगा।

जिन ऐह चाखी सोई जाने गूंगे की मठिआई। जिस तरह एक गूंगा मिठाई खाने के बाद उसका स्वाद नहीं बता पाता ठीक उसी प्रकार जब इंसान का मन प्रभु सिमरन में लग जाता है तब उस आनंद को बयां नहीं कर पाता।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### पुरुषों की मानसिकता बदलने के लिए महिला आरक्षण कारगर

वर्तमान समय में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से उत्साहवर्धक संकेत मिल रहे हैं। सरकार के प्रयासों से महिलाओं को सबसे आगे रखने का प्रावधान है। पुरुष प्रधान समाज में महिला आरक्षण नींव का पत्थर साबित होगा। पूर्ववर्ती सरकारों ने महिला आरक्षण की कोशिश की थी। लेकिन प्रयास सफल नहीं हो सका। महिलाओं के सामाजिक उत्थान और राजनैतिक भागीदारी के लिए महिला आरक्षण खास है। विगत वर्षों में मतदान में महिलाओं की तादाद पुरुषों से अधिक रही है। इससे महिलाओं की राजनीति में वर्चस्व बढ़ेगा। आर्थिक स्वावलंबन के लिए महिला को पुरुष प्रधान समाज से बाहर निकलना होगा। आज शिक्षित महिलाएं चार दीवारी में बैठकर अपना भविष्य निश्चित नहीं कर सकती। शिक्षा का स्तर बढ़ा है तो महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं। महिला आरक्षण की पैरवी नरेंद्र मोदी ने 2014 में पीएम बनने के बाद शुरू कर दी। महिलाओं के लिए अनेक केंद्रीय योजनाएं महिला उत्थान के लिए प्रेरित करती हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शौचालय, उज्जवला योजना, जन धन खाता और मुद्रा योजनाओं में लाभ अर्जित करने वाली महिलाएं ही है। दरअसल, तीन तलाक भी इसी कड़ी का हिस्सा था। इस बार संसद में महिला आरक्षण का विरोध किसी ने नहीं किया है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार की भागीदारी जरूरी है। कांग्रेस ने ओबीसी में भेदभाव करने का आरोप लगाया। लेकिन गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि एमएलसी और एमएलए सबसे ज्यादा ओबीसी के है। महिला आरक्षण नारी सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण घटक है।

### बढ़ रहे है धर्म परिवर्तन के मामले

यूपी में धर्म परिवर्तन के केस बढ़ते जा रहे है। यह चिंताजनक है। लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने वाले संगठित गिरोह सक्रिय है। विधि विरुद्ध धार्मिक धर्मांतरण निषेध कानून बना हुआ है। लेकिन लोगों को लालच देकर उनको चाल में फंसाया जा रहा है। पैसे, इलाज, शादी और मकान आदि की लालच देकर धर्म परिवर्तन की जा रही है। यह देश की बहुत बड़ी विडंबना है कि लोग उनके चाल में फंसते जा रहे हैं। लोगों का आर्थिक संकटकाल इस तरफ धकेलने के लिए मजबूर कर रहा है। यह चौंकाने वाले आंकड़े है कि हर दो दिन में एक मामला आमने आ रहा है। इसमे किसको दोषी करार दिया जाए? आधुनिक और शिक्षा के इस दौर में लोग कितने नासमझ है। ईसाई मशीनरियों व पादरी ऐसे समाज विरुद्ध षड्यंत्र के सूत्रधार है जो भारत का खाकर भारत को नुकसान पहुंचा रहे हैं। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, ये लोग देश में मुस्लिम राष्ट्र लाने की साजिश रच रहे हैं। देश में इनका राज स्थापित करने के लिए धर्मांतरण जैसे घिनौनी कृत्य कर रहे हैं। इसमें समाज टकराव का माहौल बनाया जा रहा है। चमत्कारिक तरीके और खिलौना की आड़ में धर्मपरिवर्तन कराने का खेल चल रहा था। पुलिस ने इनकी कारगुजारियों को उजागर किया है। उसके बावजूद यह अनवरत चालू है। झांसा देकर धर्म परिवर्तन कराना एक व्यापार बनता जा रहा है। यह उन लोगो की भूल है जो चन्द रुपए में धर्मपरिवर्तन कर रहे हैं। अखबार में हर दिन खबरें छपती हैं फिर भी लोग अनभिज्ञ हैं। इसी तरह हिंदू धर्मावलंबी इनकी साजिश के शिकार हुए तो वो दिन दूर नहीं हिन्दुत्वाद को बचाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो जाएगा। अनपढ़ लोगों की काउंसलिंग करने की जरूरत है। उनको इन सब झमेलों से दूर रहने के लिए समझाइश देनी जरूरी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## तुर्की ने की नीदरलैंड में कुरान के खिलाफ 'हमलों' की निंदा

**अंकारा,** 24 सितम्बर (एजेंसियां)। तुर्की ने नीदरलैंड में तुर्की दूतावास सहित मुस्लिम देशों के दूतावासों के बाहर कुरान पर 'हमले' की निंदा की। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा, हम इन हमलों की निंदा करते हैं, जिनका मकसद यूरोपीय देशों में हमारे धर्म और विश्वासियों को अपमानित करना है, जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में घृणा के इन कृत्यों की अनुमति दी जाती है। बयान में कहा गया है कि अब उन देशों द्वारा इन उकसावों के खिलाफ प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र ने धार्मिक घृणा और अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन के रूप में मान्यता दी है।

# अमेरिका 'विरोधाभासी व्यवहार' छोड़ दे तो परमाणु समझौता 'पहुंच के भीतर: ईरानी विदेश मंत्री

**तेहरान,** 24 सितम्बर (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा है कि 2015 के परमाणु समझौते के पुनरुद्धार पर एक समझौते पर पहुंचा जा सकता है, जिसे औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) के रूप में जाना जाता है, बशर्ते अमेरिका अपना 'विरोधाभासी व्यवहार' छोड़ दे। रिपोर्ट में शनिवार को कहा गया कि अमीर-अब्दुल्लाहियन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 78वें सत्र से इतर अपनी बैठकों के बारे में विस्तार से बताते हुए शुक्रवार को न्यूयॉर्क में संवाददाताओं के समक्ष यह टिप्पणी की। रिपोर्ट में मंत्री के



हवाले से कहा गया है, 'हमारा मानना है कि इस सप्ताह की शुरुआत में ईरान और अमेरिका के बीच हुई कैदियों की अदला-बदली को देखते हुये, यदि अमेरिकी पक्ष अपने विरोधाभासी व्यवहार को छोड़ देता है और अपना वास्तविक इरादा दिखाता है, तो सभी पक्षों के लिए जेसीपीओए पर वापस लौटना और तेहरान पर लगाये गये प्रतिबंध हटाना ज्यादा दूर नहीं होगा।'

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा कि उन्होंने द्विपक्षीय मुद्दों पर स्पष्ट रूप से चर्चा करने के लिए न्यूयॉर्क में एक अमेरिकी थिंक-टैंक के सदस्यों और कई पूर्व अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की। इनमें से एक मुद्दा ईरान और जेसीपीओए के प्रति अमेरिका का 'गलत' दृष्टिकोण भी है।

## ईरान, रूस, तुर्की और संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया की स्थिति पर की चर्चा

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा है कि उन्होंने अपने रूसी और तुर्की समकक्षों और संयुक्त राष्ट्र के दूत के साथ न्यूयॉर्क में सीरिया की ताजा स्थिति पर चर्चा की है। अमीर-अब्दुल्लाहियन ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में संवाददाताओं से संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के इतर शनिवार को रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान और सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर ओ पेडर्सन के साथ अपनी बैठक के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए यह टिप्पणी की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बैठक अस्ताना प्रक्रिया के फ्रेमवर्क के भीतर आयोजित की गई, जिसे 2017 में ईरान, रूस और तुर्की की पहल पर शुरू किया गया था। मंत्री ने कहा कि बैठक में सीरिया में मूलभूत चुनौतियों के रूप में आर्थिक समस्याओं, पश्चिमी प्रतिबंधों और आतंकवाद पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि सीरिया में मानवीय स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की गई और दोहराया गया कि देश के खिलाफ एकतरफा प्रतिबंध, जो अंतरराष्ट्रीय और मानवीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन करते हैं, को पूरी तरह से हटा दिया जाना चाहिए। अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा कि बैठक में सीरियाई लोगों के दर्द को कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी पर जोर दिया गया, संयुक्त राष्ट्र से एक योजना पर विचार करने और सीरियाई शरणार्थियों की उनकी मातृभूमि में वापसी के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया गया। ईरानी शीर्ष राजनयिक ने कहा कि बैठक में सीरिया और तुर्की के बीच गलतफहमी को दूर करने और सीमा समस्याओं को सुलझाने के लिए समाधान भी प्रस्तावित किए गए।

## ईरान, मालदीव ने 7 साल बाद राजनयिक संबंध फिर से किए शुरू

**तेहरान।** ईरान और मालदीव ने सात साल के अंतराल के बाद राजनयिक संबंधों को फिर से शुरू करने की घोषणा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा, यह निर्णय दोनों देशों के हितों और आकांक्षाओं के अनुरूप किया गया है। यह घोषणा शुक्रवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र से इतर ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और मालदीव के विदेश राज्य मंत्री अहमद खलील के बीच एक बैठक के बाद हुई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मई 2016 में, उसी साल जनवरी में तेहरान के साथ संबंध तोड़ने के रियाद के पहले फैसले के बाद, सऊदी अरब के समर्थक मालदीव ने ईरान के साथ अपने राजनयिक संबंध समाप्त कर दिए। ईरान और मालदीव के बीच राजनयिक संबंधों की बहाली अन्य देशों के साथ ईरान के संबंधों में सामान्यीकरण की लहर का हिस्सा है जो मार्च में शुरू हुई, जब तेहरान और रियाद राजनयिक संबंधों को फिर से शुरू करने और अपने दूतावासों और मिशनों को फिर से खोलने के लिए बीजिंग की मध्यस्थता में एक महत्वपूर्ण समझौते पर पहुंचे।

## सुडोकू 6327

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 4 | | 6 | |
| | 8 | | | 2 | | | | |
| 6 | 7 | 1 | | | | | | |
| 8 | | | 5 | | | 7 | | |
| 5 | | | | | | | | 1 |
| | | 3 | | | 6 | | | 5 |
| | | | | | | 9 | 3 | 8 |
| | | | | 8 | | | 7 | |
| | 9 | | 3 | | | 5 | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6327

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. वह स्त्री जिसने हाल ही में किसी बच्चो कौ जन्म दिया हो
४. कर्ण
६ मेघ, बादल
७. रहना, रहने की जगह
८. विघ्न, बाधा
९. नस, खून को पूरे शरीर में प्रवाहित करने वाली शिरा
१३. जलजला
१४. प्रश्न (उर्दू)
१५. जांचना, भले-बुरे की पहचान करना
१७. धवनि, आवाज
२०. पुरस्कार (उर्दू)
२१. एक प्रसिद्ध पक्षी
२२. टेढ़ी मेढ़ी, चतुराई भरी चाल चलने वाला
२४. कुआं आदि खोदने पर निकलने वाला प्रारंभिक पानी

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिवालिया
२. प्रयत्नशील
३. ऊष्मा के प्रभाव को रोकने वाला
४. भीतरी, आंतरिक
५. नीरज, कमल
९. ऊंगलियों से छूकर पता लगाना
११. जिसकी पत्नी का देहांत हो गया हो
१२. बनाना, निर्माण करना
१३. बिसारना
१४. बर्दाश्त करना
१५. पकना, मेच्योर्ड
१६. वह जगह जहां खेतों से काटकर फसल रखी जाती है
१८. गर्जना
१९. आविष्कार (उर्दू)
२०. बुद्धि
२३. मछली

### वर्ग पहेली-6326

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मि | थ्या | २ व | च | ३ न | ■ | ४ हि | रा | ५ स | त |
| थ्या | ■ | शी | ■ | ६ व | र्जि | त | ■ | रा | ■ |
| ७ चा | त | क | ■ | यु | ■ | ८ क | मा | य | ९ ज |
| री | ■ | र | ■ | १० व | जी | र | ■ | ■ | न्म |
| ■ | ११ आ | ण | १२ वि | क | ■ | ■ | १३ त | ड़ | प |
| ■ | स | ■ | स्म | ■ | १४ वि | हा | न | ■ | त्रि |
| १५ नि | रा | १६ म | य | ■ | श्रा | ■ | १७ या | १८ चि | का |
| यं | ■ | हा | ■ | १९ त | म | २० स | ■ | ड़ि | ■ |
| २१ त्रि | भु | ज | ■ | ड़ | ■ | २२ फ | रि | या | २३ द |
| त | ■ | २४ न | र | का | सु | र | ■ | ■ | शा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# सोमालिया की सेना ने अल-शबाब के 27 आतंकवादियों को मार गिराया

**मोगादिशु,** 24 सितम्बर (एजेंसियां) सोमालिया की सेना ने गाल्मुदुग प्रांत में चल रहे सैन्य अभियानों के तहत अल-शबाब के 27 आतंकवादियों को मार गिराया है। यह जानकारी सोमालिया की राष्ट्रीय सेना ने शनिवार को दी।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार रात मिलिलिको, सील गंबर और बालाल धीर गांवों में चलाए गए अभियानों में अल-शबाब के तीन ठिकाने भी नष्ट कर दिया गया। मंत्रालय ने कहा, 'दुश्मन के तीन ठिकानों को निशाना बनाया गया और उनके वाहनों तथा हथियारों



सहित नष्ट कर दिया गया।' ताजा सैन्य अभियान के संबंध में अल-शबाब की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। गौरतलब है कि सोमालिया की सेना ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सैनिकों के साथ मिलकर अल-कायदा से जुड़े सशस्त्र समूह को बेअसर करने के प्रयास तेज कर दिए हैं।

सहयोगी बलों ने 2011 में आतंकवादी समूह अल-शबाब को मोगादिशु से बाहर खदेड़ दिया, लेकिन इस्लामी समूह अभी भी हमले करने, सरकारी प्रतिष्ठानों, होटलों, रेस्तरां और सार्वजनिक स्थानों को निशाना बनाने में सक्षम है।

## सोमालिया में आत्मघाती कार बम विस्फोट में 20 लोगों की मौत

मोगादिशु। सोमालिया के बेलेडवेयने शहर में एक आत्मघाती कार बम हमले में कम से कम 20 लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर नागरिक थे। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बेलेडवेयने जिला आयुक्त उमर अलासो के अनुसार, विस्फोट एक बाजार और दो पेट्रोल स्टेशनों के पास हुआ, जिससे बड़े पैमाने पर तबाही हुई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अलासो के हवाले से बताया कि आत्मघाती बम हमले के पीड़ितों की सहायता के लिए सुरक्षा बल और चिकित्सा दल जमीन पर मौजूद हैं। पत्रकारों से बात करते हुए, अलासोक ने कहा, 'हम अभी भी आतंकवादी हमले से संबंधित विवरण एकत्र कर रहे हैं। हताहतों की संख्या काफी है और हम पीड़ितों को स्थानीय अस्पतालों में ले जा रहे हैं। यदि वे गंभीर रूप से घायलों का इलाज नहीं कर सकते हैं, तो हम उन्हें आगे के इलाज के लिए हवाई मार्ग से मोगादिशू ले जाने का प्रयास करेंगे।' घटनास्थल पर मौजूद एक बुजुर्ग आब्दी हुसैन ने शिन्हुआ को फोन पर बताया, 'यह बेहद चौंकाने वाला आतंकवादी हमला था। घर और व्यापारिक केंद्र नष्ट हो गए और उन घरों के अंदर के निवासी अभी भी लापता हैं। कुछ शव बरामद कर लिये गये हैं। यह धमाका भूकंप जैसा था।' किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन अल-शबाब चरमपंथी समूह आमतौर पर मोगादिशू और सोमालिया में अन्य जगहों पर ऐसे हमले करता है।

## इस्लामाबाद में विस्फोटक सामग्री के साथ पकड़े गए दो विदेशी जासूस

**इस्लामाबाद,** 24 सितम्बर (एजेंसियां)। खुफिया जानकारी आधारित एक संयुक्त अभियान में, पाकिस्तान के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) और फेडरल कैपिटल पुलिस ने एक विदेशी जासूसी एजेंसी के दो एजेंटों की तलाश की और उनके कब्जे से हथियार, गोला-बारूद और संदिग्ध दस्तावेजों के साथ विस्फोटक सामग्री बरामद की। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामाबाद एक्सप्रेसवे पर स्थित ग्रीन बेल्ट पहाड़ी के पास एक ठिकाने पर ऑपरेशन चलाया गया, जब दो संदिग्ध सूचनाओं का आदान-प्रदान कर रहे थे। सीटीडी ने एफआईआर दर्ज की है और कथित एजेंटों को जांच के लिए अज्ञात स्थान पर स्थानांतरित कर दिया है। खुफिया एजेंसियों से सूचना मिलने पर सीटीडी और पुलिस की एक संयुक्त टीम संदिग्धों की निगरानी पर थी। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एफआईआर में कहा गया है, 'दो बाइक सवार संदिग्ध रावलपिंडी की ओर से आए और खन्ना पहाड़ी के पास रुके, जब सीटीडी और पुलिस कमांडो ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और डेटोनेटर, 3 फीट प्राइमा कॉर्ड, दो अत्याधुनिक बंदूकें (27 दिसंबर, 2007 को बेनजीर भुट्टो पर गोलीबारी में चीन निर्मित नोरिनको का इस्तेमाल किया गया था) और गोला-बारूद के साथ एक किलोग्राम (1,050 ग्राम) से अधिक विस्फोटक सामग्री बरामद करने के बाद उन्हें सीटीडी पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित कर दिया।'



सूत्रों ने कहा कि विस्फोटक सामग्री और अन्य प्रासंगिक सबूत इकट्ठा करने के लिए बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) को बुलाया गया और कहा कि बीडीएस ने विस्फोटक और अन्य सामग्री का एक नमूना रासायनिक जांच के लिए भेजा है। मामले की जांच में लगे लोगों ने कहा कि दोनों विदेशी एजेंटों ने प्रारंभिक जांच के दौरान कबूल किया कि वे विदेशी जासूसी एजेंसी के भुगतान वाले एजेंट थे और उन्होंने राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक हस्तियों सहित एजेंसी द्वारा बताए गए लक्ष्यों पर हमला किया।

## बेनिन में पेट्रोल गोदाम में लगी आग, 35 की मौत

**पोर्टो-नोवो,** 24 सितम्बर (एजेंसियां)। बेनिन में एक पेट्रोल गोदाम में आग लगने से कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई और 10 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बेनिनीज आंतरिक और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'नाइजीरिया की सीमा के पास एक कस्बे में सुबह करीब साढ़े नौ बजे (0830 जीएमटी) उस समय आग लग गई, जब एक वाहन से पेट्रोल के बैग्स उतारे जा रहे थे।' समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बयान में कहा गया है कि आग ने उस जगह को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे शुरुआती तौर पर 35 लोगों की मौत हो गई, जिसमें एक बच्चा भी शामिल था, और एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल भेजा गया, साथ ही जरुरी मटेरियल भी जलकर खाक हो गया। बयान में कहा गया है कि स्थिति से निपटने के लिए तुरंत फायर ब्रिगेड, पुलिस और मेडिकल टीमों को तैनात किया गया, साथ ही कहा गया कि लोक अभियोजक कार्यालय ने दुर्घटना के कारणों की पूरी जांच शुरू कर दी है। बेनिन में पेट्रोल उसके पूर्वी पड़ोसी नाइजीरिया से आता है, जो एक प्रमुख तेल उत्पादक है, जहां ईंधन सस्ता है। बेनिन के कस्बों और पड़ोस की सड़कों पर बेचा जाने वाला हजारों लीटर पेट्रोल आम तौर पर बेनिन-नाइजीरिया सीमा पर स्थित स्टेशनों से आता है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 25 सितम्बर, 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 11

### राशिफल

मेष - आज आपके किसी काम या प्रोजेक्ट में सरकार से लाभ होगा। ऑफिस में महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। ऑफिस के कामकाज के लिए बाहर जाना होगा। कार्यभार बढ़ेगा।

वृषभ - व्यापारियों के लिए आज का दिन शुभ है। नए काम शुरू कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। विदेश में रहनेवाले मित्रों या स्वजनों का समाचार आपको भाव-विभोर करेगा। लंबी दूरी की यात्रा का योग है।

मिथुन - बेकाबू क्रोध पर लगाम रखें। बदनामी और नकारात्मक विचारों से दूर रहना आपके हित में होगा। इस कारण मन खिन्न होगा। नई चिकित्सा और ऑपरेशन न कराना उचित होगा।

कर्क - आज का दिन सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए लाभदायक साबित होगा। मौज-शौक के साधन, उत्तम आभूषण और वाहन की खरीदारी करेंगे। मौज-मस्ती और मनोरंजक की प्रवृत्तियों में समय व्यतीत गुजरेगा।

सिंह - संदेह के बादल घिरे होने से कहीं मन नहीं लगेगा। हालांकि घर में शांति का वातावरण होगा। दैनिक कामों में थोड़ा अवरोध आएगा। अधिक परिश्रम के बाद अधिकारियों के साथ वाद- विवाद में न पड़ें। परिवार को समय दें।

कन्या - आज का दिन चिंता और उद्वेग से परिपूर्ण होगा। पेट की गड़बडी से स्वास्थ्य खराब होगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई में अवरोध आएगा। अचानक धन खर्च होगा। बौद्धिक चर्चाएं और समझौते में असफलता मिलेगी।

तुला - आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। इस कारण मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। माता के साथ संबंध न बिगड़े, इसका ध्यान रखें। माता के स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें।

वृश्चिक - कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि के लिए अच्छा दिन है। नए काम की शुरुआत भी कर सकते हैं। भाई- बंधुओं का व्यवहार आज अधिक सहयोगपूर्ण और प्रेमपूर्ण रहेगा। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे।

धनु - दुविधायुक्त मन:स्थिति और उलझे हुए पारिवारिक वातावरण के कारण आप परेशानी का अनुभव करेंगे। निरर्थक धन खर्च होगा। काम पूरा होने में विलंब होगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेना हितकर नहीं है।

मकर - ईश्वर के नाम के स्मरण से आपके दिन का शुभारंभ होगा। धार्मिक कार्य और पूजा पाठ होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंदमय वातावरण रहेगा। आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। मित्रों, सगे संबंधियों की तरफ से अनुकूल अवसर मिलेंगे।

कुंभ - आज किसी की जमानत लेना। आर्थिक लेन-देन न करना उचित होगा। खर्च की मात्रा अधिक रहेगी। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं होगा। स्वजनों के साथ मतभेद उत्पन्न होंगे।

मीन - सामाजिक कामों या समारोहों में भाग लेने का अवसर आएगा। मित्रों-स्नेहीजनों के साथ की मुलाकात मन को खुशी देगी। सुंदर स्थान पर पर्यटन का आयोजन होगा। शुभ समाचार मिलेगा। पत्नी और संतान से लाभ प्राप्त होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1340- इंग्लैंड और फ्रांस ने निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर किये।
1524- वास्कोडिगामा आखिरी बार वायसराय बनकर भारत आए।
1639- अमेरिका में पहली प्रिंटिंग प्रेस की शुरुआत।
1654- इंग्लैंड और डेनमार्क ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1846- अमेरिकी सेना ने मेक्सिको के मोंटेरी पर कब्जा किया।
1897- ब्रिटेन में पहली बस सेवा की शुरूआत हुई।
1911- फ्रांसीसी युद्धपोत लिब्रीटे में टूलॉन हार्बर पर विस्फोट से 285 लोगों की मौत।
1916- अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री और महान चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म।
1920- भारत के प्रसिद्ध रॉकेट वैज्ञानिक सतीश धवन का जन्म।
1939- प्रसिद्ध अभिनेता एवं फिल्म निर्माता-निर्देशक फिरोज खान का जन्म।
1977- जानी-मानी अभिनेत्री दिव्या दत्ता का जन्म।
1981- मध्य अमेरिकी देश बेलीज संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
2008- चीन ने अंतरिक्ष यान 'शेंझो-7' का प्रक्षेपण किया।
2010- हिंदी के वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार कन्हैयालाल नंदन का निधन।
2015- सिंगापुर में प्रदूषण की वजह से स्कूलों को बंद करना पड़ा।
2018- महेंद्र सिंह धोनी दुबई में एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व कर 200 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी करने वाले पहले भारतीय बने।
2020- मशहूर गायक एस. पी. बालासुब्रमण्यम का कोरोना वायरस से निधन।
2020- राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) अस्तित्व में आया। इसने भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद की जगह ली।

**आरोप** खालिस्तान नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया!

# कनाडा को अमेरिका ने उपलब्ध कराई थी निज्जर की हत्या से जुड़ी सूचना: न्यूयॉर्क टाइम्स

**न्यूयॉर्क, 24 सितम्बर (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा ने जिस खुफिया सूचना के आधार पर खालिस्तान नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया है, वह उसे अमेरिकी एजेंसियों ने उपलब्ध कराई थी। अखबार ने पश्चिमी सहयोगी देशों के अधिकारियों के हवाले से यह खबर दी है। अखबार ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर निज्जर की हत्या के बाद 'अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने कनाडा की खुफिया एजेंसी को वह संदर्भ मुहैया कराया था जिससे कनाडा ने मामले में भारत के शामिल होने का निष्कर्ष निकाला।'**

अखबार से बात करने वाले दो सहयोगी देशों के अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि हत्या के बारे में 'सबसे पुख्ता सबूत' खुद कनाडा ने जुटाये थे।

यह रिपोर्ट कनाडा में अमेरिकी राजदूत डेविड कोहेन के दावों से मेल खाती है जिन्होंने कहा था कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के भारत के खिलाफ आरोप 'फाइव आईज सहयोगियों के बीच साझा खुफिया जानकारी' पर आधारित थे। फाइव आईज कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का संयुक्त खुफिया नेटवर्क है। इसकी स्थापना 1946 में हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका को निज्जर की हत्या से पहले इस साजिश या इसमें भारत की भूमिका के बारे में जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा होता तो उन्होंने ''सचेत करने की जिम्मेदारी'' के



तहत ओटावा को तत?काल सूचित किया होता।

अधिकारियों ने बताया कि कनाडाई अधिकारियों ने भी निज्जर को चेतावनी दी थी, लेकिन उसे यह नहीं बताया था कि भारत सरकार की साजिश में निशाने पर है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने मामले में व्हाइट हाउस के प्रवक्ता से भी बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी अधिकारी दोनों सहयोगी देशों के साथ संतुलन बनाकर चलना चाहते हैं और इसलिए इस हत्या पर बोलने से बच रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकेन ने भारत से निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा के साथ सहयोग करने और 'जिम्मेदारी' सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम बैठक से इतर संवाददाताओं से बात करते हुये ब्लिंकन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका भारत और कनाडा दोनों के संपर्क में है। भारत के साथ उसके मधुर संबंध हैं और कनाडा एक करीबी सहयोगी है। उन्होंने कहा, 'हम जिम्मेदारी देखना चाहते हैं। यह जरूरी है कि जांच अपने हिसाब से चले और परिणाम निकले। उन्होंने कहा कि कनाडा ने निज्जर की हत्या से जुड़े साक्ष्य कई सप्ताह पहले भारत के साथ साझा किये थे। ट्रूडो के आरोप से भारत और कनाडा के राजनयिक संबंधों में खटास आ गई है।

## दुनिया को जानें

### चीनी शोधकर्ताओं ने नई बायोनिक कम कार्बन निर्माण सामग्री विकसित की

**बीजिंग,** 24 सितम्बर (एजेंसियां)। चीनी शोधकर्ताओं ने नई बायोनिक कम कार्बन निर्माण सामग्री विकसित करने में सफलता हासिल की है। इससे निर्माण क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए नया विचार मिला है। अनुसंधान का परिणाम हाल में अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक पत्रिका 'मैटर' में प्रकाशित हुआ।



शोधकर्ताओं ने रेत टावर कीड़े के घोंसला निर्माण की प्रक्रिया से प्रेरित प्राकृतिक आधारित बाइंडर के उपयोग से रेत और स्लैग जैसे ठोस कणों को बांधा। फिर कम तापमान और सामान्य दबाव की स्थिति में नई बायोनिक कम कार्बन निर्माण सामग्री तैयार की गयी। बताया जाता है कि इस सामग्री की संपीड़न शक्ति 17 एमपीए तक है, जो पारंपरिक निर्माण सामग्री की आवश्यकता को पूरा कर सकती है। इसके अलावा, इस सामग्री में उत्कृष्ट एंटी-एजिंग गुण, जलरोधक गुण और अद्वितीय पुनर्चक्रण गुण हैं। इसलिए कम कार्बन वाले निर्माण के क्षेत्र में इसकी बड़ी निहित शक्ति है।

# प्रादेशिकी

## लापरवाह चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

**लक्सर।** एसएसपी हरिद्वार परमेंद्र डोभाल ने लापरवाही बरतने के मामले में भिक्कमपुर एसआई को लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही एसएसपी द्वारा पूरे प्रकरण में जांच बैठाई गई है। बताया जा रहा है कि एसएसपी ने भिक्कमपुर एसआई पर समय पर मुकदमा दर्ज ना करने पर ये कार्रवाई की है। साथ ही एसएसपी ने सभी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। चार्ज संभालते ही पहले दिन से ही एसएसपी हरिद्वार परमेंद्र डोभाल एक्शन मोड पर हैं। साथ ही एसएसपी ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को एवं पुलिसकर्मियों को कहा था कि पुलिसिंग में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायतकर्ताओं को न्याय के लिए भटकना न पड़े व शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाए।

## वीआईपी का खुलासा नहीं होने पर सभी कांग्रेसी मुंडवाएंगे सिर





- गणेश गोदियाल ने धामी सरकार को दी चेतावनी
- अंकिता हत्याकांड मामले में सियासत गर्म
- मुख्यमंत्री को पोस्ट के जरिए केश दान करेंगे

**देहरादून,** 24 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर सियासत चरम पर है। इसी बीच कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सरकार को चेतावनी दी है कि अगर मामले में वीआईपी के नाम का खुलासा नहीं किया जाता है, तो कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सिर मुंडवाकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पोस्ट के जरिए केश दान करेंगे। उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड को एक साल बीत गया है। वहीं अभी तक इस मामले में अंकिता के परिजनों को इंसाफ नहीं मिल पाया है। जिसे लेकर हाल ही में उत्तराखंड कांग्रेस पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने अपने बाल मुंडवा लिए थे। फिलहाल अब इस पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व पीसीसी अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को अपने निशान पर लिया है। दरअसल कांग्रेस पार्टी के पूर्व पीसीसी अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने अंकित भंडारी को न्याय दिलाने के लिए महिला कांग्रेस की ओर से किए गए प्रदर्शन पर पीठ थपथपाई।

### महेंद्र भट्ट के बयान पर पलटवार

गणेश गोदियाल ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की तरफ से कांग्रेस की महिलाओं द्वारा सिर मुंडवाने को लेकर उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पहले महेंद्र भट्ट को दिवंगत सुषमा स्वराज के उस बयान को भी याद कर लेना चाहिए। जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर सोनिया गांधी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगी, तो वह अपना सिर मुंडवा देंगी। ऐसे में सोनिया गांधी ने भी एक महिला की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए बड़ा दिल दिखाया और प्रधानमंत्री पद की शपथ नहीं ली।

### वीआईपी के नाम का खुलासा करने की मांग

उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं का ज्ञान अधूरा है। ऐसे में उन्हें अपना ज्ञानवर्धन करना चाहिए। अभी तो अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस की दो बहनों ने सरकार के विरोध स्वरूप अपने केश दान किए हैं, लेकिन अगर उस वीआईपी के नाम का खुलासा नहीं किया जाता है, तो आने वाले समय में कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता और महिलाएं बड़े पैमाने पर अपना सिर मुंडवाकर सरकार के खिलाफ अपना विरोध करेंगे।

### कांग्रेस की प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी

उन्होंने कहा कि अंकित भंडारी को न्याय दिलाने के लिए अभी तो कांग्रेस की दो बहनों ने ही केश दान किए हैं, लेकिन अंकित हत्याकांड में वीआईपी का नाम उजागर किए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी आगामी दिनों में बड़े पैमाने पर केश दान करेगी। उन्होंने कहा कि यदि अंकिता को न्याय नहीं मिला तो बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता महिलाएं अपना सर मुंडवा कर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराएंगे। अंकित भंडारी मामले में कांग्रेस लगातार भारतीय जनता पार्टी और राज्य सरकार पर सवाल उठा रही है। वहीं अभी तक इस मामले में वीआईपी का नाम सामने नहीं आया है और उसकी पहचान भी उजागर नहीं हो पाई है, जिसके कारण अंकिता पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। इसको लेकर कांग्रेस पिछले कई दिनों से प्रदर्शन कर रही है और सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है।

### महिलाओं पर बढ़ रहा अत्याचार

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि अंकिता हत्याकांड मानवता के लिए शर्मसार करने वाली और देवभूमि उत्तराखंड की अस्मिता को कलंकित करने वाली घटना है। इसके लिए दोषियों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए, जिससे ऐसा अपराध करने वालों को सबक मिल सके। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।

## देवीलाल जंयती पर आज कैथल में जुटेंगे देशभर के सियासी दिग्गज



**सिरसा,** 24 सितंबर (एजेंसियां)। पूर्व उप -प्रधानमंत्री स्व.देवीलाल की 110 वीं जयंती पर सोमवार को इंडियन नेशनल लोकदल की ओर राज्य स्तरीय सम्मान दिवस समारोह कैथल की अनाज मंडी में मनाया जाएगा। इस 'सम्मान दिवस समारोह' में देशभर के विभिन्न सियासी दलों के लगभग डेढ़ दर्जन बड़े नेता शिरकत कर अपनी श्रद्धांजली अर्पित करेंगे। 'इंडिया' के सियासी गठन के बाद उसके घटक दलों के नेताओं के इस समारोह में शिरकत करने को लेकर सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी ने भी निगाहें गाड़ी हुई हैं। सभा स्थल पर एक लाख से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। ऐलनाबाद के विधायक एवं पार्टी के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने बताया कि 25 सितंबर को पूर्व उप-प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की जंयति पर आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय जयंती 'सम्मान दिवस समारोह' में देशभर के विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गज नेता शिरकत कर चौधरी देवीलाल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इन नेताओं में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,राष्ट्रवादी कांग्रेस प्रमुख शरद पवार,पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू यादव, महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे, जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूख अब्दुल्ला, पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक,पूर्व मंत्री बिरेंद्र सिंह,राजस्थान से सांसद हनुमान बेनीवाल, जनतादल (यूनाइटेड) के केसी त्यागी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अजीत सिंह के पुत्र जयंत चौधरी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी, पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल व तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधि डेरेक ओ ब्रायन, चंद्रशेखर आजाद सहित कई दलों के नेता शामिल होंगे। सभा स्थल पर दो मंच बनाए गए हैं जिनमें पहले मंच पर सीनियर नेता बैठेंगे जबकि दूसरे मंच पर पार्टी के पदाधिकारी। उधर,सिरसा स्थित चौधरी देवीलाल विद्यापीठ में भी सोमवार को एक श्रद्धाजली समारोह का आयोजन रखा गया है। जिसमें शिक्षाविद्य चौधरी देवीलाल की जीवनी पर प्रकाश डालेंगे।

वहीं, दूसरी ओर चौटाला परिवार के दो फाड़ होने के बाद गठित जन नायक जनता पार्टी की ओर से राजस्थान के सीकर में भी देवीलाल जयंति पर एक कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला,हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला सहित पार्टी के कई नेता संबोधित करेंगे। एक ही परिवार की ओर से दो आयोजन रखने से सियासत के जानकार लोग इस बात पर गौर कर रहें हैं कि आखिर भीड़ के लिहाज से कौन सा कार्यक्रम ज्यादा सफल रहता है।

## सार संक्षेप

### दिव्यांग खिलाड़ी दिग्विजय को आचार्य बालकृष्ण ने किया सम्मानित

**लक्सर।** मोटर स्पोर्ट्स में चार बार विश्व रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करने वाले दिव्यांग खिलाड़ी दिग्विजय सिंह को पतंजलि योगपीठ ने सम्मानित किया है। पतंजलि के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने दिग्विजय को 51000 रुपए का चेक दिया है। साथ ही भविष्य में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया। बता दें कि दिव्यांग खिलाड़ी दिग्विजय सिंह लक्सर के दाबकी कला गांव के रहने वाले हैं। जो कार और बाइक रेसिंग के अलावा किक्रेट समेत दूसरी खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। दिग्विजय सिंह ने साल 2020 में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली गमबाल इंडिया 2020 कार रैली में कन्याकुमारी से आगरा तक की 3 हजार किमी की दूरी 58 घंटों में पूरी की थी। इस रेस को 60 घंटों में तय करनी थी। जिसे 58 घंटों में पूरा कर श्इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्डश् अपने नाम किया।इसके अलावा दिग्विजय ने कई प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की। जिसके चलते 4 बार विश्व रिकॉर्ड में उनके नाम दर्ज हो चुका है। सीएम पुष्कर सिंह धामी के अलावा कई मंचों पर उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। दिग्विजय सिंह दिव्यांग हैं, लेकिन उन्हें कार रेस, स्कूटर राइड का बेहद शौक है। उन्होंने कई बार कार रेस और स्कूटर राइडिंग में कई राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीत हासिल की है। हाल ही में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत इंटरनेशनल राइड आयोजित की गई थी। इंटरनेशनल राइड नई दिल्ली से नेपाल तक थी।

### कांग्रेसी नेत्री रश्मि चौधरी के पति पंचतत्वों में विलीन

**रुड़की।** महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्षा रश्मि चौधरी के पति के अकस्मात निधन पर अनेक नेताओं, गणमान्य लोगों तथा पत्रकारों में उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय कैप्टन सुरेंद्र सिंह चौधरी का पार्थिव शरीर रश्मि चौधरी के जादूगर रोड स्थित निवास से मालवीय चौक शमशान घाट ले जाया गया। सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मालवीय चौक स्थित शमशान घाट पहुंचकर रश्मि चौधरी के पुत्रों को सांत्वना दी। विधायक फुरकान अहमद, प्रदीप बत्रा व ममता राकेश, जीपी अध्यक्ष भावना पांडे, कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गौरव चौधरी, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र चौधरी, पूर्व सांसद राजेंद्र कुमार बॉडी, कलीम खान, एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष डा. नैयर काजमी आदि ने रश्मि चौधरी के निवास पहुंचकर उनके परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि इस दुख की घड़ी में हम आपके पूरे परिवार के साथ हैं। इस अवसर भाजपा नेता एडवोकेट पंवममतेश शर्मा, नवीन जैन एडवोकेट, अशोक चौधरी एडवोकेट, बार एसोसिएशन रुड़की के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण तोमर के अलावा रिश्तेदार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### सुडोकू 6327 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 5 | 2 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 3 |
| 5 | 4 | 7 | 2 | 3 | 8 | 6 | 9 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 |
| 1 | 5 | 4 | 7 | 6 | 2 | 9 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 2 | 6 |

## सुक्खू ने अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव का ब्रॉशर जारी किया



- राज्य स्तरीय कुल्लू दशहरा समिति की बैठक की अध्यक्षता की
- 24 अक्तूबर से आरम्भ उत्सव के दौरान 19 देशों के प्रतिभागी भाग लेंगे
- जनता को समर्पित की 12 करोड़ रुपये की विकासात्मक परियोजनाएं

**शिमला,** 40 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस वर्ष 24 से 30 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के पूर्वावलोकन (कर्टन रेजर) कार्यक्रम का शुभारंभ कर इसका ब्रॉशर जारी किया। आज यहां राज्य स्तरीय कुल्लू दशहरा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्सव इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उत्सव के लिए क्षेत्र में निर्बाध परिवहन सुविधा सुनिश्चित करने के दृष्टिगत मंडी-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान प्रदेश विशेषकर कुल्लू जिले में पर्यटन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद आपदा के दौरान जिला प्रशासन, विभिन्न विभागों, संगठनों एवं लोगों द्वारा राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए दिया गया योगदान प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि हिमाचल एक बार फिर पर्यटकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह से तैयार है और आगामी कुल्लू दशहरा उत्सव इस संबंध में एक मील पत्थर साबित होगा।

पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहन प्रदान करने में दशहरा उत्सव की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव वास्तव में एक वैश्विक कार्यक्रम बनने के लिए तैयार है। विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक दलों के साथ-साथ रूस, इजराइल, रोमानिया, कजाकिस्तान, क्रोएशिया, वियतनाम, ताइवान, थाईलैंड, पनामा, ईरान, मालदीव, मलेशिया, कीनिया, दक्षिण सूडान, जाम्बिया, घाना और इथियोपिया सहित 19 देशों के प्रतिभागी उत्सव में एक विविध और अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक झलक दिखायेंगे।

उन्होंने कहा कि उत्सव में 25 अक्टूबर को सांस्कृतिक परेड और 30 अक्टूबर को कुल्लू कार्निवल का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही 13 विभाग क्षेत्र की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करते हुए पैगोड़ा टेंट में प्रदर्शनियां लगाएंगे। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों और उपस्थित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा, उन्होंने सांस्कृतिक एवं लोक परंपराओं को संरक्षित करने के लिए उत्सव के दौरान पारंपरिक खेलों और स्थानीय लोक कलाकारों को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया।

## लोकसभा में भाजपा का चेहरा हुआ बेनकाब : करीम



- लोकसभा में बसपा सांसद दानिश अली के समर्थन में उतरे बसपा विधायक सरवत करीम

हरिद्वार, 24 सितंबर (देशबन्धु)। एक तरफ जहां लोकसभा में बसपा सांसद दानिश अली पर भाजपा सांसद रामनरेश रदुड़ी की गई टिप्पणी और अपशब्दों के प्रयोग से बसपा नेता बेहद गुस्से में हैं तो वहीं मंगलौर से बसपा विधायक सरवत करीम अंसारी ने भी भाजपा सांसद को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने बसपा सांसद दानिश अली के साथ अभद्रता को गंभीरता से लेते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा की देश की सबसे बड़ी संसद में एक सांसद को खुले आम नीचा दिखाने की कोशिश की गई और यहां तक कि संसद के बाहर देखलेने की धमकी दी गई जो बेहद निंदनीय है।

सरवत करीम ने कहा की देश का संविधान इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करने की किसी भी समाज को अनुमति नहीं देता है उन्होंने कहा की भाजपा देश में नफरत का माहौल पैदा कर रही है बड़े दुख की बात है की सांसद की अमर्यादित टिप्पणी पर भाजपा से लेकर कांग्रेस के सभी नेता शांत हैं जबकि अभी तक ऐसे सांसद के खिलाफ कड़ी कार्यवाही तक हो जानी चाहिए थी।उन्होंने कहा की दानिश अली बसपा के मुस्लिम सांसद सांसद हैं उन्हें इसलिए टारगेट किया गयाहै।

बसपा विधायक ने अपने कैंप कार्यालय पर पत्रकारों के सवाल पर कहा की इससे भाजपा की गंदी मानसिकता दर्शाती है की वह पूरी तरह से मुस्लिम विरोधी है। उन्होंने कहा की जब देश के लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में इस तरह की घटना घट सकती है तो देश के अन्य स्थानों पर एक विशेष समुदाय का कितना शोषण हो रहा होगा इसका अंदाजा आप बखूबी लगा सकते हैं। हाजी सरवत अंसारी ने कहा की आज देश के हालात बेहद खराब हो चुके हैं जब सांसद तक पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल खुलेआम हो रहा है तो आम आदमी अपने आपको कैसे सुरक्षित समझ सकता है।उन्होंने कहा की इसकी जितनी निंदा की जाए कम है बसपा इसकी कड़े शब्दों में निंदा करती है।

## उत्तराखंड में इन्वेस्टर समिट को लेकर उद्योग जगत में उत्साह का माहौल

- एक हजार करोड़ का करार कर चुका महिंद्रा ग्रुप
- चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा 'होम इज वेयर द हार्ट इज'

**देहरादून,** 24 सितंबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड में दिसंबर में होने जा रहे इन्वेस्टर्स समिट को लेकर उद्योग जगत में उत्साह का माहौल है। पहले ही पहाड़ी राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में 1000 करोड़ के निवेश का उत्तराखंड सरकार के साथ एमओयू साइन कर चुके महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने अब इसे लेकर एक्स पर अपनी राय जाहिर की है। उन्होंने लिखा है कि 'होम इज वेयर द हार्ट इज। दुनिया में हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में भारत में सर्वाधिक अवसर हैं क्यूंकि इस समय घरेलू टूरिज्म बूम पर है'।

उत्तराखंड सरकार की ओर से आगामी दिसंबर माह में इन्वेस्टर समिट का आयोजन प्रस्तावित है। इसके लिए उत्तराखंड सरकार ने ढाई लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा है। बीते दिनों दिल्ली में हुए समिट के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में देश के कई नामी उद्योग घरानों ने राज्य में निवेश की दिशा में कदम बढ़ाते हुए एमओयू पर हस्ताक्षर किये। हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में अग्रणी महिंद्रा ग्रुप के द्वारा भी उत्तराखंड में 1000 करोड़ के निवेश के एमओयू किये गए। अब, महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन श्री आनंद महिंद्रा ने इसे लेकर एक्स पर अपनी राय साझा की है। उन्होंने लिखा दुनिया में भारत मे पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

गौरतलब है कि उत्तराखंड सरकार (यूके) के साथ महिंद्रा ग्रुप ने 1000 करोड़ के निवेश के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। पहले से उत्तराखंड में अपने ग्रुप के रिसोर्ट संचालित कर रही अग्रणी कंपनी की योजना है कि आने वाले दिनों में 4-5 बड़े रिसॉर्ट्स का निर्माण उत्तराखंड के अलग अलग क्षेत्रों में किया जाए। कंपनी का कहना है कि यह देश के किसी भी राज्य में ग्रुप द्वारा किया गया सबसे बड़ा निवेश होगा।

## भाजपाईयों ने सुनी पीएम मोदी के 105 वें एपिसोड की मन की बात



**देहरादून,** 24 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा ने दुनिया के सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात के 105 वे एपिसोड को व्यापक जनसहभागिता के साथ प्रदेश भर में बूथ स्तर पर सुना। जिनका नेतृत्व करते हुए ऐसे ही एक प्रमुख कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पीएम मोदी द्वारा 'शिक्षा से सेवा' विचार रखने वाली घोडा लाइब्रेरी के जिक्र को राज्यवासियों का उत्साहवर्धन करने वाला बताया। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने जसपुर के बूथ नम्बर 37 पर बड़ी संख्या में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ इस कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होने कहा, एक कार्यकर्ता होने के नाते हम सबके लिए गर्व और उत्साहवर्धन की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज इस कार्यक्रम में नैनीताल के दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संचालित घोडा लाइब्रेरी का जिक्र समूचे देश के सामने किया। उन्होने कहा, निस्वार्थ भाव से दर्जनों गांवों के बच्चों के मध्य ये युवा, इस चलती फिरती लाइब्रेरी को निशुल्क संचालित कर रहे हैं। जिसमे एकेडमिक कोर्स के अतिरिक कविता, कहानियाँ, नैतिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक विषयों की पुस्तकें होती हैं। प्रधानमंत्री के मन की बात से करोड़ो लोग प्रेरित होते हैं लिहाजा हमे भी उम्मीद है कि उनके घोडा लाब्रेरी का जिक्र प्रदेशवासियों और देशवासियों को ऐसे शैक्षिक सामाजिक कार्यों को करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। साथ ही उन्होने कहा, पीएम ने जिस तरह पर्यटन के विभिन्न आयामों और किसी भी राज्य की अर्थिकी में पर्यटन व्यवसाय के योगदान को समझाया उसका लाभ अन्य प्रदेश की तरह उत्तराखंड को भी अवश्य मिलेगा, क्यूंकि इसकी भूमिका राज्य की तरक्की में सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होने कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं से कहा, हम सबका का सौभाग्य है कि हमारे पास दुनिया का सबसे लोकप्रिय और शक्तिशाली नेता है। लिहाजा हमारा दायित्व है कि मन की बात कार्यक्रम में मोदी जी के प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक विचारों को जन जन तक पहुंचाया जाये और समाज की राज्य व देश के विकास में अधिक सहभागी बनाया जाये।

## कांग्रेस द्वारा लाया गया श्वेत पत्र 10 गरंटियों की तरह झूठ का पुलिंदा : जयराम



**शिमला,** 24 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कांग्रेस द्वारा लाया गया श्वेत पत्र 10 गरंटियों की तरह झूठ का पुलिंदा है इस श्वेत पत्र से साफ जाहिर होता है कि कांग्रेस ने झूठ का एक नया अध्याय शुरू कर दिया है।

उन्होंने कहा कि श्वेत पत्र में दिए गए सारे आंकड़े झूठे हैं, गलत है और सच्चाई से परे है। हम कांग्रेस पार्टी को याद दिलाना चाहते हैं कि इस कूप्रबंधन की शुरुआत 1993 से 1998 के कांग्रेस शासनकाल में हुई थी जब कांग्रेस ने इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के नाम पर मार्केट से 1000 करोड़ का लोन लिया था जिसकी दरें बहुत अधिक थी। इस लोन का कोई औचित्य नहीं था। कांग्रेस के 2012 से 2017 तक के शासनकाल में 20000 करोड़ से अधिक का लोन लिया गया था, इसकी कोई आवश्यकता नहीं थी। भाजपा सरकार के दौरान हमने तो कोविड जैसी महामारी का सामना किया है। हम साफ कहते हैं कि इस श्वेत पत्र को उठाकर कूड़े के डब्बे में फेंक देना चाहिए। 2017 में जब भाजपा ने सत्ता संभाली थी तो कांग्रेस काल के 2016 और 2017 की तीन डीए की किस्ते जो कि लगभग 18 प्रतिशत थी उनका भुगतान हमने किया साथ ही हमने 3त्न और दिया। शायद कांग्रेस पार्टी को यह दिखता नहीं है।

2012 से 2017 में कांग्रेस पार्टी ने बड़ा लोन लिया था जो कि आज तक के इतिहास में सबसे ज्यादा है, यह लोन 28000 करोड़ से 47000 करोड़ तक पहुंच गया था अगर इसमें उछाल देखा जाए तो 66त्न का है। कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों के 9000 करोड रुपए देने थे जो कि भाजपा की सरकार ने दिए और साथ ही इस सरकार ने एफआरबीएम एक्ट का पालन भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि जीएसटी कंपनसेशन की बात करें तो पूरे देश में यह पांच साल के लिए मिली थी हिमाचल कोई विभिन्न नहीं है। कांग्रेस पार्टी केवल झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रही है।

अगर हिमाचल प्रदेश को आगे ले जाना है तो हमें कुछ करवा करना पड़ता है, ग्लोबल इनवेस्टर मीट की ऊपर केंद्र सरकार द्वारा 10 करोड़ देखी राशि दी गई थी जो कि इन्होंने छुपाने का प्यार किया है। हमारे कार्यकाल में दो ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हुई जिसमें शिमला में 13000 करोड और मंडी में 28000 करोड के एमओयू साइन हुए। अभी तक 8000 करोड से जादा प्रोजेक्ट धरातल पर उतर चुके हैं। जब मुकेश अग्निहोत्री कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में स्वयं उद्योग मंत्री थे तब उन्होंने भी इंवरेटर मीट की पर उनसे एक भी एमओयू हस्ताक्षर नहीं जो पाया।

यूपीए 1 और 2 के अंतर्गत रेल बजट केवल 108 करोड़ मिल पाया था , पर आज यह 17 गुना बढ़कर 1838 करोड़ पहुंच गया कांग्रेस पार्टी को यह दिखता नहीं है देखना चाहिए। बिलासपुर भन्नुपल्ली लाइन इसका बड़ा उद्धारण हैं। हमने हिमाचल प्रदेश को एयर, रेल और रोड के साथ जोड़ने में बड़ा प्रयास किया। मंडी एयरपोर्ट के लिए हर साल 1000 करोड रुपए ईयर मार्क होते थे पर अब सुनने में आया है कि इस पैसे को यह सरकार कहीं और इस्तेमाल कर रही है। कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का कार्य भी हमारी सरकार में ही शुरू हुआ है पैसा तो तब आता है जब भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा होता है, पूरा करें और 400 करोड रुपए ले लीजिए।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सूखने अपने नाम की योजनाएं शुरू की है पर हमने कोई आपत्ति दर्ज नहीं करी, अगर कोई योजना धरातल पर उतारती है तो पैसे तो लगेंगे अगर आपको लगता है पैसे बचाने हैं तो खुद की योजनाएं भी रद्द करो।

हैरानी की बात तो यह है कि जो संस्थान हमने विकास कार्यों के लिए खोले थे जिसमें पूरा स्टाफ भी बैठ गया था। उनको बंद कर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह उनको पुनः खोलकर अपने नाम की पट्टिकाएं लगाने में लगे हैं।

## बागेश्वर रेल मार्ग निर्माण की मांग को लेकर लोग मुखर, संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन, बड़े आंदोलन की धमकी

**बागेश्वर,** 24 सितंबर (देशबन्धु)। टनकपुर-बागेश्वर रेल मार्ग निर्माण संघर्ष समिति ने सर्वे के बावजूद मार्ग निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई है। नाराज लोगों ने प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार ने जल्द शिलान्यास करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोलन का बिगुल एक फिर से फूंक दिया जाएगा। सामिति से जुड़े लोग रविवार को तहसील परिसर में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि गत वर्ष विधानसभा चुनाव से पहले हल्द्वानी में हुई चुनावी सभा में प्रधानमंत्री ने जल्द रेल मार्ग निर्माण करने की घोषणा की। इसके बाद 29करोड़ की राशि से सर्वे कार्य करवाया, लेकिन सर्वे के बाद निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। वक्ताओं ने कहा कि उनके पड़ोसी देश चीन ने ल्यासा तक रेल लाइन बिछा दी है। हमारा देश विकास कार्य में लगातार पिछड़ रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार ने जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है। रेल आने के बाद से ही पहाड़ों का विकास होगा। इतना ही नहीं इससे पलायन भी रुकेगा। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष नीमा दफौटी ने संचालन प्रताप सिंह गड़िया ने की। इस मौके पर गीता रावल, इंदिरा जोशी, केशवानंद जोशी, हयात मेहता, बंशीधर जोशी, रतन सिंह शाही, प्रवीण दफौटी, सरस्वती गैलाकोटी, विक्रम द्योड़ी, सुनीता टम्टा, ललिता असवाल, तायरा बानो, भावना रावत आदि मौजूद रहे।

# प्रादेशिकी

## गैंगस्टर एक्ट से वांछित अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**फर्रुखाबाद,**24 सितम्बर (देशबन्धु)। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव रायपुर खास निवासी आमिर पुत्र नन्हें खां, राजू पुत्र मेहंदी हसन को पुलिस ने ग्रिफ्तार किया है। आपको बता दें कि कायमगंज कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश पाल, उपनिरीक्षक शिवकुमार कांस्टेबल रोहित कुमार, मनोज कुमार एसोजी प्रभारी निरीक्षक अमित गंगवार, हेड कांस्टेबल अजीत गौतम, प्रवीण कुममार, अनुराग कुमार, संदीप राव, अजय कुमार ने संयुक्त टीम के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर कंपिल कायमगंज रोड रायपुर खास से 15000 15000 के दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कड़ी पूंछताछ से दोनो ने बताया कि हम लोग गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर अपनी व अपने परिवार वालों के आर्थिक लाभ हेतु अवैध रूप से गौवध कर गौवंश का मांस बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित करते हैं।

# उप्र के सर्वांगीण विकास को सरकार प्रतिबद्ध

**लखनऊ,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने प्रदेश में मार्गों व अवसंरचनाओं के निर्माण की रफ्तार को गति देने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस क्रम में योगी सरकार द्वारा पहले ही लक्ष्यों का निर्धारण किया जा चुका है तथा विस्तृत कार्य योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। योगी की मंशा के अनुरूप, लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश भर में विभिन्न योजनाओं के तहत जारी कार्यों को गति देने के लिए वित्तीय आबंटन व धनराशि स्वीकृति दी है। रेलवे ऑफ इंडिया डेवलपमेंट फंड (आरआईडीएफ) की योजना के आधीन 3 रेलवे ओवरब्रिज व 7 दीर्घ सेतु समेत कुल 10 निर्माणाधीन परियोजनाओं में प्रस्तावित कार्यों को गति देने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 124.57 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। इस क्रम में दो फेज में 98.15 व 26.42 करोड़ रुपए अब तक जारी किए गए हैं। जिन कार्ययोजनाओं को इस स्वीकृति के बाद गति मिलेगी उनमें सहारनपुर के आल्हणपुर से सोन्धेबांस मार्ग पर यमुना नदी सेतु व अतिरिक्त पहुंच मार्ग से संबंधित सुरक्षात्म कार्य निर्माण, मुजफ्फरनगर में ग्राम काटका व मंदौड़ के बीच ऊपरी गंग नहर पर बने क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नए सेतु व पहुंच सड़क प्रमुख हैं। फतेहपुर व रायबरेली के मध्य भिटौरा में गंगा नदी पर सेतु-सेतु पहुंच मार्ग और अतिरिक्त पहुंच मार्ग व सुरक्षात्मक कार्य, प्रयागराज में टोंस नदी पर दो लेन सेतु व पहुंच मार्ग तथा अतिरिक्त पहुंच मार्ग व सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण कार्य, महोबा में राठ-पनवारी मार्ग पर दीर्घ सेतु निर्माण, जालौन में नून नाले पर सेतु, बस्ती के कुआनो नदी पर पर सेतु निर्माण के लिए भी धनराशि आवंटित की गई है। वहीं, प्रयागराज में इलाहाबाद-वाराणसी रेल मार्ग पर 4 लेन रेल ओवरब्रिज, प्रयागराज में इलाहाबाद-मुगलसराय रेलवे सेक्शन में 2 लेन ओवरब्रिज व बागपत में दिल्ली-शामली-शाहदरा व सहारनपुर सेक्शन के अंतर्गत दो लेन रेल ओवरब्रिज के निर्माण के लिए भी धनावंटन होने से अब इन परियोजनाओं की पूर्ति की प्रक्रिया में तेजी आएगी।सीतापुर में महमूदाबाद कस्बे में 2.10 किमी के बाईपास व गोरखपुर में बरगदवा-कौवाबाद जेल बाईपास 4 लेन मार्ग पर स्थित खजांची चौराहे पर फ्लाईओवर के निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए कुल मिलाकर 44.86 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। 100 करोड़ की लागत वाली इन परियोजनाओं के लिए मौजूदा धनाबंटन दूसरी किस्त के तौर पर जारी की गई है। इससे पहले भी इन कार्यों को पूर्ण करने के मद में 48 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। इसी प्रकार मुजफ्फरनगर, श्रावस्ती, बांदा, वाराणसी, अयोध्या, बिजनौर, औरेया, पीलीभीत, गाजियाबाद, बुलंदशहर व हापुड़ में कुल 22 ग्रामीण संपर्क मार्गों के नवनिर्माण के मद में 7.36 करोड़ रुपए आवंटित किए जाने की कार्रवाई भी शुरू हो गई है। इन सभी धनाबंटन प्रक्रियाओं को प्रदेश सरकार की रूलबुक के अनुसार पूर्ण किया जाएगा और परियोजनाओं की पूर्ति का दायित्व प्रमुख अभियंता (विकास) व लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष को सौंपा गया है।



- **विभिन्न योजनाओं को गति देने के लिए वित्तीय आबंटन व धनराशि स्वीकृत**
- **ग्रामीण संपर्क, रेलवे ओवरब्रिज, फ्लाईओवर व बाईपास मार्गों के निर्माण को गति देगी सरकार**

### नई निर्माण योजनाओं को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू

इसी कड़ी में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश के तीन स्थानों पर आरआईडीएफ योजना के तहत 3 रेलवे ओवरब्रिज व 7 दीर्घ सेतु समेत कुल 10 चालू निर्माण कार्यों को गति देने के लिए 124.57 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त कर दी है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत 2 निर्माणाधीन बाईपास-रिंग रोड व फ्लाईओवर निर्माण की परियोजनाओं के लिए 44.86 करोड़ रुपए के धनाबंटन को स्वीकृत करते हुए इसकी कार्रवाई को आगे बढ़ा दिया है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के अलग-अलग जिलों में ग्रामीण संपर्क मार्गों के नवनिर्माण के मद में कुल 22 सड़कों के लिए 7.36 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त करते हुए परियोजनाओं के अंतर्गत जारी निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाएगी।

## मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**मेरठ,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। लोहियानगर थाना क्षेत्र के फतेउल्लापुर में अज्ञात चोरों ने बंद मकान के ताले तोड़कर नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात और कीमती मोबाइल चोरी कर लिए। पीड़ित परिवार ने घटना की जानकारी डायल 112 की पुलिस को दी। जिसके बाद पीड़ित ने पड़ोसी युवक पर शक जताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस पड़ोसी युवक की तलाश कर रही है। फतेउल्लापुर निवासी बिलाल पुत्र शब्बीर ने बताया कि वह राजस्थान में रहकर एंब्रॉयडरी का कार्य करता है। शनिवार को वह अपने परिवार के साथ मकान के ताले लगाकर अपने गांव बड़े भाई आजम द्वारा किए गए अकीके के प्रोग्राम में चला गया था। शनिवार को देर होने के कारण परिवार गांव में ही रुक गया। रविवार शाम को पीड़ित बिलाल अपने परिवार के साथ ॅअपने घर पहुंचा और गेट खोलने का प्रयास किया तो गेट अंदर से बंद था। अंदर से गेट बंद देखकर परिवार दंग रह गया। खिड़की से मकान के अंदर पहुंचकर देखा तो अज्ञात चोर मकान के अंदर वाले कमरे का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दे चुके थे।

## क्षेत्रीय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता कैमरे की निगरानी में होगी

**मवाना,**24 सितम्बर (देशबन्धु)। एएस इंटर कॉलेज मवाना में तीन दिवसीय क्षेत्रीय एथलेटिक्स बालक एवं बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता 25 से 27 सितंबर 2023 तक आयोजित कराई जाएगी, जिसका शुभारंभ उपजिलाधिकारी अखिलेश यादव व प्रबंध समिति के अध्यक्ष व प्रबंधक संयुक्त रूप से करेंगे। क्षेत्रीय, जनपद तथा मंडलीय स्तरीय एथलेटिक्स बालक एवं बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित कराने को टीमें गठित की गई है। प्ले ग्राउंड पर 2 आई पी व 6 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा 96 आईपी कैमरे विद्यालय में पहले से लगे हैं। कन्ट्रोल रूम द्वारा निगरानी रखी जाएगी। दो कंट्रोल रुम बनाए गए हैं। एएस इंटर कॉलेज मवाना में 25 सितम्बर को प्रात: 9:30 बजे क्षेत्रीय एथलेटिक्स बालक एवं बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य डॉ. मेघराज सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय क्षेत्रीय एथलेटिक्स बालक बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता इस क्षेत्र में पहली बार जनपदीय, मंडलीय एथलेटिक्स बालक एवं बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन होगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। आयोजन के दौरान छात्र छात्राओं को बिना आधार कार्ड के खेलने नहीं दिया जाएगा। आधार कार्ड के उपरांत समस्त छात्र छात्राओं को बायोमेट्रिक से गुजरना होगा। किसी भी छात्र-छात्रा का थम इंप्रेशन के समय यदि उम्र या आधार में कोई भी भिन्नता पाई जाती है, तत्काल कार्यवाही की जाएगी।



## सार संक्षेप

### असामाजकि तत्वों ने खंडित की मूर्ति, हंगामा

**मेरठ।** परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के अगवानपुर गांव में असामाजिक तत्वों ने भगवान गणेश की मूर्ति को खंडित कर दिया। शिशु मंदिर में स्थापित भगवान गणेश की प्राचीन मूर्ति को किसी असामाजिक तत्व ने खंडित कर दिया। इसे देखकर ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं मूर्ति की पुर्नस्थापना का आश्वासन दिया। मूर्ति खंडित की सूचना पर मौके पर बजरंग दल कार्यकर्ता भी पहुंचे। बजरंग दल के जिलाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, राष्ट्रीय युवा हिन्दू वाहिनी के जिला महा मंत्री महेंद्र फौजी पहुंचे। मौके पर काफी भीड़ जुट गई। इसके बाद पुलिस, प्रशासन ने पहुंचकर मामले को शांत कराया। हिंदूवादी संगठनों के लोगों ने प्रशासन को बताते हुए अपनी मांग की खंडित मूर्ति को विसर्जन कराने और नयी मूर्ति को विधि विधान से स्थापना कराने की मांग की है।

### पुलिस ने चार चेन झपटमारों को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरीगेट पुलिस ने रविवार को चार चैन झपटमारों को एक चैन के साथ गिरफ्तार किया है यह जानकारी आज तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने फतेहगढ़ स्थित पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान दी। एसपी ने बताया कि थाना कादरीगेट पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर 4 चैन स्नेचर अभयदास पुत्र वीरेन्द्र दास निवासी मोहल्ला बैण्डीपुरा मिशन कम्पाउण्ड थाना कादरीगेट,आयुष मसीह पुत्र जेम्स लौरेंस निवासी चर्च कम्पाउण्ड टीचर्श लाइन थाना कादरीगेट, विशाल ठाकुर पुत्र आलम सिंह निवासी विकास नगर बढ़पुर थाना कादरीगेट एंव बादल यादव पुत्र कौशलेन्द्र सिंह यादव निवासी केडी रोजी स्कूल बेण्डीपुरा मिशन कम्पाउण्ड थाना कादरीगेट को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस को गिरफ्तारी के दौरान 1 चैन पीली धातु बरामद हुई है।

### दबंगों ने झोपड़ी में लगाई

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊ दरवाजा दबंगों ने महिला के घर में पड़ी झोपड़ी में आग लगा दी। झोपड़ी में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित महिला ने दबंग के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर जानकारी के अनुसार थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र के गांव हैबतपुर गढ़िया निवासी रूबी यादव पत्नी अखिलेश कुमार यादव की आबादी की जगह में एक झोपड़ी डालकर रह कर गुजर बसर कर रही थी।पर दबंगों की नजर उसकी जगह पर थी। जब आज अपना अल्ट्रासाउंड कराने के लिए फर्रुखाबाद गई थी। जब अल्ट्रासाउंड कर के घर वापस आया था तो उसने देखा कि उसकी झोपड़ी में दबंगों ने आग लगा दी।

### मिर्जापुर में पैर फिसलने से गिरे होमगार्ड की हुई मौत

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के हलिया थाने में आज एक होमगार्ड की मौत हो गई। घटना के बाद हड़कंप मच गया। इसी थाना क्षेत्र के हथेडा गांव निवासी राजेंद्र कोल पुत्र बिन्दा कोल जो हलिया थाने में तैनात थे। रविवार सुबह लगभग ग्यारह बजे नाई की दुकान से बाल मे डाई कराकर थाने में बनी पानी टंकी पर स्नान करने गया।

## आयुष्मान भव: के तहत साप्ताहिक मेले का हुआ आयोजन

**मवाना,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। रविवार को नगर स्थित सीएचसी में आयुष्मान भव: अभियान के तहत साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ अनिल शर्मा ने बताया कि आयुष्मान भव: अभियान के तहत मेले में मरीजों को



स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। स्वास्थ्य मेले में दंत रोग, कुष्ठ रोग, नेत्र रोग, क्षय रोग से सम्बंधित स्टाल लगाए गए। कैंप में बीपी, शुगर, बुखार के मरीजों की जांच की गयी। उद्घाटन अखिल कौशिक नागरपालिका अध्यक्ष के द्वारा किया गया। इसमें 45 मरीजों को देखा गया स्टाफ में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अरुण डॉक्टर अनिल शर्मा फार्मासिस्ट कंडियाल, ओम प्रकाश कैलाश राज इरशाद बीपीएम देवेंद्र ललित और समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## महाकुंभ को दिव्य बनाने को जुटी उप्र सरकार

**लखनऊ/प्रयागराज,**24 सितम्बर (देशबन्धु)। महाकुंभ 2025 को दिव्य,भव्य और नव्य बनाने के लिए योगी सरकार की तरफ से तैयारियां जोरों पर हैं। महाकुंभ में सबसे बड़ी चुनौती कुंभ क्षेत्र में दाखिल होने वाली श्रद्धालुओं की करोड़ों की भीड़ होती है जिसका प्रबंधन कुंभ प्रशासन के लिए प्राथमिकता में सबसे पहले है। कुंभ क्षेत्र में आने वाली भीड़ नियंत्रित करने के साथ-साथ शहर के विभिन्न रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में भी सीसीटीवी लगेंगे। महाकुंभ-2025 के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी कमेटी विचार मंथन कर उसे धरातल में उतारने में लगी है। प्रयागराज में लगने जा रहे महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के कुंभ नगरी पहुंचने का प्रशासन का अनुमान है। श्रद्धालुओं की इस भीड़ का प्रबंध करने के लिए प्रशासन की तरफ से वृहद रणनीति बनाई जा रही है। अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर की अध्यक्षता में गठित ट्रैफिक एडवाइजरी कमेटी ने इस पर विचार मंथन करते हुए कई बिंदुओं पर अपने सुझाव सामने रखे हैं। मेला अधिकारी, महाकुंभ विजय किरन आनंद का कहना है कि इस महाकुंभ में पिछले महाकुंभ से डेढ़ गुना ज्यादा लोगों के आने के अनुमान को देखते हुए इस बार कुंभ का पार्किंग एरिया 1200 हेक्टेयर से बढ़कर 1800 हेक्टेयर किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की अपेक्षित भीड़ में वृद्धि को देखते हुए मेला क्षेत्र को भी 3200 हेक्टेयर से बढ़ाकर 4000 हेक्टेयर किया जाएगा। मेला अधिकारी विजय किरन आनंद के मुताबिक कुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के इस सैलाब को देखते हुए आईसीसीसी के कार्यों में भी विस्तार किया जा रहा है। इसमें अस्थायी सर्विलास सिस्टम के अन्तर्गत 676 सीसीटीवी कैमरे, 12 एएनपीआर कैमरे और आर्टीफिशियल इन्टेलीजेंस आधारित उत्कृष्ट भीड़ प्रबन्धन प्रणाली का प्रयोग किया जाएगा। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि कुंभ क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर 40 वीएमडी स्क्रीन्स लगाई जाएंगी जिनके माध्यम से इमेज एवं वीडियो मैसेज प्रसारित किये जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त बस स्टेशन एवं रेलवे स्टेशनों पर 126 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। इन्ही बिंदुओं पर श्रद्धालुओं की भीड़ का प्रवाह कुंभ क्षेत्र जाता है इसलिए इन पर खास निगरानी की आवश्यकता है।

- **पार्किंग क्षेत्र व कुंभ क्षेत्र का होगा विस्तार**
- **बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन में भी लगेंगे सीसीटीवी कैमरे**

## विनायक विद्यापीठ को मिलेगा एक्सीलेंस इन एजुकेशन अवार्ड

**मेरठ,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। इलेट्स वर्ल्ड एजुकेशन अपना 27वां इलेट्स वर्ल्ड एजुकेशन अवार्ड 2023 का आयोजन आगामी 3 अक्टूबर को दी एवर्ली पुत्रजया, मलेशिया में करने जा रहा है। जिसमे विनायक विद्यापीठ कालेज को एक्सीलेंस इन एजुकेशन के लिए विजेता चुना गया। इस सम्मान को विनायक डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने बताया कि यह अवार्ड शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए दिया जा रहा है और इसका श्रेय मै संस्थान के हर सदस्य को देना चाहूंगी जिनकी बदौलत यह संभव हो पाया है। इस अवॉर्ड के लिए विनायक विद्यापीठ के चेयरमैन डॉ. सोमेंद्र तोमर ने संस्थान की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा, निदेशक इंजि. विकास के अलावा सभी सदस्यों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा के मेहनत करने वालो की कभी हार नही होती, कभी न कभी उनको मेहनत का फल अवश्य मिलता है।



## जय श्रीराम बोलने वालों से पीढ़ी को बचाओ : युद्धवीर सिंह

**मेरठ,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। रविवार को जाट प्रांतीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय जाट महासभा के महासचिव युद्धवीर सिंह ने कहा, जय श्री राम से अपनी पीढ़ी को बचा लो। आज सबसे बड़ा खतरा दो तरह के समाज से है। एक हमारा राम-राम भाई का समाज है। दूसरा समाज जय श्रीराम का हो गया। इन जय श्रीराम वालों से बचो। युद्धवीर सिंह ने कहा, हमने शुरू से राम-राम कहा। हमसे बड़ा कोई राम भक्त है जो ये हमसे आज हिंदू होने का सर्टिफिकेट मांग रहे हैं। खुद को हिंदू या राम भक्त बताने के लिए हमें एक पार्टी के दफ्तर से प्रमाण पत्र लेने की जरूरत पड़ गई है। हम तो थे ही रामभक्त। हमारे राम तो कण-कण में हैं। लेकिन, अब ये जय श्रीराम का कल्चर आ गया है। जय श्रीराम और राम-राम में अंतर है। अपनी पीढ़ी को जय श्रीराम से नहीं बचाया तो नष्ट हो जाओगे। जाट समाज ने केंद्रीय सेवाओं में जाटों के आरक्षण की मांग के लिए यह सम्मेलन रखा था। सम्मेलन में जाट नेताओं ने इशारों में आरएसएस और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। युद्धवीर सिंह ने आगे कहा कि आज भिखमंगों और व्यापारियों के हाथ में देश है। इन्हें कभी देश से प्यार नहीं होता। कहते हैं 1857 में मेरठ से क्रांति की शुरुआत हुई, ये गलत है। 1193 में भाचू, बलेड़ा से पहला स्वतंत्रता संग्राम हमारी खाप पंचायत ने लड़ा था। देश के खिलाफ मंगल पांडे की लड़ाई नहीं थी, लेकिन इतिहास में उन्हें आजादी की लड़ाई का आगाजकर्ता लिखा गया। भारतीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार, मेरठ में होने वाले प्रांतीय सम्मेलन में बालियान खाप के चौधरी, मलिक खाप के अध्यक्ष, तोमर देश खाप के अध्यक्ष, भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय महासचिव, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, जाट समाज के चिंतक भाग लेंगे। उत्तर प्रदेश के अलावा पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड से लोग जुटे हैं।

- **जाट प्रांतीय महासम्मेलन में उठाई मांग**
- **आरक्षण के लिए जाट समाज ने भी रखी मांग**

## यादव बिरादरी में मृत्यु भोज बंद करने पर जोर दिया गया



**मवाना,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। अखिल भारतवर्षीय युवा यादव महासभा के तत्वावधान में यादव महासभा मेरठ इकाई की एक बैठक रविवार दोपहर को नगर के प्रीतनगर में उमेश यादव के आवास पर हुई, जिसमें महासभा ने भविष्य की योजनाओं पर विचार किया गया। इस अखिल भारतवर्षीय युवा यादव महासभा के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि शिक्षा, कला, साहित्य व संस्कृति का जन-जन तक पहुंचाये, वहीं समाज को रोजगार के लिए जागरूक किया जाये। सभा में समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने पर भी विचार किया गया। यादव बिरादरी में मृत्यु भोज बंद करने पर जोर दिया गया। मृत्यु के बाद सामग्री व घी का अर्पण किया जाये। समाज की प्रतिभाओं को जल्द एक आयोजन कर सम्मानित किया जायेगा। विवाह में दहेज प्रथा को दूर करने पर सभी उपस्थित लोगों ने सहमति जताई। सभा में महासभा के प्रदेश महासचिव उमेश यादव, अशोक यादव, बिरेन्द्र यादव, मेघराज यादव, रामकिशन यादव एडवोकेट, राजसिंह यादव, राजसिंह यादव, सुरेन्द्र यादव, संदीप यादव, निर्मित यादव, ईश्वर प्रधान, महेन्द्र सिंह, कृष्णपाल यादव, बिक्रम यादव, अंकुर, नीरज, ब्रजपाल व हरेन्द्र मौजूद रहे।

## मवाना में भगवान का अभिषेक व शांतिधारा की गई

**मवाना,** 24 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर मवाना में पर्यूषण पर्व पर चल रहे तीन लोक महामंडल विधान के छठें दिन रविवार को भगवान का अभिषेक व शांतिधारा की गई। शांति धारा करने का सौभाग्य तरुण जैन अरविंद जैन को प्राप्त हुआ। रविवार को तीन लोक महामंडल विधान में नंदीश्वर द्वीप के जिनालियों की पूजा करते हुए मांडले पर 140 अहर्य चढ़ाए गए। तीन लोक महामंडल विधान करने से उत्तम गति की प्राप्ति होती है। मंदिर श्री में दशलक्षण विधान के अंतर्गत उत्तम संयम धर्म की पूजा की गई। पांचो इंद्रियों को अपने वश में करना तथा परिग्रह रूपी पिशाच के छोड़ने से संयम धर्म का पालन होता है। संयम करने से मनुष्य अपने कर्मों की निर्जरा करते हुए महान और पूज्य बन जाता है, रविवार को मंदिर श्री में दोपहर के वक्त धूप दशमी की कथा हुई, जिसको सुगंध दशमी के नाम से भी जाना जाता है और सभी श्रद्धालुओं ने धूप को अग्नि में डालकर अपने कर्मों की निर्जरा की। सभी श्रद्धालुओं ने दसवें तीर्थंकर शीतलनाथ भगवान का अहर्य चढ़ाया। विधान के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान की आरती की गई। शाम को सभी महिलाओं ने प्रभु की भक्ति बड़े हर्षोल्लास के साथ करके पुण्य अर्जित किया। विधान में श्रीमती नीरू जैन, संध्या जैन, स्वस्ति जैन, बबिता जैन, सुमन जैन, अरुण जैन, स्वाति जैन आदि का सहयोग रहा।



**आयोजन** *बौद्ध धर्म व शांति विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित*

# बुद्ध की शिक्षाओं से स्थापित हो सकती है शांति : डॉ.हिरो हितो

**मेरठ, 24 सितम्बर (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति और सद्भाव को समर्पित बैक्जे बौद्ध महोत्सव दक्षिण कोरिया के बुएयो में बौद्ध धर्म एवं शांति विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस महत्त्वपूर्ण और प्रेरणादायक कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य बौद्ध धर्म के मूल सिद्धांत शांति और सद्भाव प्रसारित करना है जिसके लिए विश्व के अग्रणी व्यक्तित्तवों को एक मंच पर लाने का कार्य किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोरिया के चुंगचेओनम दो प्रांत के लेफ्टिनेंट गवर्नर रहे।**

सम्मेलन में कोरिया, वियतनाम और भारत के सम्मानित वरिष्ठ विद्वान संघ सदस्यों की उपस्थिति के परिणामस्वरूप इस संवाद की गंभीरता व महत्व और अधिक बढ़ गया। इस विशिष्ट अवसर पर स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज के सलाहकार डॉ. हीरो हितो ने अपनी उपस्थिति से सम्मेलन की शोभा बढ़ाई और सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा बौद्ध धर्म हेतु किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों से सभी को रूबरू कराया। उन्होंने भारतीय बौद्ध धर्म की वंशावली से लेकर बैक्जा राजवंश तक पर एक सम्ममोहक व्याख्यान दिया। उन्होंने संघर्ष पर शांति के महत्व को रेखांकित करते हुए आज की दुनिया में बुद्ध की शिक्षाओं की गहन प्रासंगिकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय का सम्राट अशोक सुभारती बौद्ध अध्ययन विद्यालय निरंतर अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बीच शांति, सद्भाव और बंधुत्व के भाव को स्थापित करने हेतु प्रयासरत है। उन्होंने स्पष्ट रूप से इस बात पर बल दिया कि बुद्ध की शिक्षाएँ हमारे आधुनिक विश्व में कालातीत और प्रासंगिक हैं। उन्होंने बौद्ध धर्म के मूल संदेश पर प्रकाश डाला, जो शांति, करुणा और अहिंसा में निहित है। डॉ. हितो ने इस बात पर बल दिया कि आज के अशांत समय में दुनिया को संघर्षों को सुलझाने और वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए बुद्ध के ज्ञान की ओर आना चाहिए। डॉ. धम्मपिया महासचिव, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ का संबोधन आंतरिक शांति की अवधारणा पर केंद्रित था। उन्होंने स्पष्ट किया कि आंतरिक शांति बाहरी शांति की नींव है और इसे माइंडफुलनेस और ध्यान जैसे बौद्ध सिद्धांतों के अभ्यास के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को अपने भीतर झाँकने, शांति खोजने और उस शांति को अपने समुदायों और दुनिया तक विस्तारित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उनका संदेश एक अनुस्मारक था कि शांतिपूर्ण समाज बनाने की दिशा में व्यक्तिगत परिवर्तन एक महत्वपूर्ण कदम है। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के महासचिव डॉ. वेन धम्मपिया ने बौद्ध सिद्धांतों के माध्यम से आंतरिक शांति प्राप्त करने पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की, और उपस्थित लोगों को अपने और अपने परिवेश के अंदर सद्भाव की खोज करने के लिए प्रोत्साहित किया।



- **दक्षिण कोरिया में सुभारती विवि की दस्तक**
- **एक मंच पर आए विश्व के महान व्यक्तित्व**

## भाजपा नेता बताने पर भी दरोगा ने पीटा, हंगामा

मेरठ, 24 सितम्बर (देशबन्धु)। टीपीनगर क्षेत्र में ट्रक से स्कूटी टकराने को लेकर मारपीट हो गई। सूचना पाकर पहुंचे दरोगा ने लाठियां फटकारी। इस दौरान भीड़ का हिस्सा बना भाजपा कार्यकर्ता भी पीटा गया। भाजपा के कार्यकर्ता की दरोगा द्वारा पिटाई की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता भारी संख्या में थाने पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया और आरोपी दरोगा पर कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर भाजपा कार्यकर्ता शांत हुए। पीड़ित ने आरोपी दरोगा के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मलियाना के जसवंत शुगर मिल निवासी नीरज भाजपा कार्यकर्ता है और वह ओबीसी मोर्चा से अग्रसेन संगठन मंत्री हैं। नीरज ने बताया कि चंद्रलोक कॉलोनी से कुछ श्रद्धालु गणपति विसर्जन करने के लिए जा रहे थे। जानकारी मिलने पर वह भी पहुंच गए। इसी दौरान बागपत रोड स्थित मिली मिलिनीयम पब्लिक स्कूल के सामने एक ट्रक की साइड लगने से स्कूटी सवार गिर गया। स्कूटी पर अपने पिता के साथ दो बच्चे थे। ट्रक की चपेट में आने के कारण स्कूटी पर सवार एक 12 वर्षीय बच्चा मामूली रूप से घायल हो गया। वह रुक कर स्कूटी सवार और ट्रक चालक में हो रही कहासुनी को देखने लगे।

देशबन्धु नई दिल्ली, सोमवार, 25 सितम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17




अब घर का सपना साकार
कर रही छत्तीसगढ़ सरकार

# आवास न्याय सम्मेलन

25 सितम्बर 2023, दोपहर 2 बजे
फायर एवं एसडीआरएफ मैदान, परसदा (सकरी)
विकासखंड तखतपुर, बिलासपुर

माननीय सांसद
## श्री राहुल गांधी जी
की गरिमामयी उपस्थिति में

- छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना के **30,000 हितग्राहियों** को आवास स्वीकृति पत्र का वितरण
- पीएमएवाय (ग्रामीण) के **1 लाख हितग्राहियों** को **25-25 हजार रु** के मान से प्रथम किस्त का वितरण
- मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के **500 हितग्राहियों** को **1-1 लाख रु** की राशि का वितरण
- विभिन्न जिलों के **2,594 शिक्षकों** को नियुक्ति पत्र
- नगरीय क्षेत्रों में **1,117 वन अधिकार पत्रों** का वितरण
- बिलासपुर जिले में **524.33 करोड़ रु** की लागत वाले 185 विकास व निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं



नई दिल्ली, 24 सितंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम रविवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 2.92 प्रतिशत |
| मारुति | 2.34 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.67 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.52 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.11 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| विप्रो | 2.32 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.57 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.50 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.34 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.26 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### चीनी-गुड़

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 3500-4000 |
| परमल | 1800-2300 |
| चावल सेला | 3000-3100 |
| आरआर (आठ ) | 1900-1950 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 8150-8250 |
| उड़द दाल | 11000-11100 |
| मूंग दाल | 10000-10100 |
| अरहर दाल | 10500-10600 |

## विश्व व्यापार का आधार बनेगा भारत पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारा : मोदी



नई दिल्ली, 24 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि जब भारत बहुत समृद्ध था उस ज़माने में देश और दुनिया में सिल्क रूट व्यापार-कारोबार का बहुत बड़ा माध्यम था और अब आधुनिक ज़माने में देश द्वारा सुझाये गये भारत पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारा आने वाले सैकड़ों वर्षों तक विश्व व्यापार का आधार बनने हा रहा है। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 105वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुये कहा कि जी -20 के शानदार आयोजन ने हर भारतीय की खुशी को दोगुना कर दिया। भारत मंडपम तो अपने आप में एक सेलिब्रेटी की तरह हो गया है। लोग उसके साथ सेल्फी खिंचा रहे हैं और गर्व से पोस्ट भी कर रहे हैं। भारत ने इस शिखर सम्मेलन में अफ्रीकन संघ को जी-20में पूर्ण सदस्य बनाकर अपने नेतृत्व का लोहा मनवाया है।

उन्होंने कहा कि इसी सम्मेलन में इस आर्थिक गलियारे में बारे में सुझाया गया है और इतिहास इस बात को हमेशा याद रखेगा कि इस गलियारे का सूत्रपात भारत की धरती पर हुआ था।

उन्होंने कहा कि जी-20 के दौरान जिस तरह भारत की युवाशक्ति, इस आयोजन से जुड़ी, उसकी आज, विशेष चर्चा आवश्यक है। साल-भर तक देश के अनेकों विश्वविद्यालयों में जी-20 से जुड़े कार्यक्रम हुए। अब इसी श्रृंखला में दिल्ली में एक और कार्यक्रम जी 20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम होने जा रहा है। इसके माध्यम से देश-भर के विश्वविद्यालयों के लाखों छात्र एक-दूसरे से जुड़ेंगे। इसमें आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी और मेडिकल कॉलेज जैसे कई प्रतिष्ठित संस्थान भी भाग लेंगे।

प्रधानमंत्री ने कॉलेज छात्रों से 26 सितम्बर को इस कार्यक्रम को जरुर देखने की अपील करते हुये कहा कि भारत के भविष्य में, युवाओं के भविष्य पर, इसमें, बहुत सारी दिलचस्प बातें होने वाली हैं। उन्होंने कहा, मैं खुद भी इस कार्यक्रम में शामिल होऊंगा। मुझे भी अपने कॉलेज छात्रों से संवाद का इंतजार है।

### त्योहारी सीजन में स्थानीय उत्पाद खरीदने पर जोर दिया मोदी ने

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी त्योहारी हारी सीजन को देखते हुए लोगों से स्थानीय उत्पादों की खरीदारी करने पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गाँधी जयंती के अवसर पर खादी का कोई ना कोई उत्पाद ज़रूर ख़रीदें। उन्होंने कहा कि देश में त्योहारों का मौसम भी शुरू हो चुका है। सभी के घर में भी कुछ नया खरीदने की योजना बन रही होगी। कोई इस इंतजार में होगा कि नवरात्र के समय वो अपना शुभ काम शुरू करेगा। उमंग, उत्साह के इस वातावरण में वोकल फार लोकल का मंत्र भी जरुर याद रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, जहां तक संभव हो, आप भारत में बने सामानों की खरीदारी करें, भारतीय उत्पाद का उपयोग करें और भारत में निर्मित सामान का ही उपहार दें। आपकी छोटी सी कोशिश किसी दूसरे के परिवार की बहुत बड़ी ख़ुशी का कारण बनेगी। आप जो भारतीय सामान खरीदेंगे, उसका सीधा फ़ायदा, हमारे श्रमिकों, कामगारों, शिल्पकारों और अन्य विश्वकर्मा भाई-बहनों को मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजकल तो बहुत सारे स्टार्टअप भी स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दे रहे हैं।

## अमेरिका में रिकॉर्ड तोड़ महंगाई, बाजार की उथल-पुथल के बीच टेकियों के वेतन में गिरावट



**सैन फ्रांसिस्को,** 24 सितंबर (एजेंसियां)। एक साल की रिकॉर्ड तोड़ महंगाई और बाजार की उथल-पुथल के बीच अमेरिका में स्थानीय टेकियों में तीन एक साल पहले की तुलना में तीन प्रतिशत की बड़ी गिरावट देखी गई है। एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें पूरी तरह ऑफिस जाने वालों के साथ हाइब्रिड मोड में काम करने वाले लोग शामिल हैं। एआई आधारित बाजार हायर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में टेकियों का औसत वेतन 1,61,000 डॉलर से घटकर 1,56,000 डॉलर रह गया है। मुद्रास्फीति के लिए समायोजन करने पर यह आंकड़ा 2022 में 1,41,000 डॉलर था जो नौ फीसदी घटकर 2023 के मध्य में 1,29,000 डॉलर पर आ गया। यह पिछले पांच साल में सबसे कम है। इसके विपरीत, ब्रिटेन में टेकियों का वेतन साल-दर-साल चार प्रतिशत बढ़ा है। यह 82,000 पाउंड से बढ़कर 86,000 पाउंड हो गया है। आर्थिक अस्थिरता के बावजूद, अमेरिका और ब्रिटेन में नौकरी चाहने वालों ने अपनी वेतन उम्मीद 1,46,000 डॉलर और 82,000 पाउंड प्रति वर्ष बनाए रखी है। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, ये आंकड़े उतने प्रभावशाली नहीं हो सकते हैं जितना उम्मीदवार मौजूदा बाजार स्थितियों को ध्यान में रखते समय उम्मीद करेंगे। जनरेटिव एआई के बढ़ने और कॉर्पोरेट बजट को सख्त करने के बीच, जूनियर टैलेंट (चार साल से कम अनुभव वाले) ने वेतन में सबसे महत्वपूर्ण कमी का अनुभव किया है। साल-दर-साल उनका वेतन लगभग पांच प्रतिशत घटा है। टेक हायरिंग प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की गई भूमिकाओं के साथ ऐसी भूमिकाओं की मांग 2019 में 45 प्रतिशत से कम होकर 2023 की पहली छमाही में 25 प्रतिशत रह गई। हायर्ड के सीईओ जोश ब्रेनर ने कहा, पिछले साल की तुलना में हम तकनीकी कर्मचारी और नियोक्ता प्राथमिकताओं में एक बड़ा बदलाव देख रहे हैं। हमारे प्लेटफॉर्म पर अनुभवी तकनीकी प्रतिभा की बढ़ती मांग और नियोक्ताओं की एआई टूल्स पर बढ़ती निर्भरता लगातार बढ़ते कौशल अंतर की ओर इशारा करती है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 86.7 करोड़ डॉलर कम होकर 593.04 अरब डॉलर पर



**मुंबई** 24 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 15 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 86.7 करोड़ डॉलर कम होकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 593.04 अरब डॉलर रह गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.9 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 15 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 51.1 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 525.9 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 38.4 करोड़ डॉलर कम होकर 44 अरब डॉलर पर आ गया।

वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 3.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.09 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 40 लाख डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर रह गई।

## खाद्य तेलों में गिरावट, अन्य जिंसों में मिला जुला रुख



**नई दिल्ली,** 24 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव गिर गये वहीं अन्य जिंसों में मिलाजुला रुख रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा सप्ताहांत पर 48 रिंगिट फिसलकर 3642 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.27 सेंट की गिरावट लेकर 58.49 सेंट प्रति पौंड पर पहुंच गया। सप्ताहांत पर मूंगफली तेल 220 रुपये, सूरजमुखी तेल 293 रुपये और वनस्पति तेल 267 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया जबकि सरसों तेल में 220 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर टिके रहे।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13040 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20512 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12820 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11721 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8866 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। सप्ताहांत पर मसूर दाल 350 रुपये, मूंग दाल 100 रुपये, उड़द दाल 400 रुपये और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती रही। वहीं चना और दाल चना में टिकाव रहा।

सप्ताहांत पर चना 6450-6550, दाल चना 7450-7550, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10400-10500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। साप्ताहांत पर गेहूं 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि चावल 100 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** बीते सप्ताह मीठे के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान गुड़ 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## वैश्विक रुख का बाजार पर रहेगा असर



**मुंबई** 24 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के कमजोर रुझान के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली से बीते सप्ताह ढाई प्रतिशत से अधिक की गिरावट देख चुके घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का निवेश प्रवाह, डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1829.48 अंक अर्थात् 2.7 प्रतिशत का गोता लगकार सप्ताहांत पर 66009.15 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 518.1 अंक यानी 2.6 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19674.25 अंक रह गया।

इसी तरह समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों पर भी बिकवाली का भारी दबाव रहा। इससे बीएसई का मिडकैप 556.61 अंक टूटकर सप्ताहांत पर 31948.76 अंक और स्मॉलकैप 771.08 अंक लढ़ककर 37057.48 अंक पर आ गया।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की मौद्रिक नीति पर बीते सप्ताह हुई बैठक में ऊंची ब्याज दरों का लंबे समय तक कायम रहने का संकेत दिया गया है। इससे निराश निवेशकों ने बीते सप्ताह बिकवाली की है और इसका असर अगले सप्ताह भी बाजार पर देखा जा सकेगा।

इसके अलावा दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति और विश्व बाजार में कच्चे तेल की कीमतों की अगले सप्ताह शेयर बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। साथ ही एफआईआई के निवेश रुख का भी बाजार पर असर रहेगा। एफआईआई ने सितंबर में अबतक 18,261.39 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। वहीं आलोच्य अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशक 12,169.37 करोड़ रुपये के लिवाल रहे हैं, जिससे बाजार को बल मिला है।

बीते सप्ताह मंगलवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन की कारोबार हुआ। बाजार में चारो दिन गिरावट का रुख रहा। अमेरिका, ब्रिटेन, नॉर्वे, स्वीडन, स्विटजरलैंड और जापान में केंद्रीय बैंक की बैठकों से भरे इस सप्ताह से पहले विकास संबंधी चिंताओं को लेकर विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, आईटी, रियल्टी और टेक समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 241.79 अंक की गिरावट लेकर 67596.84 अंक और निफ्टी 59.05 अंक टूटकर 20133.30 अंक पर आ गया।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को लेकर चल रही बैठक का निर्णय आने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी बैंक समेत 23 कंपनियों में चार प्रतिशत तक की गिरावट से बुधवार को सेंसेक्स 796 अंक का गोता लगाकर 66800.84 अंक और निफ्टी 231.90 अंक लुढ़ककर 19901.40 अंक पर रहा।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के लंबे समय तक ब्याज की दर ऊंची बने रहने के संकेत से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर चौतरफा बिकवाली करने से गुरुवार को सेंसेक्स 570.60 अंक का गोता लगाकर 66230.24 अंक और निफ्टी 159.05 अंक की गिरावट लेकर 19742.35 अंक पर आ गया। इसी तरह वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, कमोडिटीज, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी समेत चौदह समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 221.09 अंक लुढ़ककर 66009.15 अंक और निफ्टी 68.10 अंक उतरकर 19674.25 अंक रह गया।

## काम-धंधे में आसानी के लिए सरकार प्रतिबद्ध : गोयल



नई दिल्ली, 24 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत में कारोबार शुरू करने तथा चलाने के लिए काम-धंधे में आसानी बढ़ने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। श्री गोयल के पास उपभोक्ता, खाद्य आपूर्ति और कपड़ा मंत्रालय का भी प्रभार है।

श्री गोयल ने यहां उद्यमिता पर एक कार्यक्रम में स्टार्टअप इंडिया पहल की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि 2016 में भारत में 450 स्टार्टअप थे, जो बढ़कर आज एक लाख से अधिक हो गए हैं, जिससे भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है।

उन्होंने कहा कि जी20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान वैश्विक स्तर पर देश की साख का जिक्र करते हुए कहा कि इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में किए गए विकास को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का अवसर मिला।

उन्होंने भारतीय युवाओं की महत्वाकांक्षी प्रकृति को स्वीकार किया, जो तेज विकास के लिए उत्सुक है। उन्होंने 'अमृत काल' में भारत के विकास की नींव के रूप में देश के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। भारत की औसत आयु 30 वर्ष से कम होने और जनसांख्यिकीय लाभांश अगले तीन दशकों तक जारी रहने के साथ, उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकास हासिल करेगी।

## एलन मस्क की बायोग्राफी की जबरदस्त बिक्री, अरबपति ने कहा कूल!

**सैन फ्रांसिस्को,** 24 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी लेखक-पत्रकार वॉल्टर आईजैकसन लिखित एलन मस्क की बायोग्राफी के लॉन्च के एक सप्ताह के भीतर इसकी 92,560 प्रतियां बिक चुकी हैं। पुस्तक ट्रैकर सर्काना बुकस्कैन द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, टेस्ला के संस्थापक और एक्स (पूर्व में ट्विटर) की जीवनी की बिक्री के आंकड़ों में 16 सितंबर तक बेची गई प्रिंट प्रतियां शामिल हैं। पुस्तक का शीर्षक एलोन मस्क रखा गया है। मस्क ने रविवार को बम्पर बिक्री के आंकड़ों पर पोस्ट किया : कूल, हालांकि मेरे चेहरे की इतनी सारी क्लोज-अप तस्वीरें देखना थोड़ा अजीब है। एलन मस्क की जीवनी प्रकाशन के पहले सप्ताह में दूसरी सबसे ज्यादा बिकने वाली बायोग्राफी बन गई है। आईजैकसन द्वारा 2011 में दिवंगत एप्पल के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स की जीवनी की लगभग 383,000 प्रतियां पहले सप्ताह में बिकी थीं। यह 5 अक्टूबर 2011 को जॉब्स की मृत्यु के कुछ ही सप्ताह बाद प्रकाशित हुई थी। पुस्तक के प्रकाशक, साइमन एंड शूस्टर के अनुसार, आईजैकसन ने दो साल तक मस्क का अनुसरण किया, उनकी बैठकों में भाग लिया, उनके साथ उनके कारखानों में गये, और उनका, उनके परिवार, दोस्तों, सहकर्मियों और विरोधियों का साक्षात्कार लेने में घंटों बिताए। उन्होंने आइंस्टीन और बेंजामिन फ्रैंकलिन की सबसे ज्यादा बिकने वाली जीवनियां भी लिखी हैं।

## भारत में पोकेमॉन गो गेम के यूजर्स 3 साल में 10 गुना बढ़ाने का लक्ष्य : नियांटिक



**नई दिल्ली,** 24 सितंबर (एजेंसियां)। भारत में स्मार्टफोन यूजर्स की बढ़ती संख्या (अब तक 650 मिलियन से अधिक) के साथ-साथ मोबाइल गेमिंग का इस्तेमाल भी बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इस कड़ी में पॉपुलर पोकेमॉन गो गेम के डेवलपर, अमेरिका स्थित नियांटिक के टॉप एग्जीक्यूटिव ने रविवार को कहा कि कंपनी का लक्ष्य अगले तीन सालों में देश में यूजर बेस को 10 गुना बढ़ाते हुए भारत को ग्लोबल लेवल पर टॉप 5 मार्केट में शामिल करना है। नियांटिक के उपाध्यक्ष उमर टेललेज ने देश में ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर)-बेस्ड पोकेमॉन गो को ज्यादा यूजर्स तक कैसे ले जाया जाए, इस पर आईएएनएस के साथ बात की। टेललेज ने कहा, मेरा उद्देश्य यूजर्स की संख्या को 10 गुना बढ़ाना है। लोकल बीट्स के डेवलपमेंट, मेप्स की बेहतर कवरेज, बेटर प्राइसिंग बंडल और कम्युनिटी के साथ मजबूत रिलेशनशिप के साथ, हम अगले तीन सालों में भारत को ग्लोबल लेवल पर टॉप 5 मार्केट्स में गिनेंगे। पोकेमॉन कंपनी (टीपीसी), गेम डेवलपर नियांटिक के साथ, इस महीने पॉपुलर गेम पोकेमॉन गो को हिंदी में लेकर आई और भारतीय बाजार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए 800 से ज्यादा पोकेमॉन का हिंदी में नाम बदला। भारत में बीजीएमआई और कॉल ऑफ ड्यूटी (सीओडी) जैसे खेलों से प्रतिस्पर्धा पर, टेललेज ने कहा कि ज्यादा भाषाएं होने, सांस्कृतिक, प्रासंगिक तत्वों में गहराई से जाने और मनोरंजन गेम को आपस में जोड़ने, लाइव इवेंट्स करने, भारत में प्लेयर्स के लिए स्पेशल प्राइसिंग रखने से निश्चित रूप से देश में गेम को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत सहित ग्लोबल लेवल पर गेमिंग डेवलपर्स के लिए नियांटिक लाइटशिप नामक एक प्लेटफॉर्म प्रदान करता है।

एग्जीक्यूटिव ने कहा, भारत में हमने पिछले दो सालों में डिवाइस में रिफ्रेशमेंट और रिप्लेसमेंट देखे हैं। हमारी एआर टेक्नोलॉजी भारतीयों द्वारा उपयोग के लिए तैयार है और हम उत्साहित हैं कि लाइटशिप को भारतीय डेवलपर्स द्वारा अपनाया गया है। कंपनी के पास अब भारत में भी एक टीम है, जो पहले उनके पास नहीं थी। इसमें लगभग 13 लोगों की एक टीम है जो मार्केटिंग, बिजनेस डेवलपमेंट और ऑपरेशन्स साइड्स पर काम करती है। टेललेज ने कहा कि 1 बिलियन से ज्यादा डाउनलोड के साथ पोकेमॉन गो हिस्ट्री में सबसे ज्यादा डाउनलोड किया जाने वाला गेम है। उन्होंने कहा, ऐप एनी, या डेटा एआई, हमें ग्लोबल लेवल पर लगभग 17 मिलियन मंथली एक्टिव यूजर्स देता है। कंपनी अब जल्द ही भारत में गेमर्स के लिए एक ईस्पोर्ट्स टूर्नामेंट या पीवीपी (प्लेयर वर्सेस प्लेयर) ऑर्गेनाइज करने की उम्मीद कर रही है। कंपनी ने कहा कि वह रिजनल क्वालीफायर की मेजबानी के लिए अपने कुछ पार्टनर्स के साथ भी सहयोग करेगी, जिससे फाइनल कम्पीटिशन होगा।

## सार संक्षेप

### पाकिस्तान की साप्ताहिक मुद्रास्फीति 38.66 फीसदी बढ़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो (पीबीएस) ने शनिवार बताया कि पाकिस्तान की साप्ताहिक मुद्रास्फीति साल-दर-साल आधार पर 38.66 फीसदी बढ़ गई है, जिसका मुख्य कारण पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वृद्धि है। पीबीएस डेटा के अनुसार, 21 सितंबर को समाप्त सप्ताह के लिए सेंसिटिव प्राइस इंडिकेटर आधारित मुद्रास्फीति पिछले सप्ताह की तुलना में 0.93 प्रतिशत बढ़ गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, पीबीएस ने कहा कि इंडिकेटर में देश के 17 शहरों के 50 बाजारों से एकत्र की गई 51 आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं। आंकड़ों से पता चलता है कि सप्ताह के दौरान, 51 वस्तुओं में से 22 वस्तुओं की कीमतें बढ़ीं, 11 वस्तुओं की कीमत में कमी आई और 18 वस्तुओं की कीमत स्थिर रही। पीबीएस ने कहा कि पिछले सप्ताह के दौरान चिकन, प्याज, लहसुन, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई। जबकि चीनी, केला, टमाटर, गेहूं का आटा, खाना पकाने का तेल और चाय की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

### चीन के पहले बड़े पैमाने वाले शेल गैस क्षेत्र का गैस उत्पादन 60 अरब क्यूबिक मीटर से अधिक

**बीजिंग।** सिनोपेक फुलिंग शेल गैस क्षेत्र से मिली खबर के अनुसार जैसे ही चीन के पहले बड़े पैमाने के शेल गैस क्षेत्र को व्यावसायिक विकास में लगाया गया, संचयी गैस उत्पादन 60 अरब क्यूबिक मीटर से अधिक हो गया है। फुलिंग शेल गैस क्षेत्र छोंगछिंग शहर के फुलिंग, नानछुआन, वुलॉन्ग,जोंगश्येन, लियांगपिंग, फंगतू आदि जिलों और काउंटी में वितरित किए जाते हैं। इसका निर्माण दिसंबर 2012 में शुरू हुआ और मार्च 2014 में इसे वाणिज्यिक विकास में लाया जा चुका है। यह स.ान से पूर्व चीन तक गैस पाइपलाइन के लिए महत्वपूर्ण गैस स्रोतों में से एक है। अब तक, गैस क्षेत्र का संचयी भंडार लगभग 900 अरब क्यूबिक मीटर है, और शेल गैस का दैनिक उत्पादन लगभग 230 लाख क्यूबिक मीटर है। गैस क्षेत्र के विकास और निर्माण के बाद से, कुशल शेल गैस विकास के लिए छह मुख्य प्रौद्योगिकियों का गठन किया गया हैः शेल गैस भूविज्ञान का व्यापक मूल्यांकन, विकास डिजाइन और अनुकूलन, क्षैतिज कुएं समूहों की इष्टतम और तेज़ ड्रिलिंग, लंबे क्षैतिज कुओं की कुशल फ्रैक्चरिंग, गैस उत्पादन तकनीक और हरित विकास का मिलान। साथ ही, संपूर्ण उद्योग श्रृंखला के फायदों से लाभ उठाकर सभी प्रमुख उपकरणों का स्थानीयकरण हासिल किया गया है। फुलिंग शेल गैस क्षेत्र चीन के शेल गैस उद्योग के उच्च गुणवत्ता वाले विकास का दृढ़ता से समर्थन करता है और यांग्त्ज़ी नदी आर्थिक बेल्ट में शामिल 70 से अधिक शहरों को हरित और स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करता है।

# खेल जगत

## साइना नेहवाल ने हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023 की शुरुआत की

**गुरुग्राम,** 24 सितंबर (एजेंसियां)। प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने रविवार को देश के अग्रणी ब्रेड ब्रांड हार्वेस्ट गोल्ड 'हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023' की शुरुआत की। आज यहां ग्लोबल रेस 2023 वैश्विक स्तर पर आयोजित आठवें संस्करण के अवसर पर इस पहल के तहत रॉबिन हुड आर्मी की मदद से ब्रेड स्लाइस दान किए। 'हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023' का उद्देश्य लोगों को देश में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करने वाले एक प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करती है। इस वर्ष, 3,000 व्यक्तियों ने दौड़ में भाग लिया, जिससे हार्वेस्ट गोल्ड द्वारा रॉबिन हुड आर्मी को 60 हजार से अधिक स्लाइस ब्रेड दान किए गए। कंपनी ने इसी के तहत लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से साइना नेहवान को अपना रेस एंबेसडर बनाया है।



# हांगझोउ में भारतीय नाविकों ने दो रजत और एक कांस्य पदक जीता

**हांगझोउ,** 24 सितंबर (एजेंसियां)। कुछ महीने पहले भारतीय नाविक अरविंद सिंह को यकीन नहीं था कि वह पीठ के निचले हिस्से में गंभीर चोट के कारण हांगझोउ में एशियाई खेलों में भाग ले पाएंगे या नहीं, जिससे उनकी प्रगति में बाधा उत्पन्न होने का खतरा था। लेकिन उसके बाद अरविन्द और उनके साथी अर्जुन लाल जाट ने टोक्यो ओलंपिक में सेमीफाइनल में पहुंचकर दुनिया को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था।

लेकिन भारतीय सेना से जुड़े एक फिजियो के साथ एक महीने के लंबे सत्र ने उन्हें ठीक होने में मदद की और रविवार को उन्होंने और अर्जुन लाल जाट ने लाइटवेट पुरुष डबल स्कल्स में रजत पदक जीता, जो हांगझोउ एशियाई खेलों में रोइंग में भारत का पहला पदक था। भारतीय रोइंग के लिए इसे एक यादगार दिन बनाने वाली बात यह थी कि पुरुषों के कॉक्सड आठ ने भी रजत पदक जीता, जबकि बाबू लाल यादव और लेख राम ने कांस्य पदक जीता, क्योंकि 19वें एशियाई खेलों में रोवर्स ने फूयांग वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर में रोइंग प्रतियोगिताओं में आखिरी से पहले वाले दिन तीन पदक जीतकर बड़ी धूम मचाई।



अरविंद सिंह और अर्जुन लाल जाट ने पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स स्पर्धा में भारत के लिए शुरुआत की, जब उन्होंने 6 मिनट 28.18 सेकंड के समय में कोर्स पूरा किया, और चीनी जोड़ी - जुंजे फैन और मैन सन से पीछे रहे, जिन्होंने 6:23.16 में फिनिश लाइन पार की। उज्बेकिस्तान के शाखजोद नूर्मातोव और सोबिरजोन सफारूमोव ने 6:32.47 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह की भारतीय जोड़ी 500 मीटर के निशान पर दूसरे स्थान पर रही, इसे उन्होंने 1:33.80 में पूरा किया और खुद को अग्रणी चीनी जोड़ी से केवल 0.70 सेकंड पीछे बनाए रखा।

1000 मीटर के निशान तक, चीनी जोड़ी ने बढ़त बना ली थी लेकिन भारतीयों ने उज्बेकिस्तान की जोड़ी से अपना अंतर बनाए रखा।

1500 मार्कर तक चीनियों ने अपनी बढ़त जारी रखी जबकि भारतीयों ने उज्बेकिस्तान के नाविकों को दूर रखते हुए अपना दूसरा स्थान बनाए रखा।

इस तरह उन्होंने फिनिश लाइन पार की और भारत ने रजत पदक के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

जब टीम ने रजत पदक जीता तो पुरुषों के कॉक्सड आठ के प्रदर्शन में और चमक आ गई।

जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनित कुमार, आशीष, नरेश कलवानिया, नीरज, नीतिश कुमार, चरणजीत सिंह और धनंजय पांडे की भारतीय टीम ने पुरुष कॉक्सड आठ में रजत पदक जीता, जबकि बाबू लाल यादव और लेख राम ने पुरुष जोड़ी में कांस्य पदक जीता। रविवार को हुए आयोजनों से उस दिन नौकायन में भारत के पदकों की संख्या तीन हो गई।

पुरुषों के कॉक्स्ड आठ में, भारत 5:43.01 के समय के साथ समाप्त हुआ, चीन से 5:40.17 से पीछे रहा और इंडोनेशिया से आगे रहा जो 5:45.51 के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

भारतीय आठ ने 500 मीटर 1:24.94 पर पूरा किया और चीनी खिलाड़ी से 2.18 सेकंड पीछे रहे। उन्होंने अगले 500 मीटर में अंतर बनाए रखा और 4:16.59 में 1500 मीटर का आंकड़ा पार करने पर अंतर को 2.20 सेकंड तक कम कर दिया। हालाँकि, चीनी जोड़ी ने फिनिश लाइन पर अंतर को 2.54 सेकंड तक बढ़ाने के लिए अंतिम जोर लगाया।

पुरुष जोड़ी में भारत के बाबू लाल यादव और लेख राम 6:50.14 के साथ तीसरे स्थान पर रहे। हांगकांग ने 6:44.20 के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उज्बेकिस्तान ने 6:48.41 के साथ रजत पदक जीता। भारतीयों ने उज्बेकिस्तान की जोड़ी को काफी करीब दौड़ाया, लेकिन अंत में वे करीब नहीं आ सके।

इसके साथ ही भारत ने रोइंग प्रतियोगिता में अंतिम दिन दो रजत और एक कांस्य के साथ समाप्त किया।

पुरुष डबल स्कल्स में भारत के सतनाम सिंह और परमिंदर सिंह 6:40.90 के समय के साथ फाइनल ए में छठे और अंतिम स्थान पर रहे। चीन ने 6:21.54 के साथ स्वर्ण, उज्बेकिस्तान ने 6:26.64 के साथ रजत और इंडोनेशिया ने 6:27.83 के साथ कांस्य पदक जीता।

महिलाओं के चार फ़ाइनल में, भारत की अश्वथी बाबू, मृण्मयी , प्रिया देवी और रुक्मणी 7:12.40 के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। भारतीयों ने रविवार को पांच फाइनल में जगह बनाई और उनमें से तीन में पदक जीते। प्रतियोगिता के अंतिम दिन सोमवार को भारतीय नाविक चार फाइनल में हिस्सा लेंगे।

## श्रीलंका ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया, फाइनल में होगा भारत से मुकाबला

**हांगझोउ** 24 सितंबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में महिला क्रिकेट टी-20 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में रविवार को श्रीलंका ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है जहां उसका मुकाबला सोमवार को पहले सेमीफाइनल की विजेता भारतीय टीम से होगा।



आज सुबह झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट मैदान में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 75 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की ओर से शवाल जुलफिका ने सर्वाधिक 16 रन बनाए। मुनीबा अली ने 13 रन का योगदान दिया और ओमाइमा सोहैल को 10 रन के निजी पर रनावीरा ने परेरा के हाथों कैच आउट कराया। इन तीन बल्लेबाजों के अलावा उसकी टीम का कोई भी बल्लेबाजी दहाई स्कोर नहीं बना सका।

श्रीलंका की ओर से उदेशिका प्रबोधनी ने 31 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिये। कविशा दिलहारी ने 15 रन देकर दो विकेट जबकि इनोशी प्रियदर्शिनी, अचिनी कुलासूर्या और इनोका रनावीरा को एक-एक विकेट मिला। श्रीलंका ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए केवल एक रन अतिरिक्त के रूप में दिया।

उसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम की ओपनर चमारी अटापट्टू और अनुष्का संजीवनी ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 17 रन जोड़े। श्रीलंका का पहला विकेट चमारी अटापट्टू (14) के रूप में गिरा। उसे सादिया इक़बाल ने डायना बेग के हाथों कैच आउट कराया। दूसरा विकेट अनुष्का संजीवनी (15)रन के रूप में गिरा, उसे डायना बेग ने नश्रा संधू के हाथों कैच आउट किया। हर्षिता समाराविक्रमा ने टीम के सर्वाधिक (23) रन बनाए और उसे चौथे विकेट के रूप में सिदरा अमीन ने रन आउट किया। इससे पहले विश्मी गुणारत्ना को उम्मे हानी ने मुनीबा अली के हाथों स्टंम आउट करा दिया। नीलाक्षी डिसिल्वा (18)रन और हसिनी परेरा (एक) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तानी गेंदबाजों ने छह रन अतिरिक्त के रूप में दिये।

श्रीलंका की टीम ने 16.3 ओवर में 77 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया।

## विश्व चैंपियन निखत ने पहले दौर में विश्व चैम्पियनशिप फाइनल प्रतिद्वंद्वी को हराया



**हांगझोउ,** 24 सितंबर (एजेंसियां)। भारत की दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन ने अपने पहले एशियाई खेलों में महिलाओं के 50 किलोग्राम भार वर्ग के राउंड 32 मुकाबले में रविवार को वियतनाम की थी तान गुयेन पर 5-0 अंकों की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। 2021 और 2023 में विश्व चैंपियनशिप और 2022 में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली निखत को वियतनामी मुक्केबाज से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद थी क्योंकि निखत ने इस साल मार्च में विश्व चैंपियनशिप फाइनल में उसी मुक्केबाज को हराया था। हालाँकि, भारतीय मुक्केबाज आक्रामक इरादे के साथ उतरी और गुयेन थी टैम, जो दो बार की एशियाई चैंपियन भी है, के खिलाफ मुकाबले पर हावी रही, और सभी पांच जजों के कार्ड पर मैच जीत लिया। निखत ने पहले राउंड में मुक्कों का एक कॉम्बो लगाया, जिससे रेफरी ने उनके प्रतिद्वंद्वी को आठ अंकों की गिनती दी। दोबारा शुरू होने के कुछ सेकंड के भीतर, निखत ने एक और मुक्का मारा और रेफरी को उसे आठ बार और काउंट देने के लिए मजबूर होना पड़ा। वियतनामी मुक्केबाज अपने दृष्टिकोण में निष्क्रिय थी और यहां तक कि पहले दौर में उसे चेतावनी और एक अंक की कटौती भी मिली। गुयेन ने दूसरे राउंड में वापसी करने की कोशिश की लेकिन निखत ने अच्छा बचाव किया और यह राउंड भी जीत लिया गया। दो राउंड हारने के बाद, वियतनामी मुक्केबाज के लिए एकमात्र मौका अपने भारतीय प्रतिद्वंद्वी को हराने की कोशिश करना था और उसने ऐसा करने की कोशिश की। हालाँकि, निखत त्वरित हरकत से उससे बचने में सफल रही और अंततः सभी पांच जजों से पूरे 30 अंक प्राप्त किए और तेलंगाना के निज़ामाबाद की 25 वर्षीय खिलाड़ी ने प्री-क्वार्टर फ़ाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए निखत का अगला मुकाबला 27 सितंबर को दक्षिण कोरिया की चोरोंग बाक से होगा। कोरियाई खिलाड़ी ड्रा में दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी है और उसे पहले दौर में बाई मिली थी। इससे पहले महिलाओं के 54 किलोग्राम भार वर्ग में भारत की प्रीति ने जॉर्डन की सिलिना अलहसनात को हराया जब रेफरी ने तीसरे दौर में 0.23 सेकंड से पहले ही मुकाबला रोक दिया। उस समय तक, प्रीति ने मैच पर पूरी तरह से अपना दबदबा बना लिया था और सभी पांच जजों की स्वीकृति हासिल कर ली थी। प्रीति का अगला मुकाबला तीन बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता शीर्ष वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान की ज़ैना शेकेरबेकोवा से होगा। वह मुकाबला 30 सितंबर को होगा।

# भारत की महिला क्रिकेट टीम एशियाई खेलों के फाइनल में

- भारत ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश को दी आठ विकेट से शिकस्त
- भारत फाइनल में श्रीलंका से भिड़ेगा , श्रीलंका ने पाक को 6 विकेट से हराया

नई दिल्ली, 24 सितंबर (देशबन्धु)। किस्मत से मिले मौके को भुनाते हुए तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकार (4/17) बांग्लादेश को हांगज़ू एशियाई खेलों के महिला क्रिकेट स्पर्द्धा के पहले सेमीफाइनल में मात्र 51 रन पर ढेर कर भारत की रविवार को आठ विकेट से जीत की नायिका बन गई। भारत की महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में स्थान बनाने के साथ उसका एशियाई खेलों में कम से कम रजत पदक तो पक्का कर ही दिया।

असल अंजली सरवानी को भारतीय महिला क्रिकेट के हांगज़ू रवाना होने से ठीक एक दिन पहले चोट लग गई और एशियाई खेलों से बाहर हो गई और उनकी जगह पूजा वस्त्रकार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम में जगह मिल गई। भारत की महिला क्रिकेट टीम ने अपनी नियमित कप्तान हरमनप्रीत पर दो मैच का प्रतिबंध लगने के कारण उपलब्ध न होने पर उपकप्तान स्मृति मंधाना की कप्तानी भारतीय टीम के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन कर जीत के साथ फाइनल में स्थान बनाया। बांग्लादेश के खिलाफ वन डे सीरीज में ही हरमनप्रीत कौर के वहां अंपायरिंग पर टिप्पणी करने के कारण दो मैच का बैन लगा था। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि अब फाइनल के लिए उसे उसकी कप्तान हरमनप्रीत कौर उपलब्ध होंगी। भारत फाइनल में श्रीलंका से भिड़ेगा। श्रीलंका ने दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को छह विकेट से शिकस्त दी। बाएं हाथ की तेज गेंदबाज उदिष्का प्रबोधिनी (3/21) और आफ स्पिनर कविशा दिलहारी (2/15) के मिलकर पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी की दावत देकर उसे 20 ओवर में 9 विकेट पर 75 रन पर रोक दिया। हर्षिता समरविक्रमा (23 रन, 41 गेंद, एक चौका) और नीलाक्षी डिसिल्वा (नॉटआउट 18 रन,23 गेंद, एक छक्का) की उपयोगी पारियों की बदौलत श्रीलंका ने 16.3 ओवर में चार विकेट पर 77 रन बनाकर सेमीफाइनल जीत लिया।



पूजा वस्त्रकार की टी 20 करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादशे को मात्र 17.2 ओवर में 51 रन पर समेटने के बाद सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा (17 रन, 21 गेंद, दो चौके) और जेमिमा रॉड्रिग्ज(अविजित 20 रन, 15 गेंद, तीन चौके) की उपयोगी पारियों की बदौलत भारत ने मात्र 8.2 ओवर में दो विकेट पर 52 रन बनाकर सेमीफाइनल जीत लिया। सलामी बल्लेबाज कप्तान स्मृति मंधाना (7 रन, 12 गेंद, एक चौका) बांग्लादेश की तेज गेंदबाज मारूफा अख्तर को लेग साइड पर खेलने की कोशिश में शमीमा सुल्ताना को पाइंट पर कच थमा बैठी और भारत ने पहला विकेट पारी के चौथे ओवर में 19 रन पर खो दिया। शैफाली वर्मा ने लेग स्पिनर फहीमा खातून की ऑफ स्टंप पर गिर तेजी से भीतर घूमी गेंद को खड़े खड़े खेलने के फेर में पारी के आठवें ओवर में बोल्ड होकर लौट गई और भारत ने दूसरा विकेट 40 रन पर खो दिया। जेमिमा ने कनिका आहूजा (अविजित 1) के साथ मिलकर भारत के स्कोर को 11.4 ओवर के बाकी रहते आठ विकेट से जीत दिला दी।

पूजा वस्त्रकार ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की सलामी बल्लेबाज शती रानी(0) को अपनी और मैच की पहली गेंद पर विकेटकीपर ऋचा घोष (0) के हाथों कैच कराने के बाद इसी ओवर की अंतिम पूर्व गेंद दूसरी सलामी बल्लेबाज शमीमा सुल्ताना (0) को एलबीडब्ल्यू आउट कर बिना कोई रन दे दो विकेट चटका कर उसकी पारी ऐसी बिखेरी वह संभल ही नहीं पाया। पूजा वस्त्रकार को अपने अगले ही ओवदमें तीसरा विकेट भी मिल जाता लेकिन भारत की कप्तान स्मृति मंधाना ने शोभना मोस्त्रे का कैच टपका दिया। भारत को शोभना का यह कैच टपकाना ज्यादा महंगा नहीं पड़ा क्योंकि पूजा वस्त्रकर के तीसरे ओवर में शोभना (8, 1 चौका, 16 गेंद) उनकी गेंद को ड्राइव करने के फेर में स्मृति को कैच टपका बैठी। भारत के लिए अपने वन डे अंतर्राष्ट्रीय करियर का आगाज करने वाली टाइटस साधू ने अपने क्रीज के कोने से कोण बनाती गेंद पर शोरना अख्तर (0) को बोल्ड कर बांग्लादेश का स्कोर चार विकेट पर 21 रन कर दिया। इस पिच पर शॉट खेलना आसान नहीं और इस पर गेंद के उछाल को भी बांग्लादेश की बल्लेबाज समझ नहीं पा रही थी। भारतीय महिला टीम की गेंदबाजी तो धारदार रही ही उसकी फील्डिंग भी बेहद चुस्त रही। बांग्लादेश की कप्तान और उसकी ओर से सबसे ज्यादा रन बनानी वाली कप्तान निगार सुल्ताना (12 रन,17 गेंद, एक चौका) ने लेग स्पिनर देविका वैद्य की गेंद को ऑफ साइड पर रक्षात्मक ढंग से खेलने के लिए एक रन दौड़ने की कोशिश की लेकिन देविका ने खुद तेजी से गेंद पकड़ अचूक थ्रो से स्टंप बिखेर कर उन्हें रन कर दिया और बांग्लादेश ने 7.3 ओवर पांच विकेट मात्र 25 रन पर गंवा दिए थे। दो गेंद बाद ऋतु मोनी ने कणिका की गेंद को हल्के से खेल कर एक रन लेने की कोशिश की लेकिन कनिका ने सीधे थ्रो से फहीमा खातून(0) को रनआउट कर दिया और बांग्लादेश का स्कोर छह विकेट पर 25 रन ही हो गया। राबया खान(3) को अमनजोत कौर ने बोल्ड किया और ऋतु मोनी(8) को पूजा वस्त्रकार ने बोल्ड कर अपना चौथा विकेट चटका बांग्लादेश का स्कोर आठ विकेट पर39 रन कर दिया, नाहिदा अख्तर (नाटआउट 9) और मोनी ने किसी तरह घिसटते हुए बांग्लादेश को 50 रन के पार पहुंचाने में मदद की। सुल्ताना खातून(3)को देविका वैद्य ने विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों स्टंप कराया और लेफ्ट आर्म स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ ने मारूफा अख्तर0) को बोल्ड कर बांग्लादेश की पूरी पारी 17.5 ओवर में 51 रन पर ढेर कर दी।

## सार संक्षेप

### सिराज इस समय दुनिया के किसी भी खिलाड़ी जितना अच्छा हैः आरोन फिंच

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के साथ 2015 पुरुष वनडे विश्व कप जीतने वाले आरोन फिंच को लगता है कि ट्रेंट बोल्ट, मिशेल स्टार्क और कैगिसो रबाडा के साथ भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज आगामी विश्व कप में प्रमुख गेंदबाज होंगे। 5 अक्टूबर से 50 ओवर का मेगा इवेंट शुरू हो रहा है। सिराज ने हाल ही में कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में एशिया कप फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ 6-21 की सनसनीखेज गेंदबाजी के बाद आईसीसी पुरुष एकदिवसीय खिलाड़ी रैंकिंग में गेंदबाजों के बीच नंबर एक स्थान फिर से हासिल कर लिया। फिंच ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, ठीक है, जिस कारण से मैंने संन्यास लिया - भुवी (भुवनेश्वर कुमार) - वह वही है जिससे मैंने हमेशा बचने की कोशिश की, लेकिन हम दोनों में से कोई भी अब नहीं खेल रहा है, इसलिए मुझे लगता है कि नई गेंद के गेंदबाज जो स्विंग कर सकते हैं, सभी के लिए खतरा हैं। ट्रेंट बोल्ट, मिशेल स्टार्क और रबाडा के बारे में सोचें, ये लोग, खासकर सिराज, वह इस समय दुनिया में किसी भी खिलाड़ी जितना अच्छा है। 2019 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी करने वाले फाफ डु प्लेसिस तेज गेंदबाजों के महत्वपूर्ण होने पर फिंच के विचार से सहमत थे। लेकिन उन्हें यह भी लगता है कि बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव विश्व कप के दौरान भारतीय पिचों पर घातक साबित होंगे। हाँ, मैं फिंच के समान हूँ। मुझे लगता है कि यह विकेट पर निर्भर करता है।% आप जानते हैं, अगर विकेट में कुछ है, तो सिराज जैसा कोई है जो गेंद को दोनों तरफ से थोड़ा-थोड़ा स्विंग कराता है, और वह पूरे समय ऑफ स्टंप की कोशिश करता है। इस तरह के लोग बेहद सफल होने वाले हैं।

### शुभमन गिल को विश्व क्रिकेट में अगली बड़ी चीज माना जा रहा हैः अभिषेक नायर

**इंदौर।** भारत के पूर्व क्रिकेटर अभिषेक नायर ने रविवार को यहां इंदौर में चल रहे दूसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बल्लेबाजी के लिए अपने बहुमुखी दृष्टिकोण के लिए शुभमन गिल की सराहना की। जियोसिनेमा पर बोलते हुए, अभिषेक गिल के दृष्टिकोण और सीमाएँ खोजने की क्षमता से बहुत प्रभावित दिखे, तेज गेंदबाजों के खिलाफ, उन्हें वह गति नहीं मिली जो वह चाहते थे इसलिए उन्होंने अपने पैरों का उपयोग करना शुरू कर दिया, यही कारण है कि शुभमन गिल को अगली बड़ी चीज माना जा रहा है। बड़ी बात यह है कि उसके पास ये बहुमुखी खेल हो सकते हैं। वह जब चाहे आगे बढ़ सकता है, अपना समय ले सकता है। वह बहुत ही शानदार है और उसमें काफी परिपक्वता दिखती है। श्रेयस अय्यर के साथ बल्लेबाजी करते हुए शुभमन ने 200 रनों की साझेदारी की, अय्यर अपना दूसरा वनडे शतक और चोट के बाद पहला शतक बनाकर आउट हुए।

# भारत की उज्बेकिस्तान पर बड़ी जीत में वरुण के चार गोल, ललित व मनदीप की हैट्रिक

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 24 सितंबर (देशबन्धु)। ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार (12 वें, 36 वें, 50 वें 52 वें मिनट)के हैट्रिक सहित चार, अनुभवी स्ट्राइकर ललित कुमार उपाध्याय (सातवें, 24 वें , 53 वें मिनट) और मनदीप सिंह (18 वें, 27 वें, 28 वें मिनट) की हैट्रिक तथा सुखजीत सिंह (37 वें व 42 वें मिनट) के दो गोल की बदौलत दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत ने कमजोर उज्बेकिस्तान पर पूल ए में 16-0 के बड़े अंतर से जीत के साथ रविवार को हांगज़ू (चीन) में एशियाई खेलों की पुरुष हॉकी स्पर्द्धा में अपना अभियान शुरु किया। भारत के नौजवान स्ट्राइकर अभिषेक, (17 वें मिनट), अमित रोहिदास (38 वें मिनट) , शमशेर सिंह (43 वें मिनट) तथा संजय (57 वें मिनट) ने भी एक गोल किया। भारत की जीत में अनुभवी स्ट्राइकर ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह व अभिषेक , सुखजीत व गुरजंट के लिए मध्यपंक्ति में उपकप्तान हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद के साथ नीलकांत शर्मा ने बराबर आगे अपने सभी स्ट्राइकरों के लिए गेंद बढ़ाकर उज्बेकिस्तान के किले को बराबर बिखेरा। आक्रामक भारत के सामने बराबर अपने किले की चौकसी पर मजबूर उज्बेकिस्तान के खिलाड़ियों के किले को बिखेरने के लिए हवा में स्कूप का चतुराई से इस्तेमाल किया। भारत ने अपने कप्तान और दुनिया के सबसे खतरनाक ड्रैग फ्लिकर में एक हरमनप्रीत सिंह को आराम दिया लेकिन उनकी गैरमौजूदगी का नौजवान ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार ने पूरा लाभ उठा कमजोर उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपना अभियान तीन पेनल्टी कॉर्नर सहित एक मैदानी गोल भी किया। ललित उपाध्याय को अनुभवी आकाशदीप सिंह और वरुण कुमार के जुगराज सिंह की जगह एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में शामिल किए जाने पर सवाल उठे थे। ललित और वरुण के साथ भारत की पहला मैच जीतने के बावजूद असली परीक्षा पूल ए में में आखिरी दो मैचों चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान (30 सितंबर) और बांग्लादेश (1 अक्टूबर ) के खिलाफ होनी है। भारत की आसान जीत के बावजूद उसे आगे की और मुश्किल चुनौती से बेहतर ढंग से निपटने के लिए पेनल्टी कॉर्नर का जरूर बेहतर उपयोग करने की जरूरत है।



अनुभवी स्ट्राइकर ललित उपाध्याय और मनदीप सिंह की अगुआई में भारत की अग्रिम पंक्ति ने आक्रामक अंदाज में आगाज कर सातवें मिनट में ललित के बेहतरीन मैदानी गोल से खाता खोलने के बाद गोल की एक झड़ी लगाई कि जिसके सामने उज्बेकिस्तान की चुनौती बह गई। वरुण कुमार ने पेनल्टी कॉर्नर पर बेहतरीन ड्रैग फ्लिक से पांच मिनट बाद गोल कर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। मंदीप सिंह ने बेहतरीन ड्रिब्लिंग की बानगी दिखा गेंद डी के भीतर अभिषेक (17वें मिनट) को दी और उन्होंने बहुत चतराई से गेंद को गोल में स्कोर 3-0 कर दिया अगले ही मनदीप सिंह ने उज्बेकिस्तान के गोलरक्षक दौलत को छका अपना पहला गोल किया और ललित उपाध्याय ने मैच के 24 वें मिनट में अपना दूसरा गोल कर तथा मनदीप ने हाफ टाइम से दो मिनट पहले दो मिनट के भीतर दो गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी कर भारत को 7-0 से आगे कर दिया था। वरुण ने तीसरा क्वॉर्टर शुरू होते ही पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर अपना दूसरा और ललित के पास पर सुखजीत सिंह ने अगले ही मिनट मैदानी गोल कर तथा अगले ही मिनट अमित रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर तेज ड्रैग फ्लिक से गोल कर भारत को 10-0 से आगे कर दिया। अभिषेक ने हवा में लंबे स्कूप पर गेंद को डी में संभाल सुचजीत की ओर सरकाया और उन्होंने चतुराई से गेंद को गोल मे मैच का अपना दूसरा गोलकर तथा अगले ही मिनट शमशेर ने बढ़िया मैदानी गोल कर भारत को 12-0से आगे कर दिया। ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के पांचवें व छठे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर मच का अपना तीसरा और चौथा गोल किए और भारत को 14-0 से आगे कर दिया। ललित उपाध्याय ने 53 वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की और नवोदित संजय ने खेल खत्म होने से तीन मिनट पहले पेनल्टी कॉर्नर पर एशियाई खेलों में अपना पहला गोल कर भारत को 16-0 से मैच जिता दिया।